राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# नवबिहार टाइम्स

• बोकारो, मंगलवार 13 अक्टूबर 2026 • वर्ष : 10 • अंक : 148 • पृष्ठ : 12 • मूल्य : 3.00 रु. • RNI No. : JHAHIN2017/72655 • बोकारो, पटना व औरंगाबाद से प्रकाशित


## तृतीय नवदुर्गा : माता चंद्रघंटा

वन्दे वांछित लाभाय चन्द्रार्धकृत शेखरम।
सिंहारूढा चंद्रघंटा यशस्वनीम।।



मां दुर्गा की तृतीय शक्ति का नाम चंद्रघंटा है। नवरात्रि विग्रह के तीसरे दिन इनकी पूजन किया जाता है। मां का यह स्वरूप शांतिदायक और कल्याणकारी है। इनके माथे पर घंटे के आकार का अर्धचंद्र है, इसीलिए इन्हें चंद्रघंटा कहा जाता है। इनका शरीर स्वर्ण के समान उज्ज्वल है। इनके दसों हाथों में खड्ग, बाण आदि शस्त्र सुशोभित रहते हैं। नवरात्र की तीसरे दिन की पूजा का अत्यधिक महत्व है।

## संक्षिप्त समाचार

### रिश्वत लेने के आरोपित को एक साल की सजा

**रांची(नबिटा ब्यूरो)।** सात रुपये रिश्वत लेने के मामले में आरोपी भानु प्रताप प्रसाद को एसीबी की विशेष कोर्ट ने एक साल की सजा सुनाई है। साथ ही पांच हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया है। जुर्माना नहीं भरने पर तीन माह की अतिरिक्त साधारण कारावास की सजा भुगतनी होगी। बता दें कि भानु प्रताप प्रसाद गुमला अंचल में कर्मचारी थे। 8 सितंबर 2002 को एसीबी ने 100 रुपये के 7 नोट के साथ गिरफ्तार किया था। वहीं जांच के दौरान भानु प्रताप प्रसाद के पॉकेट से 6500 रुपये भी बरामद किए गए थे।

### पथ निर्माण विभाग के तीन अभियंता निलंबित

**रांची(नबिटा ब्यूरो)।** पथ निर्माण विभाग ने जांच के बाद सड़क घोटाले के आरोप में तीन इंजीनियरों को निलंबत कर दिया है। जांच के दौरान दोषी पाये गये चौथे इंजीनियर के रिटायर होने की वजह से उसके खिलाफ पेंशन नियमावली के तहत कार्यवाही करने का फैसला किया है। मामला साहेबगंज जिले के पतना-हिरणपुर पथ में हुई गड़बड़ी से संबंधित है। निलंबित किये गये इंजीनियरों में अजय कुमार (कार्यपालक अभियंता साहेबगंज), रामजीवन पासवान (सहायक अभियंता राजमहल) और शत्रुघन प्रसाद राय (कनीय अभियंता राजमहल) का नाम शामिल है।

### हथियारों की खरीद-बिक्री करते युवक गिरफ्तार

**जमशेदपुर(नबिटा ब्यूरो)।** बिरसानगर थाना क्षेत्र में अवैध हथियारों की खरीद-बिक्री की सूचना पर पुलिस ने छापेमारी कर एक युवक को गिरफ्तार किया है। मौके से तीन विधि-विरुद्ध किशोरों को भी निरुद्ध किया गया है। पुलिस ने इनके पास से एक देसी पिस्टल, दो जिंदा गोली और दो टच स्क्रीन मोबाइल बरामद किए हैं। पुलिस ने गिरफ्तार युवक को जेल भेज दिया है जबकि तीनों किशोरों को बाल सुधार गृह भेजा गया है।

### मां ने खोला दरवाजा, फंदे से झूलता मिला बेटा

**हजारीबाग(नबिटा ब्यूरो)।** जिले के कटकमदाग थाना क्षेत्र के कूद वार्ड नंबर 24 में 23 वर्षीय युवक का शव किराए के मकान में फंदे से लटका मिला। मृतक की पहचान पदमा के सरैया निवासी अमर कुमार के रूप में हुई है। घटना के बाद परिवार में मातम छा गया। अमर पिछले चार महीने से अपने परिवार के साथ कूद में किराए के मकान में रह रहा था। थाना प्रभारी के अनुसार पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### लापता युवक का शव बरामद

**गिरिडीह(नबिटा ब्यूरो)।** जिले के बगोदर थाना क्षेत्र के दामा गांव में सोमवार को कुएं से एक युवक का शव मिला। मृतक की पहचान दामा गांव निवासी बलदेव रजक के पुत्र रंजीत रजक के रूप में हुई है। वह पिछले तीन दिनों से लापता थे।

## पहाड़ों के जल स्रोतों से खेतों तक पानी पहुंचाने की बनाएं योजना : हेमंत सोरेन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**रामगढ़।** दिवंगत शिबू सोरेन की पत्नी और मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की मां रूपी सोरेन को श्रद्धांजलि देने के लिए वन विभाग के सभी वरिष्ठ अधिकारी सोमवार को रामगढ़ जिले के गोला प्रखंड स्थित नेमरा गांव पहुंचे। वन विभाग के अधिकारियों ने दिवंगत रूपी सोरेन के चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। इस दौरान वन विभाग के अधिकारी पीसीसीएफ संजीव कुमार, पीसीसीएफ वाइल्डलाइफ रवि रंजन, पीसीसीएफ एड डॉ. एटी मिश्रा और डीएफओ नीतीश कुमार मौजूद थे। अधिकारियों ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से मुलाकात कर शोक संवेदना व्यक्त की। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने वन विभाग के अधिकारियों को पहाड़ों और जंगलों से निकलने वाले जल स्रोतों पर कार्य करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि नेमरा गांव के आसपास चारों ओर पहाड़ मौजूद हैं, जहां कई जल स्रोत भी हैं। बरसात के पानी और जल स्रोतों से निकलने वाले पानी को आसपास के खेतों तक पहुंचाने के लिए योजना बनाने का निर्देश दिया गया। पीसीसीएफ संजीव कुमार ने अपने पूर्व के अनुभवों को भी मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के समक्ष साझा किया। उन्होंने पूर्व में कई जंगलों के जल स्रोतों को केंद्रित करके पानी संचय के लिए किये गये कार्यों की जानकारी मुख्यमंत्री को दी। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने पीसीसीएफ संजीव कुमार को आसपास के जंगलों और पहाड़ों का भी भ्रमण कराया। सभी स्थलों का निरीक्षण करने के बाद कार्ययोजना को शीघ्र धरातल पर उतारने का निर्देश दिया।



## हादसे में एक ही परिवार के तीन लोगों की मौत

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**रामगढ़।** रांची-पटना मुख्य मार्ग पर चुटूपालू घाटी में रविवार देर रात भीषण सड़क हादसा हुआ। रामगढ़-रांची लेन में एक कंटेनर ने बलेनो कार को टक्कर मार दी। हादसे में कार सवार एक ही परिवार के तीन लोगों की मौत हो गई जबकि दो लोग घायल हो गए। मृतकों में 70 वर्षीय पिमांशु चक्रवर्ती, 35 वर्षीय प्रियांशु चक्रवर्ती और 32 वर्षीय प्रोनाई चक्रवर्ती शामिल हैं। घायलों में 60 वर्षीय रीना चक्रवर्ती और कार चालक राजू कुमार हैं। सभी रांची से हजारीबाग लौट रहे थे। पूरा परिवार हजारीबाग में ही रहता है। हादसे में कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। टक्कर के बाद कंटेनर भी सड़क के बीच पलट गया। इससे घाटी में आवागमन बाधित हो गया। दुर्घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। आसपास मौजूद लोगों ने मदद की कोशिश की। सूचना मिलने पर पुलिस और एनएचएआई की टीम मौके पर पहुंची। हादसे के बाद कार में फंसे लोगों को बाहर निकालने के लिए राहत कार्य चलाया गया। पुलिस और एनएचएआई की टीम ने मौके पर पहुंचकर फंसे लोगों को बाहर निकाला। दुर्घटना में घायल रीना चक्रवर्ती और चालक राजू कुमार को इलाज के लिए रामगढ़ सदर अस्पताल पहुंचाया गया जहां दोनों का इलाज चल रहा है। हादसे की गंभीरता का अंदाजा कार की हालत से लगाया जा सकता है। टक्कर के बाद कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई थी। वहीं कंटेनर सड़क के बीच पलट गया था। इससे घाटी में वाहनों की आवाजाही प्रभावित हुई। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर राहत और यातायात व्यवस्था संभाली। घायल रीना चक्रवर्ती ने बताया कि परिवार रांची से हजारीबाग जा रहा था। इसी दौरान चुटूपालू घाटी में कंटेनर ने उनकी कार को चपेट में ले लिया।

## एम्बुलेंस कर्मचारी संघ ने चलाया राज्यव्यापी भिक्षाटन कार्यक्रम

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**रांची।** लंबित वेतन, मनमानी कटौती और बर्खास्त कर्मचारियों की बहाली समेत विभिन्न मांगों को लेकर झारखंड प्रदेश एम्बुलेंस कर्मचारी संघ ने सोमवार को राज्यव्यापी भिक्षाटन कार्यक्रम चलाया। भारतीय मजदूर संघ से संबद्ध संघ के आह्वान पर रांची सदर अस्पताल सहित राज्य के विभिन्न स्थानों पर 108 एम्बुलेंस कर्मियों ने भिक्षाटन कर सरकार का ध्यान अपनी समस्याओं की ओर आकर्षित किया। कर्मचारियों का चरणबद्ध आंदोलन सातवें दिन भी जारी रहा। संघ के प्रदेश महामंत्री सह रांची जिला अध्यक्ष सूरज साहू ने कहा कि कर्मचारियों का वेतन जुलाई 2026 से लंबित है। इसके अलावा, वेतन में मनमानी कटौती, एम्बुलेंस की समय पर मरम्मत नहीं होने और सेवा से हटाए गए कर्मचारियों की बहाली नहीं किए जाने के कारण कर्मियों को आर्थिक संकट का सामना करना पड़ रहा है। संघ की प्रमुख मांगों में 108 एम्बुलेंस सेवा का संचालन जिला स्तर पर सिविल सर्जन के माध्यम से कराने, बर्खास्त कर्मचारियों को पुनः बहाल करने तथा कर्मचारियों को सभी श्रमिक और वैधानिक अधिकार उपलब्ध कराने की मांग शामिल है। सूरज साहू ने बताया कि 16 सितंबर 2026 को स्वास्थ्य मंत्री डॉ. इरफान अंसारी की अध्यक्षता में हुई बैठक में 15 से 20 दिनों के भीतर समस्याओं के समाधान का आश्वासन दिया गया था। हालांकि निर्धारित समय सीमा बीतने के बाद भी मांगों पर ठोस कार्रवाई नहीं हुई। इससे नाराज कर्मचारी चरणबद्ध आंदोलन करने को मजबूर हैं।

## हथियारों के साथ टीएसपीसी समर्थक गिरफ्तार

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**चतरा।** चतरा पुलिस ने टीएसपीसी उग्रवादी संगठन के एक समर्थक को गिरफ्तार किया है। आरोपी के पास से भारी मात्रा में हथियार और कारतूस मिले हैं। पुलिस ने उसे चतरा-सिमरिया मुख्य मार्ग से पकड़ा। एसपी अनिमेष नैथानी ने बताया कि 11 अक्टूबर को साई नाथ लाइन होटल के पास एक हथियारबंद संदिग्ध के घूमने की खबर मिली थी। सदर एसडीपीओ सन्नी वर्धन के नेतृत्व में एक टीम बनाई गई। पुलिस को देखकर आरोपी जंगल की ओर भागने लगा लेकिन जवानों ने उसे पकड़ लिया। गिरफ्तार आरोपी की पहचान लातेहार के बालूमाथ थाना अंतर्गत मुरपा गांव निवासी 40 वर्षीय मुकेश गंझू के रूप में हुई है। उसकी निशानदेही पर पुलिस ने एक देशी कट्टा, 54 जिंदा कारतूस, छह मिसफायर गोलियां और दो खोखे बरामद किए हैं। पुलिस के मुताबिक मुकेश गंझू लेवी वसूलने के लिए रेकी कर रहा था और उसके तार कुख्यात राहुल दुबे गैंग से भी जुड़े हैं। कड़ी पूछताछ में कई चौंकाने वाले तथ्य सामने आए हैं। एसपी ने बताया कि मुकेश गंझू पिछले छह महीनों से टीएसपीसी उग्रवादियों के लिए हथियार छिपाकर रख रहा था। उसे यह हथियार एक उग्रवादी ने दहशत फैलाने के उद्देश्य से दिए थे। मौत का खौफ दिखाकर लेवी वसूलने के लिए वह लगातार शहर और आसपास के इलाकों की रेकी कर रहा था। जांच में यह भी सामने आया है कि आरोपी कुख्यात राहुल दुबे गैंग के गुर्गों और अन्य आपराधिक गिरोहों के भी सीधे संपर्क में था। इस गिरफ्तारी से चतरा पुलिस को आपराधिक नेटवर्क की कई अहम कड़ियां हाथ लगी हैं जिन्हें अब गहराई से खंगाला जा रहा है। सदर थाने में आरोपी मुकेश गंझू के खिलाफ आर्म्स एक्ट की सुसंगत धाराओं (कांड संख्या 421/2026) के तहत प्राथमिकी दर्ज कर उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है।



## बिना अनुमति पुलिस अधिकारियों को मुख्यालय नहीं छोड़ने का निर्देश

**मेदिनीनगर(नबिटा ब्यूरो)।** दुर्गा पूजा को लेकर पलामू, गढ़वा एवं लातेहार में हाई अलर्ट जारी करते हुए पुलिस अधिकारियों की तैनाती की गई है। बिना अनुमति के पुलिस अधिकारियों को जिला नहीं छोड़ने का निर्देश जारी किया गया है। दरअसल पलामू, गढ़वा एवं लातेहार में 661 जगहों पर दुर्गा पूजा का पंडाल रखा जाता है। पलामू प्रमंडल की सीमा छत्तीसगढ़, उत्तर प्रदेश और बिहार से सटी हुई। इंटरस्टेट सीमा पर पुलिस ने खास निगरानी शुरू कर दी है और इलाके में दाखिल होने वाले सभी प्रकार के वाहनों की जांच की जा रही है जबकि संवेदनशील इलाकों में अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती की योजना तैयार की जा रही है। नवमी और दशमी से पहले कई इलाकों में फ्लैग मार्च भी किया जाना है। पलामू में 2700 जबकि लातेहार और गढ़वा जिला में 1200-1200 के करीब पुलिस बलों की तैनाती की जा रही है।

## विस अध्यक्ष समेत कई लोगों ने रूपी सोरेन को दी श्रद्धांजलि

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**रामगढ़।** झारखंड विधानसभा के अध्यक्ष रवींद्रनाथ महतो सोमवार को दिवंगत रूपी सोरेन को श्रद्धांजलि देने के लिए मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के आवास पहुंचे। रूपी सोरेन को श्रद्धांजलि अर्पित करने के बाद उन्होंने सोरेन परिवार के प्रति शोक संवेदना व्यक्त की। रवींद्रनाथ महतो ने कहा कि दिशोम गुरु शिबू सोरेन के सभी आंदोलनों में रूपी सोरेन उनके साथ खड़ी रहीं। चाहे महाजनी प्रथा के खिलाफ आंदोलन हो, सामाजिक कुरीतियों के विरुद्ध संघर्ष हो या अलग झारखंड राज्य का आंदोलन, रूपी सोरेन ने हर कदम पर उनका साथ दिया। उन्होंने कहा कि रूपी सोरेन ने पत्नी के रूप में और घर के मुखिया के रूप में अपनी सभी जिम्मेदारियों को निभाया। विधानसभा अध्यक्ष ने कहा कि आज सोरेन परिवार के साथ-साथ झारखंड के लोग भी काफी शोकाकुल हैं। वे मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और पूरे परिवार के प्रति शोक संवेदना व्यक्त करने पहुंचे हैं। भाकपा माले के पूर्व विधायक राजकुमार यादव के नेतृत्व में भाकपा माले के नेताओं का प्रतिनिधिमंडल सोमवार को मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के पैतृक आवास नेमरा पहुंचा। प्रतिनिधिमंडल ने दिवंगत रूपी सोरेन के चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। राजकुमार यादव ने कहा कि 14 माह में शिबू सोरेन और रूपी सोरेन के निधन से परिवार को काफी सदमा पहुंचा है। हम लोग मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से मिलकर उनका हौसला बढ़ाएंगे। उन्होंने कहा कि हेमंत सोरेन जिस तरह झारखंड को चला रहे हैं, आगे भी मजबूती से झारखंड के विकास को लेकर काम करते रहना है। सोमवार को ही दिशोम गुरु शिबू सोरेन और मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के पैतृक आवास नेमरा में श्रद्धांजलि देने के लिए झारखंड पुलिस एसोसिएशन के अध्यक्ष राहुल कुमार मुर्मू और संयुक्त सचिव संतोष कुमार महतो पहुंचे। उनके साथ झारखंड पुलिस मेंस एसोसिएशन के अध्यक्ष करण सिंह, महामंत्री रमेश उरांव, संयुक्त महासचिव अविनाश राय, सहायक महामंत्री सरफराज खान, सहायक नंद किशोर शर्मा तथा झारखंड पुलिस चतुर्थवर्गीय कर्मचारी संघ के चंद्रदीप ठाकुर, प्रेम गुप्ता और सुनील मरांडी भी मौजूद थे। सभी ने दिवंगत रूपी सोरेन के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। झारखंड पुलिस एसोसिएशन और पुलिस मेंस एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से मुलाकात कर शोक संवेदना व्यक्त की। श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने कहा कि दुख की इस घड़ी में एसोसिएशन मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के साथ खड़ा है। दिशोम गुरु शिबू सोरेन और रूपी सोरेन के योगदान को कभी भुलाया नहीं जा सकता है।

## ब्राउन शुगर बेचते दो युवक गिरफ्तार

**गुमला(नबिटा ब्यूरो)।** गुमला पुलिस ने जिला स्कूल के पास एक खंडहरनुमा मकान में छापा मारकर दो युवकों को गिरफ्तार किया है। उनके पास से 5.31 ग्राम ब्राउन शुगर बरामद हुई जिसकी कीमत करीब 25 हजार रुपये है। पुलिस के अनुसार दोनों वहां नशीले पदार्थों का सेवन और खरीद-बिक्री कर रहे थे। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान 22 वर्षीय अमित कुमार साहू (लोहरदगा रोड) और 29 वर्षीय जगदीश उरांव उर्फ मुन्ना उरांव (करमटोली सरहुल नगर) के रूप में हुई है। पुलिस टीम ने दंडाधिकारी मनीष कुमार की मौजूदगी में यह कार्रवाई की। थाना प्रभारी दिनेश कुमार ने बताया कि अमित साहू और जगदीश उरांव दोनों के खिलाफ पहले से एनडीपीएस एक्ट के तहत मामले दर्ज हैं। पुलिस अब यह पता लगा रही है कि ब्राउन शुगर कहां से आई थी और इस नेटवर्क में कौन-कौन शामिल हैं।

## ट्रेन से गिरकर बच्चे की मौत

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**धनबाद।** बांकुड़ा से धनबाद आने वाली ट्रेन से गिरकर 10 वर्षीय बच्चा गंभीर रूप से घायल हो गया। ग्रामीणों ने उसे रेलवे ट्रैक के पास पड़ा देखा। आरपीएफ को सूचना दी। इसके बाद ग्रामीण बच्चे को लेकर शहीद निर्मल महतो मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल पहुंचे जहां डॉक्टरों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। मृत बच्चे की अब तक पहचान नहीं हो सकी है। घटना सुरंगा-पहाड़ीगोड़ा के पास पोल संख्या 10, पी7/पी6 के नजदीक की है। स्थानीय निवासी रंजीत कुंभकार ने बताया कि रेलवे ट्रैक के पास बच्चा गिरा हुआ दिखाई दिया था। इसके बाद आसपास के लोगों ने जानकारी जुटाई तो पता चला कि बच्चा बांकुड़ा से धनबाद आने वाली ट्रेन से गिरा है। ग्रामीणों ने इसकी सूचना आरपीएफ को दी। रंजीत कुंभकार के अनुसार आरपीएफ के पहुंचने में देरी होने पर ग्रामीणों ने बच्चे को अस्पताल पहुंचाने का फैसला किया। वे आनन-फानन में उसे लेकर शहीद निर्मल महतो मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल पहुंचे। हालांकि डॉक्टरों ने बच्चे को मृत घोषित कर दिया। ग्रामीणों ने बताया कि बच्चा आसपास के इलाके का रहने वाला नहीं लग रहा था। घटना की सूचना पुलिस को दे दी गई है। आरपीएफ और पुलिस संयुक्त रूप से मामले की जांच कर रही है। पुलिस बच्चे की पहचान करने और उसके परिजनों का पता लगाने में जुटी है। फिलहाल यह स्पष्ट नहीं हो पाया है कि बच्चा कहां का रहने वाला था और किन परिस्थितियों में ट्रेन से गिरा।

## खगेन महतो समेत कई दिग्गजों ने थामा भाजपा का दामन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**रांची।** झारखंड में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने अपने संगठन को मजबूत करने के लिए सोमवार को प्रदेश कार्यालय में मिलन समारोह आयोजित किया। इस दौरान ईचागढ़ के वरिष्ठ नेता खगेन महतो, परिंदा सिंह और कुमकुम देवी समेत कई प्रमुख हस्तियों ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण की। इनके साथ बड़ी संख्या में कार्यकर्ता भी पार्टी में शामिल हुए। पूर्व मुख्यमंत्री और विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने सभी नए सदस्यों का स्वागत करते हुए कहा कि अनुभवी नेताओं और कार्यकर्ताओं के पार्टी से जुड़ने से संगठन को मजबूती मिलेगी। कार्यक्रम में पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी, राकेश प्रसाद समेत भाजपा के कई वरिष्ठ नेता मौजूद रहे।



समारोह का संचालन योगेंद्र प्रसाद ने किया जबकि प्रदेश सदस्यता प्रभारी राजेश प्रसाद ने नए सदस्यों को ऑनलाइन माध्यम से पार्टी की सदस्यता दिलाई। इस दौरान उन्होंने कहा कि भाजपा की नीतियों और सिद्धांतों को जन-जन तक पहुंचाने के साथ विकसित भारत के निर्माण में सभी नए सदस्यों की महत्वपूर्ण भूमिका होगी। ईचागढ़ के वरिष्ठ नेता खगेन महतो ने भाजपा में शामिल होने पर खुशी जाहिर की। उन्होंने कहा कि विश्व की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी का हिस्सा बनकर उन्हें गर्व महसूस हो रहा है। उन्होंने भरोसा दिलाया कि वह पार्टी संगठन को मजबूत करने के लिए पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ काम करेंगे। बोकारो की परिंदा सिंह ने कहा कि उनका उद्देश्य समाज के अंतिम व्यक्ति तक सरकारी योजनाओं और सुविधाओं का लाभ पहुंचाना है। उन्होंने झारखंड के वरिष्ठ नेता समरेश सिंह का उल्लेख करते हुए भाजपा के साथ अपने जुड़ाव की बात कही। वहीं हजारीबाग की कुमकुम देवी ने भाजपा में शामिल होने को घर वापसी बताया। उन्होंने कहा कि उनका राजनीतिक जुड़ाव पहले से ही भाजपा के साथ रहा है और वह आजीवन पार्टी कार्यकर्ता के रूप में सेवा करना चाहती हैं। इस दौरान उन्होंने कांग्रेस पर देश की जनता को गुमराह करने का आरोप लगाया और कहा कि भाजपा कार्यकर्ताओं को इसका जवाब देना चाहिए। नए सदस्यों का स्वागत करते हुए बाबूलाल मरांडी ने कहा कि अनुभवी नेताओं और बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं के भाजपा में शामिल होने से संगठन को मजबूती मिलेगी। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार की उपलब्धियों का जिक्र करते हुए अनुच्छेद 370 हटाने, तीन तलाक के खिलाफ कानून बनाने और उग्रवाद पर नियंत्रण जैसे मुद्दों को प्रमुखता से रखा। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार ने देश के विभिन्न क्षेत्रों में विकास के कई कार्य किए हैं।






C M Y K

## समाचार सार

### हिंदी फिल्म तुम मेरे हो के प्रमोशन के लिए पटना पहुंचे गुरमीत चौधरी और ईशा मालवीय



**पटना/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** बॉलीवुड अभिनेता गुरमीत चौधरी और अभिनेत्री ईशा मालवीय अपनी आगामी हिंदी फिल्म ह्यतुम मेरे होह्न के प्रमोशन के लिए पटना पहुंचे। इस मौके पर फिल्म की निमार्ता आरती सिंह और देबिना बनर्जी भी मौजूद रहीं। फिल्म 23 अक्टूबर 2026 को देशभर के सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है। पटना पहुंचने के बाद फिल्म की टीम ने प्रशंसकों और आम लोगों से मुलाकात की। कलाकारों ने शहर के स्थानीय बाजारों का भी दौरा किया और लोगों से जुड़कर फिल्म का प्रचार किया। टीम की इस यात्रा को लेकर प्रशंसकों में खासा उत्साह देखने को मिला। अभिनेता गुरमीत चौधरी ने कहा कि पटना आना मेरे लिए हमेशा खास होता है। बिहार से मेरा भावनात्मक जुड़ाव है और यहां के लोगों का प्यार मुझे हमेशा प्रेरित करता है। अपनी फिल्म ह्यतुम मेरे होह्न के प्रमोशन की शुरूआत पटना से करना मेरे लिए बेहद खुशी की बात है। उम्मीद है कि दर्शकों को हमारी फिल्म पसंद आएगी और वे 23 अक्टूबर को सिनेमाघरों में इसे देखने जरूर पहुंचेंगे। अभिनेत्री ईशा मालवीय ने कहा कि पटना आकर यहां के लोगों से मिलना और उनका उत्साह देखना बहुत अच्छा लग रहा है। फिल्म 'तुम मेरे हो' हमारे लिए बेहद खास है। हमें उम्मीद है कि दर्शक फिल्म की कहानी और हमारे किरदारों से जुड़ाव महसूस करेंगे। मैं चाहूंगी कि बिहार के दर्शक भी हमें भरपूर प्यार दें और फिल्म जरूर देखें। फिल्म की निमार्ता आरती सिंह एवं देबिना बनर्जी ने कहा कि आशीष पांडा के निर्देशन में बनी फिल्म 'तुम मेरे होह्न हमारे लिए एक खास प्रोजेक्ट है। फिल्म को दर्शकों तक पहुंचाने के लिए पटना से प्रमोशन की शुरूआत करना हमारे लिए महत्वपूर्ण है। बिहार के दर्शकों का सिनेमा के प्रति प्यार और उत्साह हमेशा प्रेरणादायक रहा है। हमें विश्वास है कि दर्शक हमारी फिल्म को अपना प्यार देंगे और सिनेमाघरों में इसे देखने पहुंचेंगे।

### उपायुक्त के नाम पर फर्जी व्हाट्सप्प अकाउंट बनाकर साइबर ठगी, 20 हजार की धोखाधड़ी

**गिरिडीह/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** गिरिडीह के उपायुक्त रामनिवास यादव के नाम और फोटो का दुरुपयोग कर फर्जी व्हाट्सप्प अकाउंट बनाने तथा उसके माध्यम से साइबर ठगी करने का मामला सामने आया है। इस मामले में खुशी रानी शर्मा से 20 हजार रुपये की ठगी किए जाने की जानकारी मिली है। मामले की गंभीरता को देखते हुए साइबर थाना में अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है। जिला जनसंपर्क कार्यालय की ओर से सोमवार को जारी प्रेस विज्ञप्ति में बताया गया कि उपायुक्त के नाम, फोटो और पहचान का दुरुपयोग कर फर्जी सोशल मीडिया अकाउंट बनाया गया है। इसके माध्यम से लोगों को गुमराह कर उनसे धनराशि की मांग किए जाने की आशंका को देखते हुए जिला प्रशासन ने आम नागरिकों, पदाधिकारियों और कर्मचारियों को सतर्क रहने की अपील की है डिजिटल साक्ष्यों के आधार पर होगी कार्रवाई प्रशासन के अनुसार, उपलब्ध भुगतान संबंधी साक्ष्यों के आधार पर ठगी की घटना सामने आई है। पुलिस संबंधित डिजिटल साक्ष्यों और वित्तीय लेन-देन की जांच कर रही है। जांच के आधार पर संलिप्त व्यक्ति की पहचान कर उसके खिलाफ नियमानुसार कानूनी कार्रवाई की जाएगी। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि किसी अधिकारी के नाम, फोटो और पदनाम का इस्तेमाल कर फर्जी अकाउंट बनाना तथा उसके जरिए लोगों से पैसे मांगना गंभीर मामला है। अनजान नंबर से आए संदेश तो रहें सतर्क जिला प्रशासन ने लोगों से अपील की है कि उपायुक्त या किसी अन्य अधिकारी के नाम और फोटो से व्हाट्सप्प अथवा सोशल मीडिया पर संदेश मिलने पर तुरंत भरोसा न करें। यदि किसी अनजान नंबर से पैसे की मांग की जाती है, तो संबंधित अधिकारी या कार्यालय से आधिकारिक माध्यम से पुष्टि करने के बाद ही कोई कदम उठाएं। बिना सत्यापन के किसी भी खाते में राशि हस्तांतरित न करें। पदाधिकारियों एवं कर्मचारियों को भी अपने नाम और पहचान के दुरुपयोग के प्रति सतर्क रहने तथा किसी संदिग्ध अकाउंट की जानकारी तत्काल पुलिस या साइबर थाना को देने की सलाह दी गई है।साइबर ठगी होने पर 1930 पर करें कॉल जिला प्रशासन ने चेतावनी दी है कि किसी अधिकारी की पहचान का दुरुपयोग कर लोगों को गुमराह करने और साइबर ठगी करने वालों के खिलाफ कानून के अनुसार सख्त कार्रवाई की जाएगी। प्रशासन ने नागरिकों से साइबर अपराध के प्रति जागरूक रहने की अपील करते हुए कहा है कि ठगी का शिकार होने पर तुरंत साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 पर संपर्क करें अथवा ववव.साइबरक्राइम.गोव.इन पर ऑनलाइन शिकायत दर्ज कराएं।

### गिरिडीह पहुंचे सांसद मनोज तिवारी और अभिनेत्री सौंदर्या शर्मा, मां दुर्गा की पूजा के बाद आज करेंगे रोड शो

**गिरिडीह/नव बिहार टाइम्स सं.।** भाजपा सांसद एवं भोजपुरी अभिनेता मनोज तिवारी और अभिनेत्री सौंदर्या शर्मा सोमवार को गिरिडीह पहुंचे। यहां उन्होंने विनोद सिन्हा के आवास पर पहुंचकर मां दुर्गा की विधि-विधान से पूजा-अर्चना की और माता रानी का आशीर्वाद लिया। इस दौरान उन्होंने क्षेत्र की सुख-समृद्धि, खुशहाली और शांति की कामना की। मनोज तिवारी और सौंदर्या शर्मा के गिरिडीह आगमन को लेकर स्थानीय लोगों के बीच उत्सुकता देखी गई। पूजा अर्चना के बाद दोनों के निर्धारित कार्यक्रम को लेकर भी लोगों की नजरें टिकी हुई हैं। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार, मनोज तिवारी और सौंदर्या शर्मा आज शहर में रोड शो करेंगे।

# जिलाधिकारी ने किया गिद्धौर महोत्सव को ले महाराज चंद्रचूड़ विद्यामंदिर मैदान का निरीक्षण

**गिद्धौर सांस्कृतिक महोत्सव को लेकर स्थानीय, प्रशासन को दिये कई जरूरी निर्देश**

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता गिद्धौर/जमुई ।** गिद्धौर के ऐतिहासिक दशहरे को लेकर होने वाले गिद्धौर सांस्कृतिक महोत्सव की विधि व्यवस्था का जायजा जिलाधिकारी श्री नवीन द्वारा लिया गया। इस मौके डीएम श्री नवीन डीटीओ सुनील कुमार सहित कई अधिकारी मौजूद थे, गिद्धौर के महाराज चंद्रचूड़ विद्या मंदिर में आयोजित हो रहे इस दो दिवसीय गिद्धौर सांस्कृतिक महोत्सव को कार्यक्रम को लेकर लगने वाले भीड़ को ले सुरक्षा के दृष्टिकोण से प्रवेश द्वार व निकास द्वार सहित पुरे परिसर का निरीक्षण कर जिलाधिकारी ने प्रशासनिक विधि व्यवस्था को ले कई आवश्यक दिशा निर्देश स्थानीय प्रशासन के अधिकारियों को दिया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने कलाकारो के लिये बनाये जा रहे स्टेज व अतिथियों के लिए बैठने की उचित व्यवस्था से संबंधित इवेंट मैनेजमेंट के टीम को कड़े निर्देश दिये। वहीं कार्यक्रम को लेकर प्रखंड विकास पदाधिकारी सुनील कुमार को कार्यक्रम स्थल पर अस्थायी शौचालय, पेयजल की समुचित व्यवस्था, लाईटिंग की व्यवस्था, सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए पुरे परिसर की निगरानी को विधि व्यवस्था से जुड़ा आवश्यक निर्देश दिया। वहीं जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने कार्यक्रम में होने वाली भीड़ को लेकर प्रचार प्रसार की भी बात कही। बताते चलें कि अगामी 15 अक्टूबर एवं 16 अक्टूबर को गिद्धौर सांस्कृतिक महोत्सव में बॉलीवुड एवं इंडियन आइडल फेम के कई नामचीन कलाकार मुस्कान श्रीवास्तव, आरोह शंकर, हरप्रीत कौर बग्गा द्वारा महोत्सव में प्रस्तुति दी जाएगी वहीं कार्यक्रम में बतौर एंकर अमित परासर कार्यक्रम की मेजबानी करेंगे। उक्त निरीक्षण के मौके पर प्रखंड विकास पदाधिकारी सुनील कुमार, अंचल अधिकारी आरती भूषण थानाध्यक्ष राशि मलिक के अलावे कई अधिकारी गण मौके पर मौजूद थे।

# गिद्धौर महोत्सव 2026 का 15-16 अक्टूबर को होगा आयोजन









**नामचीन गायकों से सजेगी सुरों की शाम**

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गिद्धौर/जमुई।** कला एवं संस्कृति विभाग बिहार, पटना द्वारा जिला प्रशासन जमुई के देखरेख में गिद्धौर सांस्कृतिक महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। दो दिवसीय इस महोत्सव का आयोजन स्थानीय प्लस टू महाराज चंद्रचूड़ विद्या मंदिर के प्रांगण में होगा।

बताते चलें कि 15 अक्टूबर 2026 की शाम 7.00 बजे से महोत्सव का उद्घाटन, दीप प्रज्वलन एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दे नामचीन कलाकारों द्वारा की जाएग। वहीं 16 अक्टूबर 2026 को संध्या 7.00 बजे से सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति कलाकारों द्वारा दी जाएगी। इस महोत्सव में नामचीन कलाकारों की प्रस्तुति होगी, जिसमें प्रसिद्ध गायिका मुस्कान श्रीवास्तव, गायक आरोह शंकर, गायिका हर्षप्रीत कौर बग्गा अपनी सुरों की जादू बिखेरेंगी। जबकि कार्यक्रम का मंच संचालन प्रसिद्ध एंकर अमित पराशर करेंगे। जिला प्रसासन ने क्षेत्र के सभी लोगों से इस सांस्कृतिक महोत्सव में शामिल होने की अपील की है।

### पूर्व प्रोफेसर मदन मोहन प्रसाद का निधन, शिक्षा जगत में शोक की लहर

**गिरिडीह/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** शिक्षा जगत को अपूरणीय क्षति हुई है। गिरिडीह कॉलेज के दर्शनशास्त्र विभाग के प्रख्यात पूर्व प्राध्यापक मदन मोहन प्रसाद का 11 अक्टूबर को आकस्मिक निधन हो गया। वे लगभग 90 वर्ष के थे। उनके निधन की खबर से शिक्षा जगत, उनके पूर्व विद्यार्थियों, शुभचिंतकों और परिजनों में शोक की लहर दौड़ गई है। मदन मोहन प्रसाद ने अपना संपूर्ण जीवन शिक्षा, ज्ञान के प्रसार और विद्यार्थियों के मार्गदर्शन के लिए समर्पित कर दिया था। वर्ष 1996 में गिरिडीह कॉलेज के दर्शनशास्त्र विभाग से सेवानिवृत्त होने के बाद भी उनका अध्ययन-अध्यापन से जुड़ाव बना रहा। वे जीवनभर ज्ञान, विचार और नैतिक मूल्यों को महत्व देते रहे। जानकारी के अनुसार, 7 अक्टूबर को सुबह की सैर से लौटने के बाद अचानक उनकी तबीयत बिगड़ गई। परिजनों ने उसी शाम उन्हें आईसीयू में भर्ती कराया। चिकित्सकों के तमाम प्रयासों के बावजूद उनके स्वास्थ्य में सुधार नहीं हुआ और अंततः उन्होंने अंतिम सांस ली।

# गिद्धौर में शारदीय दुर्गा पूजा एवं लक्ष्मी पूजा की तैयारियां तेज

**नागी, नकटी और उलाई नदी के संगम तट पर विराजमान हैं मां दुर्गा**



- चंदा संग्रह में जुटे समिति के सदस्य
- चंदेल राजाओं द्वारा स्थापित मंदिर में सदियों पुरानी परंपरा के साथ हो रही पूजा-अर्चना

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता गिद्धौर/जमुई।** गिद्धौर में शारदीय दुर्गा पूजा सह लक्ष्मी पूजा को लेकर धार्मिक उत्साह का माहौल है। पूजा समिति के पदाधिकारियों के नेतृत्व में कार्यकारिणी के सदस्य पूजा आयोजन की तैयारियों को अंतिम रूप देने में जुटे हैं। इसी क्रम में समिति के सदस्य अलग-अलग समूहों में बंटकर गिद्धौर और आसपास के क्षेत्रों में चंदा संग्रह कर रहे हैं। स्थानीय लोगों के सहयोग से पूजा को भव्य स्वरूप देने के साथ-साथ मेले के आयोजन की भी तैयारी की जा रही है। शारदीय दुर्गा पूजा सह लक्ष्मी पूजा समिति के सदस्य विभिन्न इलाकों में जाकर श्रद्धालुओं, स्थानीय व्यवसायियों और ग्रामीणों से सहयोग प्राप्त कर रहे हैं। समिति की ओर से पूजा-अर्चना, धार्मिक अनुष्ठान और मेले के आयोजन को लेकर व्यवस्थाएं की जा रही हैं। हर वर्ष की तरह इस बार भी गिद्धौर में पूजा के अवसर पर श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ने की उम्मीद है। रविवार को कलश स्थापना के साथ शारदीय दुर्गा पूजा का शुभारंभ हो गया। इसके साथ ही मंदिर परिसर में धार्मिक गतिविधियां शुरू हो गई हैं। सप्तमी-अष्टमी की मध्यरात्रि निशा पूजा में तांत्रिक विधान से प्राण प्रतिष्ठा की जाएगी। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार, 21 अक्टूबर को विजयादशमी के अवसर पर मां दुर्गा की प्रतिमा का विसर्जन किया जाएगा। वहीं, शरद पूर्णिमा के अवसर पर 25 अक्टूबर को मां महालक्ष्मी की पूजा-अर्चना होगी।

इसके अगले दिन 26 अक्टूबर को मां महालक्ष्मी की प्रतिमा का विसर्जन किया जाएगा। पूजा समिति की ओर से दोनों धार्मिक आयोजनों को लेकर आवश्यक तैयारियां की जा रही हैं। विसर्जन के लिए मां त्रिपुर सुंदरी तालाब को निर्धारित किया गया है। पूजा और विसर्जन के दौरान श्रद्धालुओं की सुविधा तथा आयोजन की व्यवस्थाओं पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। गिद्धौर की दुर्गा पूजा का विशेष धार्मिक और ऐतिहासिक महत्व माना जाता है। यहां नागी, नकटी और उलाई नदी के संगम तट पर स्थित मंदिर में मां दुर्गा की पूजा की जाती है।

स्थानीय ऐतिहासिक परंपरा के अनुसार, इस मंदिर की स्थापना गिद्धौर के चंदेल राजाओं द्वारा की गई थी। इस कारण मंदिर और यहां आयोजित होने वाली पूजा का क्षेत्र की ऐतिहासिक विरासत से गहरा संबंध है। वर्षों से चली आ रहीरंपरा के कारण दुर्गा पूजा गिद्धौर के प्रमुख धार्मिक आयोजनों में शामिल है। पूजा के दौरान स्थानीय श्रद्धालुओं के साथ आसपास के गांवों के लोग भी दर्शन-पूजन के लिए पहुंचते हैं। धार्मिक अनुष्ठानों के साथ मेले का आयोजन इस उत्सव को सामाजिक और सांस्कृतिक रूप भी प्रदान करता है। शारदीय दुर्गा पूजा सह लक्ष्मी पूजा समिति के संगठनात्मक कार्यों का संचालन पदाधिकारियों और कार्यकारिणी सदस्यों के नेतृत्व में किया जा रहा है। समिति की पदेन अध्यक्ष पतसंडा पंचायत की मुखिया ललिता देवी हैं। वहीं, राजीव कुमार साव उर्फ पिंकू को कार्यकारी अध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी गई है। सुबोध कुमार सिंह उर्फ काजू समिति के सचिव तथा सुबोध कुमार केशरी कोषाध्यक्ष हैं। समिति के पदाधिकारियों और सदस्यों के नेतृत्व में चंदा संग्रह सहित पूजा आयोजन से जुड़े कार्य किए जा रहे हैं। गिद्धौर और आसपास के क्षेत्रों से मिल रहे सहयोग के माध्यम से पूजा और मेले को व्यवस्थित एवं भव्य बनाने का प्रयास किया जा रहा है। दुर्गा पूजा और लक्ष्मी पूजा के अवसर पर गिद्धौर में भव्य कार्यक्रम और मेले का आयोजन किया जा रहा है। धार्मिक आस्था के साथ यह आयोजन स्थानीय लोगों के लिए आपसी मेल-मिलाप और सांस्कृतिक गतिविधियों का अवसर भी बनता है। मंदिर की ऐतिहासिक पहचान, संगम तट का धार्मिक महत्व और वर्षों से चली आ रही पूजा परंपरा के कारण गिद्धौर का यह आयोजन क्षेत्र में विशेष स्थान रखता है। फिलहाल पूजा समिति के सदस्य तैयारियों में जुटे हैं और विभिन्न समूहों के माध्यम से चंदा संग्रह का कार्य जारी है। श्रद्धालुओं को अब दुर्गा पूजा, विजयादशमी पर विसर्जन, शरद पूर्णिमा पर मां महालक्ष्मी की आराधना और मेले के आयोजन का इंतजार है।

# गरही पुलिस ने शराब निर्माण की भट्टी की नष्ट, कारोबारी में मचा हड़कंप



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता खैरा/जमुई।** गरही थाना पुलिस ने शराब तस्कर के खिलाफ छापेमारी अभियान चलाया छापेमारी के दौरान रविवार की रात 9:00 बजे के लगभग गरही थाना पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि गुप्त स्थान पर महुआ शराब बनाई जा रही है। सूचना मिलते ही गरही थाना के अपर थाना अध्यक्ष संजना कुमारी के नेतृत्व में पुलिस बल के साथ गरही बिशनपुर स्थित एक स्थान पर छापेमारी की गई छापेमारी के दौरान शराब बनाने के उपयोग के लिए जावा महुआ रखा हुआ था। पुलिस की गाड़ी देखते ही शराब बनाने वाले तस्कर भाग निकले ।गरही थाना पुलिस जावा महुआ लगभग 2 क्विंटल को बिनिष्ट किया गया। जावा महुआ से लगभग 200 सौ लीटर देसी महुआ शराब बनाया जाता है। गरही थाना पुलिस शराब तस्कर की पहचान में जुट गई है और उसे गिरफ्तार करने के लिए छापेमारी की जा रही है। गरही थाना पुलिस दशहरा पर्व को लेकर शराब तस्कर के खिलाफ सगन छापेमारी अभियान चला रही है कि पर मैं शराब पीकर कोई भी व्यक्ति हंगामा नहीं करें और शराब लेकर इधर से उधर नहीं जाए।

# इनर व्हील क्लब बांटे कपड़े



**रामगढ़/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** इनर व्हील क्लब के द्वारा सोमवार को एक कार्यक्रम के दौरान स्वास्थ्य विशेषज्ञ डॉ. अविनाश कौर ने मासिक धर्म से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियां साझा की गई।

ग्रामीण क्षेत्रों में प्रचलित भ्रांतियों को दूर करते हुए। स्वच्छता के महत्व पर प्रकाश डाला गया। उन्होंने लड़कियों को मासिक धर्म के दौरान उचित स्वच्छता बनाए रखने, संक्रमण से बचाव करने तथा अपनी समस्याओं पर बिना किसी संकोच के बातचीत करने के लिए प्रेरित किया। इनर व्हील क्लब द्वारा हाइजीन किट एवं दैनिक उपयोग में आने वाले कपड़ों का भी वितरण किया गया।

हाइजीन किट में सैनिटरी नैपकिन, डेटॉल एंटीसेप्टिक लिक्विड, साबुन तथा व्यक्तिगत स्वच्छता संबंधी आवश्यक सामग्री शामिल थी। कार्यक्रम के अंत में प्रश्नोत्तर सत्र आयोजित किया गया।

जिसमें लड़कियों ने डॉ अविनाश कौर से अपनी शंकाओं को साझा किया गया। मासिक धर्म स्वास्थ्य से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियाँ प्राप्त की गई। क्लब की इस पहल का उद्देश्य ग्रामीण लड़कियों को स्वास्थ्य एवं स्वच्छता के प्रति जागरूक बनाना तथा उनके आत्मविश्वास को बढ़ावा देना था। मौके पर अध्यक्ष श्वेता जैन सहित नवजीत कौर, नीरू साहनी, प्रियंका जैन, निधि चौधरी एवं रंजू अग्रवाल उपस्थित थी।

# रामगढ़ में आदिवासी कुडमी समाज का एक दिवसीय जडुआहि आयोजित

**कुड़िम/कुड़मालि नेगाचारि हेतू संवैधानिक अधिकार पर आंदोलन की रणनीति बनी**



**रजरप्पा/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** शहर के कुड़मि कुम्बा कांकेबार में आदिवासी कुड़मि समाज रामगढ़ जिला कमेटी का एक दिवसीय जडुआहि किया गया। जिसकी अध्यक्षता जिलाध्यक्ष रामबिनय महतो केटियार एवं संचालन परन महतो ने किया।बैठक में मुख्य रूप से आदिबासी कुड़मि समाज के केन्द्रीय महासचिव जगेश्वर नागवबंशी केसरिआर,केन्द्रीय उपाध्यक्ष छोटेलाल मुतरुआर ,प्रदेश संरक्षक दिपक पुनरिआर,प्रदेश अध्यक्ष बैजनाथ काड़ुआर , उपाध्यक्ष माथुर बन्सुआर,संगठन सचिव लाल बहादुर चौधरी, प्रदेश प्रवक्ता संतोष बसरिआर अतिथि के रूप में शामिल हुए। केन्द्रीय महासचिव जगेश्वर नागवबंशी ने कहा कि कुड़मि समाज को संवैधानिक हक दिलाने हेतु कुड़मि समाज के संगठन को जिला से लेकर ग्राम व टोला स्तर तक मजबूत करना है। कुड़मि कुड़मालि नेगाचारि आन्दोलन को धारदार बनाया जा सके। केन्द्रीय उपाध्यक्ष छोटेलाल मुतरुआर ने कहा कि आगामी जनगणना में कुडमि समाज के सभी लोग जातीं कुड़मि, भाषा कुड़मालि आर धरम सारना दर्ज कराने गांव जनजागरण अभियान चलाने कि जरूरत है।

# हाथ लगाते ही उखड़ने लगी सरौन बाईपास से छछूडीह सड़क

**ग्रामीणों ने गुणवत्ता पर उठाए गंभीर सवाल**



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता चकाई/जमुई।** मुख्यमंत्री ग्रामीण सड़क उन्नयन योजना के तहत सरौन चकाई बाईपास रोड से छछूडीह गांव तक लगभग 1.5 किलोमीटर लंबी सड़क निर्माण में घटिया सामग्री और भारी अनियमितता का मामला सामने आया है। सड़क पर पिचिंग कार्य पूरा होने के 24 घंटे के भीतर ही सड़क हाथ से छूते ही पपड़ी की तरह उखड़ रही है। सड़क की ऐसी बदहाली देख ग्रामीणों का आक्रोश भड़क उठा और उन्होंने मौके पर कार्य की गुणवत्ता पर सवाल उठाते हुए प्रदर्शन किया।मौके पर भाजपा मंडल अध्यक्ष सह प्रखंड बीस सूत्री उपाध्यक्ष कृष्णा कुमार गुप्ता, पिंटू राय, महेंद्र राय, सत्यदेव यादव, जयनारायण यादव, जीवलाल यादव, सूचित कुमार, कामदेव यादव, जयदेव यादव और गुड्डू यादव सहित कई ग्रामीण जुटे थे। ग्रामीणों ने उखड़ती सड़क को दिखाते हुए कहा कि मानक बोर्ड के अनुसार जीएसबी, डब्ल्यूबीएम और पिचिंग सहित तीन लेयर का कार्य होना था। लेकिन संवेदक द्वारा सीधे जमीन पर अलकतरा बिछा दिया गया। पीसीसी ढलाई में भी दरारें आ चुकी हैं।ग्रामीण कृष्ण कुमार गुप्ता और महेंद्र राय ने बताया कि सड़क पर थोड़ा सा पैर या हाथ लगाने से पूरी गिट्टी उखड़ जा रही है। घटिया काम का विरोध करने पर कर्मियों द्वारा मनमानी की जाती है और कहा जाता है कि जहां शिकायत करनी है करो, काम ऐसे ही होगा। ग्रामीणों ने निर्माण की उच्चस्तरीय तकनीकी जांच और दोषियों पर कार्रवाई की मांग की है।कनीय अभियंता अमर कुमार ने कहा कि पिचिंग का काम अभी ताजा हुआ है, इसलिए अलकतरा ठीक से सेट नहीं हो सका है। चार-पांच दिन बीतने के बाद सड़क पूरी तरह जम जाएगी। जहां भी तकनीकी कमी पाई जाएगी, वहां सुधार कराया जा रहा है।इस संबंध में ग्रामीण कार्य विभाग झाझा के एसडीओ अमित कुमार ने कहा कि सड़क निर्माण में अनियमितता की शिकायत मिली है। स्थल की जांच करवाई जा रही है और कनीय अभियंता से इस बाबत बात की गई है। सड़क निर्माण पूरी गुणवत्ता के साथ ही कराया जाएगा।

# नयागांव से बालू उठाव कर रहे ट्रैक्टर वाहन को पुलिस ने किया जब्त



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गिद्धौर/जमुई।** गिद्धौर थाना क्षेत्र के नयागांव समाधि स्थल के निकट से अवैध बालू तस्करी के दौरान गिद्धौर पुलिस ने एक ट्रैक्टर वाहन को जब्त किया है। गिद्धौर पुलिस को सूचना मिली थी कि नयागांव के पास नदी से अवैध रूप से बालू की तस्करी की जा रही है। सूचना के बाद मामले में थानाध्यक्ष राशि मालिक के नेतृत्व में अवर निरीक्षक ममता प्रकाश द्वारा मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए पुलिस टीम द्वारा मौके पर पहुंच अवैध बालू उठाव करने के क्रम में एक ट्रैक्टर वाहन को जब्त कर थाना ले आयी। अवैध बालू तस्करी से जुड़े मामले को थानाध्यक्ष राशि मालिक ने बताया कि अवैध खनन एवं परिवहन से जुड़ी सुसंगत धाराओं के तहत गिद्धौर पुलिस द्वारा मामला दर्ज कर जब्त वाहन पर आगे

# आस्था व विश्वास की प्रतीक हैं मां दुर्गा गोला चकाई वाली

**यहां भक्तों की होती है मन्नते पूरी**



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता चंद्रमंडीह/जमुई।** ब्रिटिश शासन काल के पूर्व से ही मा दुर्गा की गोला चकाई मंदिर में होती आ रही है पूजा अर्चना ।आस्था व विश्वाश का प्रतीक है गोला चकाई दुर्गा मन्दिर। जंहा होती है भक्तों की मन्नते पूरी । जो शक्ति पीठ के रूप में जाना जाता है ।जो भी भक्त सच्चे ,श्रद्धा व विश्वास के साथ माता रानी के दरबार में अपनी मन्नते लेकर आता है। गोला वाली दुर्गा मैया अवश्य पूरा करतीं है। चकाई प्रखंड का अति प्राचीन दुर्गा मंदिर है जो चकाई मुख्य बाजार से महज चार सो मीटर की दूरी पर गोला चकाई में स्थित है ।मंदिर के इतिहास के बारे में पूजा समिति के संयोजक वयोवृद्ध पंडित श्री लक्ष्मीकांत पांडेय बताते हैं कि यह मंदिर दो सो वर्ष से भी अधिक पुराना है।जो ब्रिटिश शासन काल से भी पूर्व का बना हुआ है । पाण्डेय बताते हैं कि पूर्वजों द्वारा बताया गया है कि आज से तकरीबन दो सौ वर्ष पूर्व गुजरात प्रदेश से कुछ व्यपारी बंधु अपना व्यवसाय करने यहाँ आए थे, और गल्ला का थोक व्यवसाय प्रारंभ किये। जिस कारण गोला चकाई नाम पड़ा। पाण्डेय बताते हैं कि शक्ति की आराधना के लिए चकाई कानूनगो बंगला निवासी एवं तत्कालीन बौंसी स्टेट के दीवान विष्णु प्रसाद द्वारा चकाई गोला पर शारदीय नवरात्र के पावन अवसर पर पूजा पाठ प्रारंभ कराया गया था ।तब यह मंदिर खपड़ैल नुमा मकान में था । तब उस वक्त चकाई स्टेट के तत्कालीन टिकैत बाबू चंडी प्रसाद को पूजा पाठ कराने की जिम्मेवारी सौंपी गई थी । जो अभी भी टिकैत चंडी प्रसाद के वंशज मोहन सिंह हीं सरकारी पूजा पर बैठते हैं। कालांतर में टिकैत चंडी प्रसाद एवं दीवान विष्णु प्रसाद द्वारा खपड़ैल के मकान को मंदिर का रूप दिया गया ।और तब से नित्य दिन माता रानी का पूजा पाठ आराधना होने लगी। प्रखंड क्षेत्र के लोगों का मंदिर के प्रति आस्था व विश्वास जुड़ता चला गया । मंदिर के पुजारी के लिए रामचंद्रडीह के सकलदीपी ब्राह्मण विद्वान पंडित रामचन्द्र मिश्र के वंशज को नियुक्त किया गया, जिनके वंशज विद्वान पंडित चंद्रधर मिश्र, अनिल मिश्र, रमेश मिश्र ,महेश मिश्र संतोष मिश्र आज भी पूजा पाठ कराते चले आ रहे है। टिकैत चंडी प्रसाद के बाद कुछ दिन पूजा पाठ कराने की जिम्मेवारी खास चकाई के शुक्ला परिवार को भी रहा था।बहुत दिनों तक यमुना शुक्ला के देख-रेख में वार्षिक पूजा संचालित होता रहा ।बहुत लंबे अंतराल के बाद प्रखंड के सभी गांवों के गणमान्य बुद्धिजीवियों के सहमति से इस मंदिर का नाम सार्वजनिक दुर्गा पूजा गोला चकाई दिया गया और वर्ष 1989 में एक पूजा समिति का विधिवत गठन किया गया ।और सबों के सहमति से खास चकाई निवासी श्यामनंदन शुक्ला को अध्यक्ष बनाया गया तब उनके देखे रेख में पूजा का आयोजन किया जाने लगा। उनके मृत्यु के पश्चात उनके पुत्र ब्रजकिशोर शुक्ला को अध्यक्ष बनाया गया। भव्य पूजा का आयोजन किया जाने लगा लंबे अंतराल के बाद मंदिर जीर्ण शीर्ण अवस्था में होता चला गया। तब तक पूजा समिति के अध्यक्ष श्री शुक्ला भी गंगा लाभ को प्राप्त हो गए। तब पूजा समिति के संयोजक पंडित लक्ष्मी कांत पांडेय के अथक प्रयास से चकाई बाजार के प्रसिद्ध व्यवसाई सह समाज सेवी कन्हैया लाल गुप्ता को अध्यक्ष, गोला चकाई के निवासी समाज सेवी भुनेश्वर पासवान को उपाध्यक्ष एवं जयकुमार शुक्ला को सचिव बनाया गया। जिनके नेतृत्व में शारदीय दुर्गा पूजा का भव्य आयोजन किया जाने लगा। अध्यक्ष गुप्ता एवं कर्मठ युवा साथियों के सहयोग से दिन प्रतिदिन मंदिर का विकास किया जाने लगा और आज चकाई प्रखंड का सबसे भव्य एवं दिव्य मंदिर के नाम से जाने जाना लगा। वहीं शारदीय दुर्गा पूजा को सफल संचालन एवं भव्य, आकर्षक बनाने के लिए अध्यक्ष श्री गुप्ता के निर्देश पर एक युवा कमिटी का भी गठन किया गया। युवा कमिटी के कर्मठ सदस्य अमरनाथ चौधरी, राजीव रंजन उपाध्याय, रवि रंजन पांडेय, शालिग्राम पांडेय, राजीव पासवान, धर्मवीर आनंद , अभय पासवान, हर्ष नारायण सिंह, गौरव शुक्ला सहित दर्जनों युवाओं के अथक प्रयास से शारदीय दुर्गा पूजा का भव्य आयोजन किया जाने लगा। सार्वजनिक दुर्गा पूजा समिति के युवा एवं कर्मठ सदस्यों ने बताया की मंदिर परिसर में चार दिनों का भव्य मेला का आयोजन किया जाएगा।

CMYK

# सीएमपीडीआईएल ने झारखंड में निःशुल्क कटे होंठ और तालू की सर्जरी के लिए की साझेदारी

**सीएसआर परियोजना 'हेल्दी स्माइल्स, हेल्दियर टुमॉरो' के तहत 200 बच्चों की निःशुल्क सर्जरी की जाएगी**

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**रांची।** भारत में कटे होंठ और तालू के इलाज के लिए काम करने वाली सबसे बड़ी संस्था, एनजीओ स्माइल ट्रेन इंडिया ने झारखंड में बच्चों को निःशुल्क सर्जरी और इलाज की जानकारी उपलब्ध कराने के लिए सेंट्रल माइन प्लानिंग एंड डिजाइन इंस्टीट्यूट लिमिटेड (सीएमपीडीआईएल) के साथ साझेदारी की है। सीएमपीडीआईएल, भारत सरकार के कोयला मंत्रालय के अंतर्गत एक सार्वजनिक क्षेत्र का उपक्रम है। अपनी कॉर्पोरेट सामाजिक जिम्मेदारी (सीएसआर) पहल के तहत सीएमपीडीआईएल 'हेल्दी स्माइल्स, हेल्दियर टुमॉरो' परियोजना को सहयोग देगा। इस पहल का उद्देश्य झारखंड में कटे होंठ और तालू के साथ जन्म लेने वाले बच्चों को समय पर बेहतर और पूरी तरह निःशुल्क इलाज उपलब्ध कराना है। इस परियोजना के तहत झारखंड के 200 बच्चों के कटे होंठ और तालू की निःशुल्क सर्जरी की जाएगी। साथ ही, परिवारों को इस समस्या और इसके निःशुल्क इलाज के बारे में जागरूक किया जाएगा। इसके लिए राज्य के पांच जिलों—रांची, रामगढ़, धनबाद, हजारीबाग और लातेहार—के साप्ताहिक हाट-बाजारों में ऑडियो संदेशों के माध्यम से जागरूकता अभियान चलाया जाएगा, ताकि दूर-दराज के इलाकों में रहने वाले परिवारों तक भी निःशुल्क इलाज की जानकारी पहुँच सके और जरूरतमंद बच्चों को इलाज से जोड़ा जा सके। इसके अलावा, झारखंड के सभी 24 जिलों के जिला अस्पतालों में स्माइल ट्रेन और सीएमपीडीआईएल के संयुक्त जागरूकता बैनर लगाए जाएंगे। इनका उद्देश्य कटे होंठ और तालू की समय पर पहचान और उपलब्ध इलाज के बारे में लोगों को जानकारी देना है।इस साझेदारी पर स्माइल ट्रेन इंडिया की हेड ऑफ कम्युनिकेशंस एंड बिजनेस डेवलपमेंट, अंजलि कटोच ने कहा, "हम सीएमपीडीआईएल के आभारी हैं कि उन्होंने झारखंड के बच्चों और परिवारों तक बेहतर और निःशुल्क इलाज पहुँचाने के लिए हमारे साथ हाथ मिलाया है। कटे होंठ और तालू का इलाज संभव है, लेकिन जानकारी की कमी और इलाज तक पहुँच न होने के कारण आज भी कई बच्चे, खासकर ग्रामीण और दूर-दराज के इलाकों में रहने वाले बच्चे, समय पर इलाज नहीं करवा पाते। यह साझेदारी केवल 200 बच्चों की निःशुल्क सर्जरी तक सीमित नहीं है। हमारा प्रयास है कि ज्यादा से ज्यादा परिवारों को इलाज की जानकारी मिले और जरूरतमंद बच्चे सही समय पर अस्पताल पहुँच सकें। सीएमपीडीआईएल के सहयोग से हम झारखंड में इलाज तक पहुँच को और आसान बनाना चाहते हैं, ताकि कटे होंठ और तालू के साथ जन्म लेने वाले अधिक से अधिक बच्चे स्वस्थ जीवन जी सकें और आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ सकें।"

## ब्राउन शुगर के खिलाफ बड़ी कार्रवाई, चार गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**रांची।** धुर्वा थाना क्षेत्र में पुलिस ने ब्राउन शुगर की खरीद-बिक्री के खिलाफ छापेमारी कर चार युवकों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उनके पास से 4,000 पुड़िया ब्राउन शुगर (कुल वजन 338.96 ग्राम), चार मोबाइल फोन, दो मोटरसाइकिल, एक स्कूटी और 9,100 रुपये नकद बरामद किए हैं।

पुलिस के अनुसार, 11 अक्टूबर को स्मार्ट सिटी के पास सीएनजी पेट्रोल पंप के निकट नशीले पदार्थ की खरीद-बिक्री की सूचना मिली थी। इसके बाद छापेमारी कर अभिषेक तिवारी, शुभम कुमार उर्फ राजा, अंकित तिवारी और रितिक राज को गिरफ्तार किया गया। पुलिस मामले में प्राथमिकी दर्ज कर ब्राउन शुगर की सप्लाई चेन और इस कारोबार से जुड़े अन्य लोगों का पता लगाने में जुटी है।

## झारखंड में एनएचएम कर्मियों को जल्द होगा सितंबर तक के बकाया मानदेय का भुगतान

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**रांची।** स्वास्थ्य कर्मियों के वेतन भुगतान से जुड़ी एक बड़ी खबर है। झारखंड में राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के तहत कार्यरत कर्मचारियों को दुर्गा पूजा में अच्छी खबर मिलने की उम्मीद है। राज्य के स्वास्थ्य, चिकित्सा शिक्षा एवं परिवार कल्याण विभाग ने सितंबर माह तक के लंबित मानदेय और प्रोत्साहन राशि का जल्द भुगतान करने का निर्देश दिया है। विभाग के अपर मुख्य सचिव अजय कुमार सिंह ने सोमवार को आयोजित समीक्षा बैठक में अधिकारियों को भुगतान प्रक्रिया में तेजी लाने के निर्देश दिए। आज हुई स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा बैठक में स्पष्ट किया गया कि राज्य स्तर से लेकर जिला, प्रखंड और सहिया स्तर तक कार्यरत किसी भी कर्मचारी का मानदेय लंबित नहीं रहना चाहिए। आगामी दुर्गा पूजा को देखते हुए समय पर भुगतान सुनिश्चित करने पर विशेष जोर दिया गया, ताकि कर्मचारियों को आर्थिक परेशानियों का सामना न करना पड़े। समीक्षा बैठक में अपर मुख्य सचिव ने अक्टूबर माह के वेतन का भुगतान मानव संसाधन सूचना प्रणाली के माध्यम से करने का निर्देश दिया। उन्होंने भुगतान प्रक्रिया में रांची जिले को प्राथमिकता देने को कहा। इसके बाद अन्य जिलों में भी वेतन भुगतान की प्रक्रिया जल्द पूरी करने के निर्देश दिए गए। इसके अलावा एनएचएम के अंतर्गत कार्यरत आउटसोर्स कर्मचारियों के वेतन और पारिश्रमिक भुगतान में भी तेजी लाने को कहा गया। अधिकारियों को सभी आवश्यक प्रक्रियाएं निर्धारित समय सीमा में पूरी करने का निर्देश दिया गया, ताकि भुगतान में अनावश्यक देरी न हो। अपर मुख्य सचिव अजय कुमार सिंह ने एनएचएम के पुनर्गठन की प्रक्रिया को भी जल्द पूरा करने को कहा।

# टीएसपीसी समर्थक गिरफ्तार; 54 जिंदा कारतूस बरामद

**चतरा में बड़ी वारदात की साजिश नाकाम**

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**चतरा।** सदर थाना पुलिस ने शहर में बड़ी वारदात को अंजाम देने की कथित तैयारी कर रहे टीएसपीसी नक्सली समर्थक मुकेश गंझू को गिरफ्तार किया है। उसके पास से एक देसी कट्टा, 54 जिंदा कारतूस, छह मिसफायर गोलियां और दो खोखा बरामद किए गए हैं।

एसपी अनिमेष नैथानी के अनुसार, गुप्त सूचना पर एसडीपीओ सन्नी वर्धन के नेतृत्व में पुलिस टीम ने सिमरिया रोड स्थित साईं नाथ लाइन होटल के पास छापेमारी की। पुलिस को देखकर आरोपी जंगल की ओर भागने लगा, लेकिन जवानों ने उसे खदेड़कर पकड़ लिया।

पुलिस के मुताबिक, आरोपी ने पूछताछ में बताया कि करीब छह माह पहले टीएसपीसी के एक उग्रवादी ने उसे हथियार और कारतूस उपलब्ध कराए थे। वह शहर और आसपास के क्षेत्रों की रेकी कर रहा था। उसके राहुल दुबे गैंग समेत अन्य आपराधिक गिरोहों से संपर्क की जानकारी भी सामने आई है। पुलिस संभावित साजिश और आपराधिक नेटवर्क की जांच कर रही है। आरोपी को आर्म्स एक्ट के तहत प्राथमिकी दर्ज कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।

# सेन्को गोल्ड एंड डायमंड्स ने झारखंड में बढ़ाया कारोबार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**




**हजारीबाग में नए स्टोर का भूमि पेडनेकर ने किया भव्य उद्घाटन**

**हजारीबाग।** भारत के प्रमुख आभूषण खुदरा विक्रेताओं में से एक, सेन्को गोल्ड एंड डायमंड्स ने आठ दशकों से अधिक की अपनी विरासत के साथ झारखंड में अपने विस्तार को आगे बढ़ाते हुए आज अभिनेत्री भूमि पेडनेकर की उपस्थिति में हजारीबाग में अपने नए स्टोर का भव्य शुभारंभ किया।यह नया स्टोर भारतीय शिल्पकला पर आधारित सोने और प्राकृतिक हीरों के आभूषणों की सेन्को की विस्तृत श्रृंखला को हजारीबाग और आसपास के क्षेत्रों के ग्राहकों के और करीब लेकर आया है।
इस स्टोर में पारंपरिक कारीगरी और आधुनिक डिज़ाइन के अनूठे संगम से तैयार किए गए आभूषण उपलब्ध होंगे। यह शुभारंभ सेन्को के खुदरा कारोबार का विस्तार करने के साथ-साथ आभूषण ... निर्माण की अपनी विरासत, उत्कृष्ट डिज़ाइन और ग्राहकों के विश्वास को नए बाजारों तक पहुंचाने की निरंतर प्रतिबद्धता को दर्शाता है। आठ दशकों से अधिक समय से यह ब्रांड आभूषणों की विस्तृत श्रृंखला, कुशल कारीगरी और गुणवत्ता, पारदर्शिता तथा उचित मूल्य निर्धारण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता के आधार पर ग्राहकों के बीच अपनी पहचान बनाए हुए है। हजारीबाग का नया स्टोर इन विशेषताओं के साथ शादी-विवाह, त्योहारों, उपहार देने, खास अवसरों और रोज़मर्रा में पहनने के लिए आभूषणों की आकर्षक श्रृंखला प्रस्तुत करता है। भारत में त्योहारों और शादी-विवाह की परंपराओं में आभूषणों का विशेष महत्व है। इसी को ध्यान में रखते हुए, सेन्को गोल्ड एंड डायमंड्स का नया स्टोर ग्राहकों के लिए हस्तनिर्मित सोने और प्राकृतिक हीरों के आभूषणों की विस्तृत श्रृंखला प्रस्तुत करता है। इसमें पारंपरिक ब्राइडल डिज़ाइन से लेकर त्योहारों, उपहार देने और रोज़मर्रा के खास अवसरों के लिए आधुनिक डिज़ाइन वाले आभूषण शामिल हैं।यह स्टोर जीवन के विभिन्न पड़ावों और खास समारोहों के लिए आभूषण खरीदने वाले ग्राहकों की जरूरतों को ध्यान में रखकर तैयार किया गया है। साथ ही, यहाँ ग्राहकों को सेन्को की लंबे समय से स्थापित पहचान के अनुरूप भरोसेमंद सेवा और विश्वास का अनुभव मिलेगा।
नए स्टोर के भव्य शुभारंभ के अवसर पर अभिनेत्री भूमि पेडनेकर मौजूद रहीं। उन्होंने नए शोरूम में ग्राहकों और प्रशंसकों से मुलाकात की और इस खास अवसर के जश्न में शामिल हुईं। झारखंड में अपने खुदरा कारोबार का विस्तार करते हुए हजारीबाग में सेन्को गोल्ड एंड डायमंड्स की नई शुरुआत के अवसर पर भूमि पेडनेकर की मौजूदगी ने समारोह के उत्साह को और बढ़ा दिया। स्टोर के शुभारंभ के अवसर पर भूमि पेडनेकर ने कहा, "मेरे लिए आभूषणों की खूबसूरती उनके पीछे छिपी कहानी, कारीगरी, डिज़ाइन और उनसे जुड़ी यादों में है।


**पूर्व रेलवे**

**ई-निविदा सं.: 252_2026-27, दिनांक: 09.10.2026,** मंडल रेल प्रबंधक, पूर्व रेलवे, हावड़ा, नई डीआरएम बिल्डिंग, रेल म्यूजियम के पास, हावड़ा-711101 द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिए सिंचाई/सीपीडब्ल्यूडी/ एसईबी/एमईएस या किसी सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम से पंजीकृत समेत समप्रकृति के कार्य के अनुभवी एवं अपेक्षित वित्तीय संपन्न निविदाकारों से निम्नलिखित ई-निविदा ऑनलाइन आमंत्रित की जाती है: **वरिष्ठ डीईएन/सी/हावड़ा, ई-निविदा सं.: 252_2026-27, कार्य का विवरण** : हावड़ा मंडल-हावड़ा मंडल में निम्नलिखित स्थानों पर एच-बीम स्लीपर द्वारा चैनल स्लीपर का नवीनीकरण, कुल-3645 अदद: एनएच- बीडीसी: डाउन 4.808-4.827=32 अदद, 4.427-4.442 = 28 अदद, 6.16-6.18 = 25 अदद; अप 4.808-4.827=32 अदद, 4.427-4.442=28 अदद, 6.16- 6.18 =25 अदद; एसएचई-जीओजीटी: अप 32.322-32.356=62 अदद;एसएल 66. 044-66.076=58 अदद, 67.951-67.984 =60 अदद, 62.031-62.494 =842 अदद; अप 0.931-0.953=38 अदद; डाउन 0.931-0.953=38 अदद; बीडीसी-एसकेजी : डाउन 79.23-79.252=40 अदद; आरईवी 79.23-79.252=40 अदद;डाउन 44.658-44.733 =138 अदद, 46.719-46.794 =138 अदद; आरईवी 44.658-44.733=138 अदद, 46.719-46.794 = 138 अदद;बीएलवाई-एसकेजी: डाउन फ्लाई ओवर लाइन 0.687-0.737=91 अदद, डाउन फ्लाई ओवर लाइन 3.256-3.272 = 40 अदद;एडीएल - डीकेएई: अप 8.727-8.771 = 80 अदद; डाउन 8.727-8.771=80 अदद;एसकेजी- बीडब्ल्यूएन: अप 104.4-104.5 =206 अदद; डाउन कॉर्ड 104.4-104.5 =204 अदद; डाउन 104.4-104.5=204 अदद; केएएन-एसएनटी: अप 2.408-2.458=77 अदद, एसएनटी-एनएचटी: आरईवी 88.563-88.624=111 अदद; आरईवी 89.853-89.91=104 अदद; डउन 88.563-88.624 =111 अदद, 89.853-89.91 = 104 अदद, 110.608-110.791 =333 अदद। **अनुमानित मूल्य** : रु. 10,90,62,811.04, **बयाना राशि** : रु. 21,81,300/-, **निविदा प्रपत्र का मूल्य** : शून्य, **समापन अवधि** : 12 माह। यदि निविदा आमंत्रण सूचना में उल्लिखित अंतिम तिथि को किसी भी कारण से अवकाश/ बंद/हड़ताल घोषित किया जाता है, तो ऑनलाइन निविदा की अंतिम तिथि नहीं बदली जाएगी क्योंकि आईआरईपीएस की वेबसाइट में किया गया आवेदन, निविदा की अंतिम तिथि और समय के बाद किसी भी प्रस्ताव को जमा करने की अनुमति नहीं देता है। तथापि निविदाओं का ऑनलाइन खोला जाना अगले कार्यदिवस में किया जाएगा। **निविदा की अंतिम तिथि और समय** : दिनांक 02.11.2026 को 14.00 बजे। निविदा का विवरण वेबसाइट : **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। निविदाकारों से अनुरोध किया जाता है कि अपने प्रस्ताव को उपर्युक्त वेबसाइट पर ऑनलाइन जमा करें। कोई मैनुअल प्रस्ताव स्वीकार्य नहीं होगा।

HWH-388/2026-27

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter


## एक नजर

### कांग्रेस कार्यालय का घेराव कर भाजपा महिला मोर्चा ने किया प्रदर्शन



**मेदिनीनगर (पलामू)।** महिलाओं की सुरक्षा और सम्मान के मुद्दे पर कांग्रेस के कथित दोहरे मापदंड के खिलाफ पलामू भाजपा महिला मोर्चा ने कांग्रेस जिला कार्यालय का घेराव कर प्रदर्शन किया। प्रदर्शन का नेतृत्व जिला अध्यक्ष रीना किशोर ने किया। इस दौरान रीना किशोर ने कांग्रेस के एक सांसद पर छात्राओं के यौन उत्पीड़न से जुड़े मामलों को लेकर सवाल उठाए और कांग्रेस नेतृत्व से जवाब मांगा। प्रदेश उपाध्यक्ष रूपा सिंह ने कहा कि सांसद के इस्तीफे तक महिला मोर्चा चरणबद्ध आंदोलन जारी रखेगा। प्रदेश प्रवक्ता लवली गुप्ता और पूर्व विधायक पुष्पा देवी ने भी मामले में कांग्रेस नेतृत्व से कार्रवाई की मांग की। प्रदर्शन में भाजपा जिलाध्यक्ष अमित तिवारी, नरेंद्र पांडेय, सुजाता सिंह, पिंकी विश्वकर्मा, रेणु देवी, शोभा देवी, मंजू गुप्ता सहित महिला मोर्चा के कई पदाधिकारी और पार्टी कार्यकर्ता शामिल थे।

### पलामू सिविल कोर्ट को मिले नए प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश



**मेदिनीनगर (पलामू)।** पलामू जिला व्यवहार न्यायालय को नए प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश मिल गए हैं। जामताड़ा व्यवहार न्यायालय के प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश रहे राधा कृष्ण का स्थानांतरण पलामू किया गया है। उन्होंने सोमवार को पलामू के 39वें प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश के रूप में योगदान दिया। गौरतलब है कि पलामू के तत्कालीन प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश राम शर्मा के झारखंड उच्च न्यायालय का न्यायाधीश बनने के बाद 22 सितंबर 2026 से यह पद रिक्त था। तब से अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश प्रथम राज कुमार मिश्रा प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश का प्रभार संभाल रहे थे। राधा कृष्ण के योगदान के साथ ही अब इस महत्वपूर्ण न्यायिक पद पर नियमित पदस्थापना हो गई है। उनके योगदान पर अधिवक्ताओं, लीगल एड डिफेंस काउंसिल के अधिवक्ताओं और मध्यस्थता से जुड़े अधिवक्ताओं ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए बधाई दी। नए प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश के कार्यभार संभालने से जिला न्यायालय की न्यायिक व्यवस्था को लेकर नई उम्मीदें जुड़ी हैं।

### जमशेदपुर में कार्यकर्ताओं के बीच पत्थरबाजी

**जमशेदपुर।** बिष्टुपुर के चुना बाबा मजार के पास सोमवार को कांग्रेस और भाजपा के नेता-कार्यकर्ता आमने-सामने आ गए। दोनों पक्षों के बीच पहले नारेबाजी, फिर पत्थरबाजी और लाठीबाजी हुई। इसमें दोनों दलों के कई कार्यकर्ताओं को हल्की चोटें आईं। स्थिति नियंत्रित करने के लिए पुलिस को लाठीचार्ज करना पड़ा, जिसके बाद दोनों पक्ष पीछे हटे। बताया जाता है कि जेएनयू के एक कांग्रेस नेता प्रोफेसर पर छात्रा के यौन शोषण के आरोपों को लेकर भाजपा और महिला मोर्चा देशभर में प्रदर्शन कर रहे हैं। इसी मुद्दे को लेकर दोनों दलों के बीच तनाव बढ़ने की बात सामने आई है।

### पिकअप की टक्कर से युवक की मौत

**गढ़वा।** मझिआंव-विशुनपुरा मुख्य मार्ग पर करमडीह गांव के समीप पिकअप की टक्कर से सत्येंद्र कुमार रवि (30) की मौत हो गई, जबकि उनका आठ वर्षीय पुत्र आदर्श उर्फ सिंटू बाल-बाल बच गया। हादसे के बाद चालक वाहन लेकर फरार हो गया। मृतक मझिआंव नगर पंचायत के वार्ड सात स्थित रैसूआ गांव निवासी सुधन राम के पुत्र थे। वह दशहरा पर घर आए थे। रविवार को बेटे के साथ बहन के घर कार्यक्रम में शामिल होकर लौट रहे थे, तभी महावीर अस्पताल के पास पिकअप ने उन्हें टक्कर मार दी। पुलिस फरार चालक और वाहन की पहचान में जुटी है।

# पात्र लाभुकों को समय पर मिले योजनाओं का लाभ :उपायुक्त

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मेदिनीनगर (पलामू)।** जिला दंडाधिकारी-सह-उपायुक्त दिलीप प्रताप सिंह शेखावत की अध्यक्षता में समाहरणालय सभागार में कल्याण विभाग के अंतर्गत संचालित विभिन्न योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की गई। बैठक में विद्यार्थियों के बीच साइकिल वितरण, प्री-मैट्रिक एवं पोस्ट-मैट्रिक छात्रवृत्ति, छात्रावास, आवासीय विद्यालय सहित अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अल्पसंख्यक एवं पिछड़ा वर्ग के कल्याण से जुड़ी योजनाओं की अद्यतन स्थिति पर चर्चा की गयी। इसके अतिरिक्त प्रधानमंत्री जनजातीय आदिवासी न्याय महाअभियान के तहत मल्टी पर्पस सेंटर के निर्माण कार्यों की भी समीक्षा की गयी। साइकिल वितरण योजना की समीक्षा के क्रम में उपायुक्त श्री शेखावत ने निर्देश दिया कि वित्तीय वर्ष 2025-26 में कक्षा आठवीं के पात्र छात्र-छात्राओं के बीच साइकिल वितरण की प्रक्रिया में तेजी लायी जाये। उन्होंने शेष लाभुकों को प्राथमिकता के आधार पर साइकिल उपलब्ध कराने की बात कही साथ ही वितरित साइकिलों के सुरक्षित रख-रखाव के लिए समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करने का निर्देश दिया, ताकि वे खुले में पड़े रहने के कारण बारिश, धूप अथवा अन्य प्रतिकूल परिस्थितियों से क्षतिग्रस्त न हों। छात्रवृत्ति योजनाओं की समीक्षा करते हुए डीसी ने संबंधित पदाधिकारियों को आवेदनों के सत्यापन एवं भुगतान की प्रक्रिया निर्धारित समय-सीमा के अनुरूप पूरी करने का निर्देश दिया।उन्होंने कहा कि पात्र विद्यार्थियों को छात्रवृत्ति का लाभ दिलाने में अनावश्यक विलंब नहीं होना चाहिए। इसके लिए लंबित आवेदनों की नियमित समीक्षा करते हुए आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। बैठक में धार्मिक स्थलों की चहारदीवारी निर्माण, आदिवासी कला-संस्कृति भवन, छात्रावास, आवासीय विद्यालय समेत विभाग की अन्य योजनाओं की स्थिति की जानकारी ली गयी।उपायुक्त ने संबंधित पदाधिकारियों को योजनाओं के क्रियान्वयन में आ रही समस्याओं का समाधान करते हुए कार्यों को गति देने तथा निर्धारित मानकों का अनुपालन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। प्रधानमंत्री जनजातीय आदिवासी न्याय महाअभियान के अंतर्गत मल्टी पर्पस सेंटर के निर्माण कार्यों की समीक्षा के दौरान उपायुक्त ने कार्यों की अद्यतन स्थिति की जानकारी ली। उन्होंने लंबित निर्माण कार्यों में तेजी लाने, गुणवत्ता बनाए रखने और निर्धारित समय-सीमा के भीतर कार्य पूर्ण कराने पर जोर दिया। उपायुक्त श्री शेखावत ने कहा कि कल्याण विभाग की योजनाओं का उद्देश्य जरूरतमंद एवं वंचित वर्गों को शिक्षा, आधारभूत सुविधाओं और विकास के अवसरों से जोड़ना है। इसलिए सभी संबंधित पदाधिकारी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन के प्रति गंभीर रहें तथा यह सुनिश्चित करें कि सरकारी योजनाओं का लाभ सही व्यक्ति तक समय पर पहुंचे। बैठक में जिला कल्याण पदाधिकारी श्री प्यारेलाल सहित विभाग के अन्य पदाधिकारी एवं संबंधित कर्मी उपस्थित रहे।


**पूर्व रेलवे**

**निविदा सं.: एसडीएसटीई-सीसीटीवी-हाज़त-आरपीएच-पीकेआर, दिनांक: 09.10.2026,** मंडल रेल प्रबंधक, पूर्व रेलवे, हावड़ा, नई डीआरएम बिल्डिंग, रेल म्यूजियम के पास, हावड़ा-711101 द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिए खुली ई-निविदा आमंत्रित की जाती है। बोलीदाता केवल अंतिम तिथि और समय तक अपनी मूल/संशोधित बोली जमा कर पाएंगे। इस निविदा के लिए मैनुअल प्रस्ताव की अनुमति नहीं दी जाती है एवं मैनुअल प्रस्ताव प्राप्त होने पर ध्यान नहीं दिया जाएगा। **कार्य का नाम:** अनुसूची-ए-हावड़ा मंडल में आरपीएफ पोस्ट हाजत सीसीटीवी की स्टोरेज क्षमता के विस्तार के लिए प्रस्ताव। अनुसूची-बी1-बी4-हावड़ा- हावड़ा स्टेशन में अतिरिक्त सीसीटीवी की स्थापना के लिए प्रस्ताव। अनुसूची-सी1-सी2- पाकुड़ फ्रेट यार्ड में सीसीटीवी कैमरों के साथ रोलिंग-इन/आउट सुविधाओं का प्रावधान। अनुसूची-डी1-डी2- हावड़ा मंडल के रामपुरहाट यार्ड के विभिन्न स्थानों पर सीसीटीवी कैमरों की स्थापना। **बोली प्रणाली:** एकल पैकेट। **विज्ञापित मूल्य:** रु. 4,47,37,326.75, **बयाना राशि/बोली प्रतिभूति:** रु. 8,94,800/-, **निविदा कागजात का मूल्य:** रु.0.00, **समापन अवधि:** 9 माह। **प्रस्ताव की वैधता :** 60 दिन। **निविदा अपलोड करने की तिथि और समय** : 09.10.2026 को 17.57 बजे। **बोली प्रारंभ होने की तिथि:** 19.10.2026, **निविदा की अंतिम तिथि और समय:** 02.11.2026 को 15.00 बजे। संपूर्ण विवरण रेलवे की वेबसाइट **www.ireps.gov.in** में देखा जा सकता है।

HWH-391/2026-27

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter


## डायन-बिसाही का आरोप लगाकर मारपीट, एसपी से न्याय की गुहार

**मेदिनीनगर (पलामू)।** जिले के नावाबाजार थाना क्षेत्र के दमारो गांव में डायन-बिसाही का आरोप लगाकर एक परिवार के सदस्यों के साथ मारपीट करने का मामला सामने आया है। पीड़ित उपेंद्र कुमार ठाकुर ने एसपी को आवेदन देकर आरोपियों पर कार्रवाई और परिवार की सुरक्षा की मांग की है। आवेदन के अनुसार, 3 अक्टूबर की रात करीब 11 बजे गांव के शिवपूजन मेहता, राजा मेहता और नीतीश मेहता ने कथित तौर पर घर में घुसकर सरस्वती देवी, उपेंद्र ठाकुर, उनकी पत्नी उषा देवी और भाई सुनील ठाकुर के साथ मारपीट की। इसमें कई लोग घायल हुए, जबकि उपेंद्र का हाथ टूटने और उषा देवी का सिर फटने का आरोप है। उपेंद्र का आरोप है कि पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज कर आरोपियों को हिरासत में लिया, लेकिन 24 घंटे बाद छोड़ दिया। इसके बाद आरोपियों ने मुकदमा वापस नहीं लेने पर पूरे परिवार को जान से मारने की धमकी दी। पीड़ित ने पुलिस पर पैसे और पैरवी के प्रभाव में आरोपियों को छोड़ने का भी आरोप लगाया है। उन्होंने एसपी से मामले की जांच कर न्याय दिलाने और परिवार को सुरक्षा देने की गुहार लगाई है।

## तेज रफ्तार कार की ठोकर से महिला की मौत

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**धनबाद।** बरवाअड्डा थाना क्षेत्र के जोड़ापीपल के पास रविवार देर रात तेज रफ्तार कार ने बाइक सवार परिवार को टक्कर मार दी। हादसे में रोशन प्रवीन की मौत हो गई, जबकि उनके पति और दो बच्चे गंभीर रूप से घायल हो गए। महिला की मौत से आक्रोशित ग्रामीणों ने मुआवजे और कार चालक के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करने की मांग को लेकर राष्ट्रीय राजमार्ग-19 जाम कर दिया। ग्रामीणों ने कार चालक समेत तीन लोगों को पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया। पुलिस के आश्वासन के बाद करीब चार घंटे में जाम हटाया गया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर मामले की जांच शुरू कर दी है।

## मुख्य चुनाव आयुक्त का पुतला दहन, इस्तीफे की मांग

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मदनपुर।** एसआईआर में कथित गड़बड़ी को लेकर बिहार प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देश पर भारत के मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार कार्यकर्ताओं ने पुतला दहन किया। कार्यकर्ताओं ने आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं अमित शाह के इसारे पर मुख्य चुनाव आयुक्त द्वारा जन विरोधी कार्य किए जा रहे है। एसआईआर के नाम पर बड़े पैमाने पर अल्पसंख्यक समुदाय, दलित एवं पिछड़ा वर्ग के मतदाताओं का नाम हटा दिया जा रहा है। लोक सभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी सड़क से संसद तक संघर्ष कर रहे हैं। लोकतांत्रिक व्यवस्थाओं पर सवाल खड़े किए जा रहे हैं। प्रखंड कांग्रेस कमेटी के द्वारा मदनपुर प्रखंड कार्यालय स्थित संविधान निर्माता बाबा साहेब डॉ भीमराव अम्बेडकर के प्रतिमा पर पूर्व विधायक सह जिला कांग्रेस कमेटी औरंगाबाद अध्यक्ष आनंद शंकर सिंह के द्वारा माल्यार्पण कर प्रखंड कार्यालय से आक्रोश मार्च निकालकर शिवनाथ बिगहा मोड़ होते हुए मदनपुर थाना मोड़ पर भारत के मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार का पुतला दहन किया गया। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने केन्द्र सरकार एवं चुनाव आयुक्त के खिलाफ नारेबाजी कर राष्ट्रपति से ज्ञानेश कुमार के बर्खास्तगी की मांग की। आक्रोश मार्च का नेतृत्व प्रखंड अध्यक्ष संजीव कुमार सिंह के द्वारा किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से पूर्व विधायक आनंद शंकर सिंह शामिल हुए।

## तीन दिनों से लापता युवक का कुएं में मिला शव

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गिरिडीह।** बगोदर थाना क्षेत्र के औंरा पंचायत अंतर्गत दामा गांव में सोमवार को तीन दिनों से लापता रंजीत रजक (पिता बलदेव रजक) का शव गांव से करीब आधा किलोमीटर दूर एक कुएं में मिला। ग्रामीणों की मदद से शव को बाहर निकाला गया। सूचना पर पहुंची बगोदर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है। युवक की मौत किन परिस्थितियों में हुई, इसका खुलासा नहीं हो सका है। घटना के बाद परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।


**स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लि.**
**बोकारो इस्पात संयंत्र**
**बोकारो स्टील सिटी -827001, झारखण्ड, भारत**

**सार्वजनिक सूचना**

यह बोकारो इस्पात संयंत्र के संज्ञान में आया है कि कुछ अज्ञात/अनधिकृत व्यक्तियों द्वारा आमजनों से यह कहकर धनराशि की मांग की जा रही है कि वे बोकारो इस्पात संयंत्र के अधीन भूमि/प्लॉट को लीज के आधार पर आवंटित करवा देंगे। इस संबंध में स्पष्ट किया जाता है कि वर्तमान में बोकारो इस्पात संयंत्र द्वारा व्यक्तिगत अथवा निजी पक्षों को लीज के आधार पर भूमि/प्लॉट आवंटित करने हेतु कोई विज्ञापन जारी नहीं किया गया है। भविष्य में यदि बोकारो इस्पात संयंत्र द्वारा भूमि/प्लॉट को लीज के आधार पर आवंटित करने की कोई प्रक्रिया प्रारंभ की जाती है, तो इसकी सूचना विधिवत आधिकारिक विज्ञापन/सूचना के माध्यम से ही प्रकाशित की जाएगी। ऐसी किसी भी प्रक्रिया में आवेदन एवं आवंटन पूर्णतः निष्पक्ष तरीके से निर्धारित नियमों एवं अधिकृत प्रक्रिया के अनुसार ही किया जाएगा। अतः सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि किसी भी व्यक्ति, बिचौलिये अथवा अनधिकृत माध्यम के झांसे में आकर भूमि/प्लॉट आवंटन के नाम पर किसी प्रकार की अग्रिम राशि, कमीशन अथवा अन्य धनराशि का भुगतान न करें। बोकारो इस्पात संयंत्र ऐसे किसी भी अनधिकृत व्यक्ति द्वारा किए गए आश्वासन, लेन-देन अथवा धनराशि की मांग के लिए जिम्मेदार नहीं होगा।

नगर सेवा भवन
सेल/बोकारो इस्पात संयंत्र

पंजीकृत कार्यालय : इस्पात भवन, लोदी रोड, नयी दिल्ली- 110003
कॉर्पोरेट आइडेंटिटी नम्बर L27109DL1973GO1006454 वेबसाइट www/sail.com

हर किसी की जिन्दगी से जुड़ा हुआ है सेल

# बैरक में होमगार्ड जवान को मारी गोली

- इलाज के दौरान मौत, सनसनी
- घटना के बाद महकमे में हड़कंप



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**आरा।** जिले में पुलिस की सुरक्षा व्यवस्था के बीच एक सनसनीखेज घटना सामने आई है। संदेश थाना परिसर स्थित पुलिस पुरुष बैरक में रविवार देर रात एक होमगार्ड जवान को गोली मार दी गई। गोली लगने से गंभीर रूप से जख्मी जवान ने इलाज के दौरान आरा शहर स्थित एक निजी अस्पताल में दम तोड़ दिया।

घटना के बाद पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया। मामले की गंभीरता को देखते हुए भोजपुर एसपी अवधेश दीक्षित घटनास्थल पर पहुंचे और जांच-पड़ताल की। वहीं, एफएसएल की टीम ने घटनास्थल से कई साक्ष्य एकत्र किए। मृतक होमगार्ड जवान की पहचान सहार थाना क्षेत्र के गुलजारपुर गांव निवासी प्रेम शंकर राय के पुत्र मनोल राय के रूप में की जा रही है। वह संदेश थाना में होमगार्ड जवान के पद पर कार्यरत थे।

मिली जानकारी के अनुसार, रविवार देर रात संदेश थाना परिसर स्थित पुरुष बैरक में दो होमगार्ड जवानों के बीच किसी बात को लेकर कहासुनी होने की बात सामने आ रही है। इसी दौरान एक जवान को गोली लग गई। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, दूसरे होमगार्ड जवान द्वारा गोली मारे जाने की बात कही जा रही है। हालांकि, विवाद के कारणों और गोली चलने की वास्तविक परिस्थितियों को लेकर अभी तक आधिकारिक रूप से विस्तृत जानकारी सामने नहीं आई है।

घायल को पहले संदेश रेफरल अस्पताल ले जाया गया। वहां से बेहतर इलाज के लिए उसे आरा के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई।

थाना परिसर के अंदर हुई इस घटना के बाद पुलिस महकमे में अफरा-तफरी मच गई। भोजपुर एसपी अवधेश दीक्षित ने घटनास्थल पर पहुंचकर मामले की जांच की। एफएसएल की टीम को भी मौके पर बुलाया गया, जिसने घटनास्थल से कई महत्वपूर्ण साक्ष्य एकत्र किए। पुलिस घटना के सभी पहलुओं की जांच कर रही है। साथ ही, गोली चलने के कारणों और घटना में शामिल जवान की भूमिका का पता लगाने का प्रयास किया जा रहा है। फिलहाल, पुलिस की जांच के बाद ही घटना की पूरी तस्वीर स्पष्ट हो सकेगी।

# पूजा के लिए श्रद्धालुओं की उमड़ी भीड़

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरपुर।** शारदीय नवरात्र के दूसरे दिन सोमवार को मां दुर्गा के दूसरे स्वरूप मां ब्रह्मचारिणी की विधि-विधान से पूजा-अर्चना की जा रही है। इस अवसर पर मुजफ्फरपुर जिले के प्रमुख मंदिरों में सुबह से ही श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी। भक्त मां के दर्शन और पूजन के लिए अहले सुबह से मंदिर पहुंचने लगे। मंदिर परिसर में 'जय माता दी' के जयकारे गूंजते रहे और चारों ओर भक्तिमय माहौल देखने को मिला। श्रद्धालु मंदिरों के साथ-साथ अपने घरों में भी पूजा-पाठ और आराधना में लीन हैं।



नवरात्रि के दूसरे दिन मां ब्रह्मचारिणी की पूजा-अर्चना के लिए मुजफ्फरपुर के प्रमुख मंदिरों में श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा। सुबह से ही बड़ी संख्या में भक्त दर्शन-पूजन के लिए पहुंचे। मंदिरों में विशेष सजावट की गई है और पूरे परिसर में भक्ति का माहौल बना हुआ है। मां के जयकारों से मंदिर परिसर गूंज उठे। श्रद्धालुओं में पूजा को लेकर खास उत्साह देखने को मिला। मान्यताओं के अनुसार, मां ब्रह्मचारिणी की सच्चे मन से उपासना करने से भक्तों के दुख और विकार दूर होते हैं तथा जीवन में सुख-समृद्धि आती है। देवी पुराण से जुड़ी मान्यताओं के अनुसार, नवरात्रि के दूसरे दिन मां ब्रह्मचारिणी की पूजा करने से साधक को तप, त्याग, संयम और सदाचार जैसे गुणों की प्राप्ति होती है। भक्त मां की आराधना कर सुख-शांति और समृद्धि की कामना कर रहे हैं।

## शो रूम में लगी आग

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**हजारीबाग।** बड़ाबाजार टीओपी क्षेत्र के हुरहुरू स्थित केटीएम शोरूम के सर्विस सेंटर में भीषण आग लगने से अनुमानित 80 लाख रुपये का भारी नुकसान हुआ है। बिजली के शॉर्ट सर्किट से 10 अक्तूबर की देर रात लगी इस आग ने सर्विस सेंटर में रखीं कई पुरानी मोटरसाइकिलें, बैटरी स्कूटी और वाहनों के महंगे पार्ट्स पूरी तरह जलाकर नष्ट कर दिए। घटना की जानकारी मिलते ही अग्निशमन विभाग ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आग पर काबू पाया, जिससे एक बड़ा हादसा टल गया।

यह हादसा केटीएम शोरूम के बेसमेंट में संचालित सर्विस सेंटर में हुआ। स्थानीय लोगों ने रात नौ बजे के आसपास शोरूम बंद करके सर्विस सेंटर का मुख्य शटर गिरा दिया था। इसी दौरान बेसमेंट के भीतर अचानक आग लग गई। शटर की दरारों से भारी मात्रा में धुआं बाहर निकलते देख आसपास के लोगों ने तुरंत इसकी सूचना शोरूम संचालक बैद्यनाथ महतो को दी। इसके बाद संजय सिंह ने घटना के संबंध में अग्निशमन विभाग को रात 9:46 बजे सूचना दी।

# ट्रैक्टर पलटने से दो की मौत, तीन घायल



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कटिहार।** पोठिया-डुमर सड़क पर एक दर्दनाक हादसे में दो युवकों की मौके पर ही मौत हो गई। कुशियारी मोड़ के समीप ट्रैक्टर अचानक अनियंत्रित होकर पलट गया। हादसे के वक्त ट्रैक्टर पर चालक समेत पांच लोग सवार थे। दुर्घटना इतनी गंभीर थी कि दो युवकों को संभलने तक का मौका नहीं मिला, जबकि तीन लोग घायल हो गए। घायलों का अस्पताल में इलाज चल रहा है।

घटना के बाद इलाके में अफरा-तफरी मच गई। हादसे में जान गंवाने वालों की पहचान बरारी थाना क्षेत्र के जीरा पट्टी निवासी सफीकुल अंसारी और मोहम्मद मनीर के रूप में हुई है। दोनों की मौत की खबर मिलते ही परिजनों में मातम पसर गया। परिवार के लोगों का रो-रोकर बुरा हाल है।

बताया जा रहा है कि ट्रैक्टर पर चालक समेत कुल पांच लोग सवार होकर पोठिया-डुमर सड़क मार्ग से गुजर रहे थे। इसी दौरान कुशियारी मोड़ के समीप ट्रैक्टर अचानक अनियंत्रित हो गया और सड़क पर पलट गया। हादसे के बाद लोगों की भीड़ जुट गई। घटनास्थल पर अफरा-तफरी का माहौल बन गया।

घटना की सूचना मिलते ही पोठिया थाने की पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण किया और दुर्घटना से जुड़ी जानकारी जुटानी शुरू कर दी। हादसे में दो लोगों की मौत के बाद पुलिस दुर्घटना के कारणों का पता लगाने में जुटी है।

# कंप्यूटर सेंटर का विधायक ने किया उद्घाटन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**अररिया।** नई पीढ़ी को कंप्यूटर की तकनीक से जोड़ कर और उन्हें संवार कर उसे रोजगार के अवसरों से जोड़ने का जो सपना पत्रकार डॉक्टर अब्दुल कादिर शम्स ने देखा था, वह अब हकीकत का रूप ले रहा है। इसी कल्याणकारी मिशन को आगे बढ़ाने की दिशा में जिला मुख्यालय स्थित जीरोमाइल में जेड एन एकेडमी परिसर में दावत कंप्यूटर सेंटर की नई शाखा का उद्घाटन एक उपलब्धियां है। सदर विधायक आबिदुर रहमान ने दावत कंप्यूटर सेंटर की नई शाखा इकाई के उद्घाटन के अवसर पर अपने संबोधन में कहा कि डॉक्टर अब्दुल कादिर शम्स ने अपनी जीवन में नई नस्ल की तालीम और तरक्की के लिए जो काम कर गए, वह हमारे लिए बड़े गर्व की बात है।

उन्होंने कहा कि डॉ शम्स के भाई पूर्व सीनियर पत्रकार व शिक्षक अब्दुल वाहिद रहमानी जिस अजम वो जज्बे के साथ इस मिशन को आगे बढ़ाने में मसरूफ हैं, इनका सहयोग करना, समय की जरूरत है। इस मौके पर



मंच संचालन कर रहे शिक्षक अरशद अनवर अलिफ, पूर्व मुखिया वशीक साहब, इकबाल नदवी, विधायक पुत्र आफताब उर रहमान, कंप्यूटर सेंटर के इंचार्ज मोहम्मद अबू नसर, मुजम्मिल हसीन, पत्रकार कमर आलम, जसीमुद्दीन, आदि गणमान्य लोग वो ग्रामीण मौजूद थे।

इस सेंटर के शुभारंभ होने से स्कूल परिवार व प्रशासन का हृदय से आभार व्यक्त किया।

## हथियार के साथ एक धराया

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**जमशेदपुर।** शहर में अवैध हथियारों की खरीद-फरोख्त का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है। ताजा मामले में बिरसानगर थाना क्षेत्र के फुटबॉल मैदान के पास हथियारों की सौदेबाजी के लिए जुटे पांच युवकों पर पुलिस ने अचानक दबिश दी। पुलिस को अपनी ओर आते देख युवकों में भगदड़ मच गई। इस दौरान पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए यश दास को एक पिस्तौल और दो कारतूस के साथ दबोच लिया, जबकि उसके चार साथी घेराबंदी तोड़कर फरार होने में कामयाब रहे। गिरफ्तार युवक के पास से दो मोबाइल फोन भी बरामद किए गए हैं। पुलिस अब यह पता लगाने में जुटी है कि हथियार कहां से लाया गया था और इसकी आपूर्ति किसे की जानी थी। पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि बिरसानगर के फुटबॉल मैदान के पास कुछ संदिग्ध युवक अवैध हथियारों की खरीद-फरोख्त के लिए एकत्र हुए हैं।

सूचना मिलते ही पुलिस टीम ने तुरंत मौके पर पहुंचकर घेराबंदी की। पुलिस को देखते ही वहां मौजूद युवक अलग-अलग दिशाओं में भागने लगे।

# एम्बुलेंस कर्मियों ने भिक्षाटन कर जताया विरोध

**कर्मचारियों का चरणबद्ध आंदोलन सातवें दिन भी जारी**

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रांची।** लंबित वेतन, मनमानी कटौती और बर्खास्त कर्मचारियों की बहाली समेत विभिन्न मांगों को लेकर झारखंड प्रदेश एम्बुलेंस कर्मचारी संघ ने सोमवार को राज्यव्यापी भिक्षाटन कार्यक्रम चलाया। भारतीय मजदूर संघ से संबद्ध संघ के आह्वान पर रांची सदर अस्पताल सहित राज्य के विभिन्न स्थानों पर 108 एम्बुलेंस कर्मियों ने भिक्षाटन कर सरकार का ध्यान अपनी समस्याओं की ओर आकर्षित किया। कर्मचारियों का चरणबद्ध आंदोलन सातवें दिन भी जारी रहा।

संघ के प्रदेश महामंत्री सह रांची जिला अध्यक्ष सूरज साहू ने कहा कि कर्मचारियों का वेतन जुलाई 2026 से लंबित है। इसके अलावा, वेतन में मनमानी कटौती, एम्बुलेंस की समय पर मरम्मत नहीं होने और सेवा से हटाए गए कर्मचारियों की बहाली नहीं किए जाने के कारण कर्मियों को आर्थिक संकट का सामना करना पड़ रहा है।

संघ की प्रमुख मांगों में 108 एम्बुलेंस सेवा का संचालन जिला स्तर पर सिविल सर्जन के माध्यम से कराने, बर्खास्त कर्मचारियों को पुनः बहाल करने तथा कर्मचारियों को सभी श्रमिक और वैधानिक अधिकार उपलब्ध कराने की मांग शामिल है।

सूरज साहू ने बताया कि 16 सितंबर 2026 को स्वास्थ्य मंत्री डॉ. इरफान अंसारी की अध्यक्षता में हुई बैठक में 15 से 20 दिनों के भीतर समस्याओं के समाधान का आश्वासन दिया गया था। हालांकि, निर्धारित समय सीमा बीतने के बाद भी मांगों पर ठोस कार्रवाई नहीं हुई। इससे नाराज कर्मचारी चरणबद्ध आंदोलन करने को मजबूर हैं।

# कल्पवास मेले को ले संतों ने रखी बड़ी मांग

- आस्था के आयोजन में सुविधाओं की दरकार
- 22 एकड़ में बसने जा रही आस्था की नगरी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बेगूसराय।** गंगा की अविरल धारा, संतों की साधना और सनातन परंपरा की जीवंत विरासत को समेटे सिमरिया धाम एक बार फिर कार्तिक कल्पवास मेले के लिए तैयार हो रहा है। गंगा तट पर लगने वाले राजकीय कार्तिक कल्पवास मेले को लेकर तैयारियां तेज हो गई हैं। देश के विभिन्न हिस्सों से साधु-संतों का आगमन शुरू हो चुका है। मेले की तैयारियों के बीच पेयजल, शौचालय, स्वच्छता और प्रकाश व्यवस्था को लेकर संतों ने प्रशासन का ध्यान आकृष्ट कराया है। महंत मिथिलेश दास उर्फ बौआ हनुमान और महंत हरिकांत शास्त्री ने मांग की है कि कल्पवासियों के पहुंचने से पहले जरूरी सुविधाएं सुनिश्चित की जाएं। मेला क्षेत्र में स्वच्छ पेयजल के लिए चापाकल लगाने, पर्याप्त शौचालयों का निर्माण कराने, नियमित साफ-सफाई और जमीन का समतलीकरण करने की जरूरत बताई गई है। इसके अलावा, क्षेत्र में लगी पांचों हाईमास्ट लाइटों को जल्द चालू कराने तथा संतों और श्रद्धालुओं की सुरक्षा के लिए समुचित प्रबंध करने की मांग की गई है।

18 अक्तूबर से 24 नवंबर तक आयोजित होने वाले इस धार्मिक आयोजन के लिए करीब 22 एकड़ में आध्यात्मिक नगरी बसाने की कवायद चल रही है। हालांकि, तैयारियों के बीच बुनियादी सुविधाओं और मेला क्षेत्र में रखे रिफाइनरी के दो बड़े संयंत्रों को लेकर संतों ने प्रशासन से त्वरित पहल की मांग की है।

औटा-सिमरिया सिक्सलेन सड़क पुल के पूरब स्थित मेला क्षेत्र में साफ-सफाई, जमीन के समतलीकरण, सेक्टर निर्धारण और खालसा निर्माण की तैयारियां शुरू कर दी गई हैं। पूरे क्षेत्र को आठ सेक्टरों और 100 से अधिक ब्लॉक में विभाजित किया जा रहा है। बिहार सरकार की ओर से प्रत्येक खालसा के महंत को 90 गुणा 90 फीट जमीन उपलब्ध कराई जाएगी। इसी परिसर में संत-महात्माओं और कल्पवासियों के ठहरने की व्यवस्था होगी।

जिला प्रशासन के निर्देश पर खालसा जनसेवा समिति के अध्यक्ष तन तुलसी विष्णुदेवाचार्य की देखरेख में पिछले दो दिनों से तैयारियां जारी हैं। लक्ष्य है कि मेले में श्रद्धालुओं की भीड़ बढ़ने से पहले मेला क्षेत्र को व्यवस्थित किया जा सके।

कल्पवास मेले की आहट के साथ सिमरिया धाम में धार्मिक गतिविधियां तेज होने लगी हैं। वृंदावन के महंत लाडली दास, मधुबनी के महंत मिथिलेश दास उर्फ बौआ हनुमान, खखड़ बाबा खालसा के महंत विष्णुदेवाचार्य, लक्ष्मी नारायण कथाकुंज आश्रम के महंत हरिकांत शास्त्री, श्रीमन नारायण खालसा की महंत गंगा देवी और अयोध्या मिथिला नगर खालसा के महंत किशोरी शरण सहित कई संत यहां पहुंच चुके हैं।

# प्रधानाध्यापकों की बैठक में कई बिंदुओं पर समीक्षा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**शिवाजीनगर।** प्रखंड अंतर्गत मॉडल उच्च माध्यमिक विद्यालय शिवाजीनगर के सभागार में सोमवार को प्रखंडाधीन 125 विद्यालयों के प्रधानाध्यापकों की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी राम जन्म सिंह ने की, जबकि संचालन पूर्व बीआरपी बालमुकुंद सिंह ने किया।

बैठक में विद्यालयों से संबंधित विभिन्न शैक्षणिक एवं विभागीय कार्यों की समीक्षा करते हुए प्रधानाध्यापकों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। बैठक के दौरान विद्यालयों के मास्टर डाटा के सत्यापन को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। साथ ही अप्रशिक्षित शिक्षकों से संबंधित प्रपत्रों की समीक्षा करते हुए आवश्यक जानकारी एवं दस्तावेजों को अद्यतन रखने का निर्देश दिया गया। सितंबर 2026 तक विद्यालयों में छात्रों की उपस्थिति का ई-शिक्षाकोष पोर्टल पर ऑनलाइन सत्यापन करते हुए कार्य की भी समीक्षा की गई। इसके अलावा



विद्यालयों में संचालित कायाकल्प कार्यक्रम की प्रगति की जानकारी ली गई।

विद्यालयों में उपलब्ध मूलभूत सुविधाओं तथा नियमित रूप से दवा वितरण एवं उससे संबंधित अभिलेखों को संधारित करने का निर्देश दिया गया प्रधानाध्यापकों को प्रशास्त्र एप पर आवश्यक रजिस्ट्रेशन का कार्य पूरा करने को कहा गया। पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से एक पेड़ मां के नाम कार्यक्रम के तहत प्रत्येक विद्यालय में 100 पौधे लगाने तथा लगाए गए पौधों का विवरण इको क्लब के माध्यम से संधारित करने पर भी चर्चा हुई। बीईओ ने सभी प्रधानाध्यापकों को विभागीय निर्देशों का समय पर अनुपालन सुनिश्चित करने को कहा।

बैठक में मौके पर प्रधानाध्यापक प्रदीप कुमार, राजकुमार राय, राममिलन सहनी, प्रमोद कुमार पासवान, मृत्युंजय कुमार राय, सुभाष सिंह, अरुण कुमार पासवान, रामनाथ पंडित, राजकुमार मुखिया, अवधेश कुमार, सहदेव कुमार शर्मा डाटा एंट्री ऑपरेटर, प्रधानाध्यापक रविंद्र कुमार, राजन कुमार, सत्यनारायण आर्य, देवानंद कामत, बिहारी दास, प्रकाश कुमार सहित प्रखंड के विभिन्न विद्यालयों के प्रधानाध्यापक एवं शिक्षक उपस्थित थे।

# जेपी सेनानी संगठन के तत्वावधान में समारोह आयोजित

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बोधगया।** विगत 11 अक्टूबर को जीवन संगम सभागार में जयप्रकाश नारायण की 124वीं जयंती के अवसर पर लोकतंत्र जेपी सेनानी संगठन के तत्वावधान में समारोह का आयोजन किया गया। समारोह की अध्यक्षता संगठन के जिलाध्यक्ष जगदेव सिंह और संचालन रामबिलास शर्मा ने किया। समारोह के प्रारंभ में जेपी के तैल चित्र पर माल्यार्पण व पुष्पांजलि अर्पित की गई। समारोह के मुख्य अतिथि प्रो अली इमाम ने कहा कि जेपी संपूर्ण क्रांति की बात करते थे, जिसका उद्देश्य समाज में आमूलचूल परिवर्तन करना था. एक ऐसा समाज बने, जो शोषण मुक्त हो। वे चाहते थे कि गांव से शुरू हो कर पंचायत, प्रखंड, अनुमंडल, जिला, राज्य और केंद्र सरकार बनाने का चुनाव हो। प्रोफेसर मुंद्रिका प्रसाद नायक ने कहा कि युवाओं में सत्ता बदलने क्षमता होती है। उन्होंने बंगलादेश, नेपाल, श्रीलंका का उदाहरण देते हुए कहा कि हिंदुस्तान में भी युवा सड़क पर हैं। एस आई आर के विरुद्ध लड़ रहे हैं लेकिन युवाओं को सामाजिक मुद्दे भी उठाने होंगे।

इस मौके पर लोक समिति के राष्ट्रीय संयोजक कौशल गणेश आजाद ने जेपी के जीवन और की जानकारी दी। श्री आजाद ने कहा कि आज वैसी ही परिस्थितियों से देश गुजर रहा है। ह्यएसआईआरह्ल के नाम पर लोगों को वोट देने के अधिकार को छीना जा रहा है। उन्होंने कहा कि आजादी



के बाद जेपी को सत्ता के शीर्ष पर जाने का मौका मिला लेकिन उन्होंने विनम्रता पूर्वक अस्वीकार कर दिया और जीवन पर्यन्त संघर्ष और रचना के काम लगे रहे। उन्होंने कहा कि 1966--67 में अकाल के समय जेपी नहीं होते तो बिहार के लोगों को बचाना शायद मुश्किल हो जाता। जेपी विदेशों का दौरा कर अनाज, कपड़े, दूध, बिस्कुट आदि सामग्री जुटाई और इस तरह बिहार के लोगों को भूख से बचाया।

समारोह को अखौरी प्रसाद निरंजन, पूर्व मुखिया राजेन्द्र मेहता हरेंद्र सिंह भोक्ता, राजेन्द्र मांझी, पूर्व मुखिया दिनेश प्रसाद, रामदेव, संजय आनंद, रमेश यादव, कारु भाई, केडी यादव, बिशुनधारी यादव, प्रमेश्वर यादव आदि ने भी संबोधित किया। समारोह में सर्वश्री सुखदेव सिंह, नवल किशोर सिंह, किशोरी यादव, ईश्वर साव,

# इलाज के दौरान मौत

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बिरनी।** झारखंड के गिरिडीह जिले के बिरनी प्रखंड के बंगराकला गांव निवासी भाजपा कार्यकर्ता बुधन यादव (60) की हाथी के हमले में घायल होने के बाद इलाज के दौरान मौत हो गई। रविवार सुबह करीब नौ बजे रांची स्थित रिम्स में उन्होंने अंतिम सांस ली। सोमवार अहले सुबह उनका पार्थिव शरीर गांव पहुंचा। शव घर पहुंचते ही स्वजन की चीत्कार से माहौल गमगीन हो गया। पूरे गांव में मातम पसर गया। बाद में ग्रामीणों के सहयोग से गमगीन माहौल में उनका अंतिम संस्कार कर दिया गया।

जानकारी के अनुसार, गत 25 सितंबर की रात बंगराकला गांव में हाथी ने हमला कर उत्पात मचाया था।

**पूर्व रेलवे**

**ई-नीलामी आमंत्रण सूचना**

**ई-नीलामी सूचना सं. : सीओएम/पीयूबी/एचडब्ल्यूएच/26/40** **दिनांक : 08.10.2026**

वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, पूर्व रेलवे, हावड़ा मंडल, नई डीआरएम बिल्डिंग, चतुर्थ तल, रेल म्यूजियम के पास, हावड़ा-711101 द्वारा हावड़ा मंडल में चलने वाली 12 कोच की ईएमयू रेक के कोचों के अंदर निर्दिष्ट स्थानों पर और संपूर्ण साइड वॉल की बाहरी सतह पर विनाइल रैपिंग के माध्यम से तीन (03) वर्ष की अवधि के लिए वाणिज्यिक प्रचार के अधिकार का अनुबंध प्रदान करने के लिए ई-नीलामी आमंत्रित की जाती है। **कैटलॉग सं.: पीयूबी-एचडब्ल्यूएच-26-40, नीलामी शुरू होने की तिथि और समय:** 23.10.2026 को 11.00 बजे। **क्रम सं. और लॉट सं.** निम्नानुसार हैं: **एए/1, एडीवीटी-आईएनटीईएक्सटी-एस1-ईएमयूआर14-26-1 (विज्ञापन-ट्रेन इंटीरियर एवं एक्सटीरियर)। एए/2, एडीवीटी-आईएनटीईएक्सटी-एस1-ईएमयूआर7-26-1 (विज्ञापन-ट्रेन इंटीरियर एवं एक्सटीरियर)। एए/3, एडीवीटी-आईएनटीईएक्सटी-एस1-ईएमयूआर35-26-1 (विज्ञापन-ट्रेन इंटीरियर एवं एक्सटीरियर)। एए/4, एडीवीटी-आईएनटीईएक्सटी-एस1-ईएमयूआर49-26-1 (विज्ञापन-ट्रेन इंटीरियर एवं एक्सटीरियर)। एए/5, एडीवीटी-आईएनटीईएक्सटी-एस1-ईएमयूआर3-26-1 (विज्ञापन-ट्रेन इंटीरियर एवं एक्सटीरियर)। एए/6, एडीवीटी-आईएनटीईएक्सटी-एस1-ईएमयूआर6-26-1 (विज्ञापन-ट्रेन इंटीरियर एवं एक्सटीरियर)। एए/7, एडीवीटी-आईएनटीईएक्सटी-एस1-ईएमयूआर9-26-1 (विज्ञापन-ट्रेन इंटीरियर एवं एक्सटीरियर)। एए/8, एडीवीटी-आईएनटीईएक्सटी-एस1-ईएमयूआर11-26-1 (विज्ञापन-ट्रेन इंटीरियर एवं एक्सटीरियर)। एए/9, एडीवीटी-आईएनटीईएक्सटी-एस1-ईएमयूआर37-26-1 (विज्ञापन-ट्रेन इंटीरियर एवं एक्सटीरियर)। एए/10, एडीवीटी-आईएनटीईएक्सटी-एस1-ईएमयूआर42-26-1 (विज्ञापन-ट्रेन इंटीरियर एवं एक्सटीरियर)। एए/11, एडीवीटी-आईएनटीईएक्सटी-एस1-ईएमयूआर51-26-1 (विज्ञापन-ट्रेन इंटीरियर एवं एक्सटीरियर)। एए/12, एडीवीटी-आईएनटीईएक्सटी-एस1-ईएमयूआर10-26-1 (विज्ञापन-ट्रेन इंटीरियर एवं एक्सटीरियर)। एए/13, एडीवीटी-आईएनटीईएक्सटी-एस1-ईएमयूआर26-26-1 (विज्ञापन-ट्रेन इंटीरियर एवं एक्सटीरियर)। एए/14, एडीवीटी-आईएनटीईएक्सटी-एस1-ईएमयूआर27-26-1 (विज्ञापन-ट्रेन इंटीरियर एवं एक्सटीरियर)। एए/15, एडीवीटी-आईएनटीईएक्सटी-एस1-ईएमयूआर44-26-1 (विज्ञापन-ट्रेन इंटीरियर एवं एक्सटीरियर)। एए/16, एडीवीटी-आईएनटीईएक्सटी-एस1-ईएमयूआर45-26-1 (विज्ञापन-ट्रेन इंटीरियर एवं एक्सटीरियर)। एए/17, एडीवीटी-आईएनटीईएक्सटी-एस1-ईएमयूआर47-26-1 (विज्ञापन-ट्रेन इंटीरियर एवं एक्सटीरियर)। एए/18, एडीवीटी-आईएनटीईएक्सटी-एस1-ईएमयूआर25-26-1 (विज्ञापन-ट्रेन इंटीरियर एवं एक्सटीरियर)। एए/19, एडीवीटी-आईएनटीईएक्सटी-एस1-ईएमयूआर36-26-1 (विज्ञापन-ट्रेन इंटीरियर एवं एक्सटीरियर)। एए/20, एडीवीटी-आईएनटीईएक्सटी-एस1-ईएमयूआर38-26-1 (विज्ञापन-ट्रेन इंटीरियर एवं एक्सटीरियर)। एए/21, एडीवीटी-आईएनटीईएक्सटी-एस1-ईएमयूआर4-26-1 (विज्ञापन-ट्रेन इंटीरियर एवं एक्सटीरियर)। एए/22, एडीवीटी-आईएनटीईएक्सटी-एस1-ईएमयूआर13-26-1 (विज्ञापन-ट्रेन इंटीरियर एवं एक्सटीरियर)। एए/23, एडीवीटी-आईएनटीईएक्सटी-एस1-ईएमयूआर20-26-1 (विज्ञापन-ट्रेन इंटीरियर एवं एक्सटीरियर)। एए/24, एडीवीटी-आईएनटीईएक्सटी-एस1-ईएमयूआर28-26-1 (विज्ञापन-ट्रेन इंटीरियर एवं एक्सटीरियर)। एए/25, एडीवीटी-आईएनटीईएक्सटी-एस1-ईएमयूआर5-26-1 (विज्ञापन-ट्रेन इंटीरियर एवं एक्सटीरियर)। एए/26, एडीवीटी-आईएनटीईएक्सटी-एस1-ईएमयूआर19-26-1 (विज्ञापन-ट्रेन इंटीरियर एवं एक्सटीरियर)। एए/27, एडीवीटी-आईएनटीईएक्सटी-एस1-ईएमयूआर21-26-1 (विज्ञापन-ट्रेन इंटीरियर एवं एक्सटीरियर)। एए/28, एडीवीटी-आईएनटीईएक्सटी-एस1-ईएमयूआर50-26-1 (विज्ञापन-ट्रेन इंटीरियर एवं एक्सटीरियर)। एए/29, एडीवीटी-आईएनटीईएक्सटी-एस1-ईएमयूआर12-26-1 (विज्ञापन-ट्रेन इंटीरियर एवं एक्सटीरियर)। एए/30, एडीवीटी-आईएनटीईएक्सटी-एस1-ईएमयूआर18-26-1 (विज्ञापन-ट्रेन इंटीरियर एवं एक्सटीरियर)। एए/31, एडीवीटी-आईएनटीईएक्सटी-एस1-ईएमयूआर23-26-1 (विज्ञापन-ट्रेन इंटीरियर एवं एक्सटीरियर)। एए/32, एडीवीटी-आईएनटीईएक्सटी-एस1-ईएमयूआर1-26-1 (विज्ञापन-ट्रेन इंटीरियर एवं एक्सटीरियर)। एए/33, एडीवीटी-आईएनटीईएक्सटी-एस1-ईएमयूआर41-26-1 (विज्ञापन-ट्रेन इंटीरियर एवं एक्सटीरियर)। एए/34, एडीवीटी-आईएनटीईएक्सटी-एस1-ईएमयूआर46-26-1 (विज्ञापन-ट्रेन इंटीरियर एवं एक्सटीरियर)। एए/35, एडीवीटी-आईएनटीईएक्सटी-एस1-ईएमयूआर29-26-1 (विज्ञापन-ट्रेन इंटीरियर एवं एक्सटीरियर)। विवरण:** हावड़ा मंडल में चलने वाली 12 कोच की ईएमयू रेक के कोचों के अंदर निर्दिष्ट स्थानों पर और संपूर्ण साइड वॉल (खिड़कियों और अनिवार्य साइनेज को छोड़कर) की बाहरी सतह पर विनाइल रैपिंग (आरडीएसओ स्पेसिफिकेशन के अनुसार ग्राफिक फिल्म) के माध्यम से तीन (03) वर्ष की अवधि के लिए वाणिज्यिक प्रचार का अधिकार प्रदान करना (उपर्युक्त एए/1 से एए/35 प्रत्येक के लिए) HWH-390/2026-27

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

# छापेमारी में शराब के साथ महिला गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**जमुई।** दशहरा पर्व को लेकर चकाई थाना पुलिस सतर्क है। अवैध शराब के विरुद्ध चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत पुलिस ने गोला चकाई में छापामारी कर करीब 16 लीटर अंग्रेजी शराब के साथ एक महिला को गिरफ्तार किया है।

गिरफ्तार महिला की पहचान गोला चकाई निवासी सुधीर चौधरी की पत्नी गुड्डी देवी के रूप में हुई है। इस संबंध में चकाई थाना में पदस्थापित पुलिस अवर निरीक्षक मोतीलाल साह के लिखित आवेदन पर बिहार मद्य निषेध एवं उत्पाद अधिनियम के तहत रिपोर्ट दर्ज की गई है।

मामले की जांच अवर निरीक्षक को सौंपी गई है। पुलिस के अनुसार, 11 अक्टूबर को थानाध्यक्ष सर्वजीत कुमार के निर्देश पर पुलिस अवर निरीक्षक मोतीलाल साह सशस्त्र बल के सिपाही मु. बेलाल अहमद, नीतीश कुमार तथा महिला सिपाही मनीषा कुमारी और निशू कुमारी के साथ क्षेत्र भ्रमण पर निकले थे। शाम करीब पांच बजे गुप्त सूचना मिली कि गोला चकाई निवासी गुड्डी देवी ने दशहरा पर्व में बिक्री के लिए अपने घर में भारी मात्रा में अंग्रेजी शराब छिपाकर रखी है। सूचना का सत्यापन करने के बाद वरीय अधिकारी को सूचित किया गया। इसके बाद पुलिस टीम ने रात करीब पौने आठ बजे महिला के घर पर छापामारी की। दरवाजे पर मौजूद महिला ने अपना नाम गुड्डी देवी बताया। स्वतंत्र गवाह नहीं मिलने पर महिला सिपाहियों को गवाह बनाकर घर की तलाशी ली गई। तलाशी के दौरान घर में रखी लोहे की अलमीरा से विभिन्न ब्रांड की कुल 36 बोतलें अंग्रेजी शराब बरामद हुई। सभी बोतलों पर केवल झारखंड में बिक्री के लिए होने का चिह्न अंकित था। बरामद शराब की कुल मात्रा 15.995 लीटर आंकी गई है। पूछताछ में महिला ने बताया कि उसका पति बाहर रहता है और घर का खर्च चलाने के लिए वह शराब बेचती है।

## मंसूर गिलानी का इफ्तिताह

**अररिया।** जामिया दारुल कुरआन नूरानी, मोहल्ला खड़हैया बस्ती, वार्ड नंबर 11, अररिया में रविवार को मस्जिद मुहम्मद मंसूर गिलानी का इफ्तिताह किया गया। इस मौके पर नमाज-ए-जुहर अदा करने के बाद मस्जिद का इफ्तिताह हुआ और दुआइया नशिस्त का आयोजन किया गया, जिसमें कई उलमा-ए-किराम और दीगर हजरात ने शिरकत की। इस मौके पर मुफ्ती इनामुल बारी साहब कासमी, मौलाना नौशाद साहब कासमी, मुफ्ती गालिब साहब कासमी, कारी महताब साहब, मौलाना महमूद साहब समेत कई दीगर हजरात मौजूद रहे। दुआइया नशिस्त को खिताब करते हुए मुफ्ती इनामुल बारी साहब ने मस्जिद की अहमियत और उसकी तामीर की फजीलत बयान की। उन्होंने कहा कि जो लोग अल्लाह तआला की रजा के लिए मस्जिद बनाते हैं, अल्लाह तआला उनके लिए जन्नत में घर बनाता है। मस्जिदें सिर्फ. नमाज अदा करने की जगह नहीं, बल्कि दीन की तालीम, इस्लाह और समाज में भाईचारे को बढ़ावा देने का भी अहम जरिया हैं।

# दुष्कर्म के बाद हत्या से भड़के छात्र सड़क पर उतरे

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**दुमका।** दुमका जिला के काठीकुंड थाना क्षेत्र में किशोरी के साथ सामूहिक दुष्कर्म के बाद हत्या से विद्यार्थियों में आक्रोश है। घटना के विरोध में सोमवार को झारखंड छात्र सभा के बैनर तले सैकड़ों छात्र सड़क पर उतर आए।

छात्रों ने एसपी कॉलेज मैदान से रैली निकाली और अंबेडकर चौक पहुंचकर सड़क जाम कर दिया। आंदोलनकारी की मांग है कि घटना में शामिल आरोपियों को जल्द से जल्द गिरफ्तार किया जाए और दोष सिद्ध होने पर उन्हें फांसी की सजा दी जाए।

छात्रों का कहना है कि पीड़िता को न्याय दिलाने और ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकने के लिए दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई जरूरी है। अंबेडकर चौक पर प्रदर्शन के दौरान छात्रों ने न्याय की मांग को लेकर अपना आक्रोश जाहिर किया।

छात्रों का कहना है कि मामले में त्वरित कार्रवाई होनी चाहिए, ताकि पीड़िता को न्याय मिल सके और लोगों का कानून-व्यवस्था पर भरोसा बना रहे। आंदोलनकारियों ने अपनी मांगों को लेकर आवाज बुलंद की। उन्होंने कहा जब तक जिला प्रशासन आकर अब तक भी कार्रवाई के बारे में जानकारी नहीं देगा तब तक मार्ग खाली नहीं किया जाएगा।

## विधायक ने किया निरीक्षण

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पूर्णिया।** बिहार राज्य खादी ग्रामोद्योग बोर्ड की ओर से दुगाबाड़ी, भट्ठा बाजार में निमार्णाधीन खादी मॉल का विधायक विजय खेमका ने निरीक्षण किया। उन्होंने मौके पर मौजूद आयडा के कनीय अभियंता और जिला उद्योग केंद्र के महाप्रबंधक से निर्माण कार्य की प्रगति की जानकारी ली और इसे शीघ्र पूरा करने का निर्देश दिया। विधायक ने बताया कि पीएम गति शक्ति योजना की लगभग आठ करोड़ रुपये की राशि से जी-3 संरचना वाले इस मॉल का निर्माण करीब 15 हजार वर्गफीट क्षेत्र में किया जा रहा है।

इसमें 40 से 50 वेंडरों और प्रतिष्ठानों के लिए जगह उपलब्ध होगी। यहां स्वदेशी एवं स्थानीय उत्पादों के साथ हैंडलूम के कपड़े, खाद्यान्न और विभिन्न सामग्री की बिक्री की व्यवस्था रहेगी।

# वित्तीय समितियों की लंबित कंडिकाओं का करें निष्पादन : प्रेम कुमार

## विधानसभा अध्यक्ष ने की समितियों के कार्यों की समीक्षा



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार विधानसभा अध्यक्ष डॉ. प्रेम कुमार ने तीनों वित्तीय समितियों की लंबित कंडिकाओं का निष्पादन मार्च 2027 तक सुनिश्चित करने का निर्देश दिया है। उन्होंने कहा कि लंबित मामलों के त्वरित निष्पादन के लिए संबंधित विभागों, वित्त विभाग और महालेखाकार कार्यालय के बीच बेहतर समन्वय स्थापित किया जाए तथा नियमित समीक्षा की व्यवस्था सुनिश्चित हो। विधानसभा अध्यक्ष ने रविवार को अपने कार्यालय कक्ष में लोक लेखा समिति, प्राक्कलन समिति तथा सरकारी उपक्रमों से संबंधित समिति के कार्यों की समीक्षा के लिए संबंधित पदाधिकारियों के साथ बैठक की। इस दौरान तीनों समितियों की लंबित कंडिकाओं और उनके निष्पादन की प्रगति की विस्तृत जानकारी ली गई। बैठक में पदाधिकारियों ने बताया कि लोक लेखा समिति की 26 कंडिकाओं का निष्पादन किया जा चुका है। पूर्व में दिए गए निर्देश के अनुसार शेष लंबित कंडिकाओं के निष्पादन के लिए महालेखाकार कार्यालय की ओर से 21 विभागों के साथ बैठक की जा चुकी है। इस माह 10 अन्य विभागों के साथ भी बैठक की जा रही है, ताकि लंबित मामलों के निपटारे में तेजी लाई जा सके। सरकारी उपक्रमों से संबंधित समिति की कुल 766 लंबित कंडिकाओं में से 268 का निष्पादन किया जा चुका है। 18वीं बिहार विधानसभा के कार्यकाल में इस समिति की 88 कंडिकाओं का निष्पादन हुआ है। वहीं, प्राक्कलन समिति की ओर से वित्तीय वर्ष 2022-23, 2023-24 और 2024-25 के आय-व्यय की समीक्षा की जा रही है। डॉ. प्रेम कुमार ने कहा कि वित्तीय समितियां सरकारी व्यय की निगरानी करने, वित्तीय जवाबदेही तय करने और प्रशासनिक कार्यप्रणाली में पारदर्शिता सुनिश्चित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। उन्होंने अधिकारियों को निर्धारित समय-सीमा के भीतर सभी लंबित कंडिकाओं का निष्पादन करने और इस दिशा में किसी भी प्रकार की लापरवाही नहीं बरतने का निर्देश दिया।

## लापरवाही पर ऊर्जा विभाग सख्त, कनीय विद्युत अभियंता निलंबित

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** कर्तव्य निर्वहन में लापरवाही, उपभोक्ता सेवाओं में अपेक्षित तत्परता नहीं बरतने तथा कार्यस्थल से अनुपस्थित रहने के मामले में नॉर्थ बिहार पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड के एक कनीय विद्युत अभियंता को निलंबित कर दिया गया है। निलंबित कनीय विद्युत अभियंता कुमारखंड (उतरी) में पदस्थापित सुजीत कुमार है। कार्य के प्रति गैर-जिम्मेदाराना रवैये एवं कर्तव्य निर्वहन में लापरवाही के कारण उनके विरुद्ध यह कार्रवाई की गई है। इस संबंध में नॉर्थ बिहार पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड के प्रबंध निदेशक राहुल कुमार (भा.प्र.से.) ने स्पष्ट कहा कि कर्तव्यों के निर्वहन में लापरवाही, अनुशासनहीनता तथा उपभोक्ता सेवाओं के प्रति उदासीनता किसी भी परिस्थिति में बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उपभोक्ताओं को बेहतर एवं समयबद्ध विद्युत सेवाएं उपलब्ध कराना विभाग की सर्वोच्च प्राथमिकता है। ज्ञात हो कि मुख्यमंत्री के निर्देश पर ऊर्जा विभाग एवं बिजली कंपनियों द्वारा आयोजित सहयोग शिविरों में प्राप्त शिकायतों का त्वरित निष्पादन सुनिश्चित किया जा रहा है।

# रबी फसलों की 48 लाख हेक्टेयर में खेती का लक्ष्य, लापरवाही पर होगी कार्रवाई : विजय सिन्हा



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार में इस वर्ष रबी फसलों की खेती का लक्ष्य बढ़ाकर 48 लाख हेक्टेयर निर्धारित किया गया है। कृषि मंत्री विजय कुमार सिन्हा ने अधिकारियों को लक्ष्य के अनुरूप खेती सुनिश्चित करने और किसानों को समय पर गुणवत्तापूर्ण बीज उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। उन्होंने स्पष्ट किया कि लापरवाही, अनियमितता और किसानों को परेशान करने वाले कर्मियों के विरुद्ध कार्रवाई होगी। सोमवार को पटना स्थित बामेती सभागार में आयोजित रबी महाअभियान सह कार्यशाला में मंत्री ने कहा कि पिछले वर्ष लगभग 42 लाख हेक्टेयर में रबी फसलों की खेती हुई थी। इस बार 24 लाख हेक्टेयर में गेहूं, छह लाख हेक्टेयर में रबी मक्का, पांच लाख हेक्टेयर में दलहन, चार लाख हेक्टेयर में तिलहन तथा नौ लाख हेक्टेयर में आलू, सब्जी, मसाला और अन्य फसलों की खेती का लक्ष्य है। जिलों, प्रखंडों और पंचायतों में नियमित समीक्षा कर लक्ष्य की प्राप्ति सुनिश्चित की जाएगी। मंत्री ने कहा कि प्रमाणित एवं उन्नत बीज समय पर उपलब्ध कराना विभाग की प्राथमिकता है। बीज की गुणवत्ता में कमी की शिकायत मिलने पर जांच कर दोषियों पर कार्रवाई की जाएगी। बिहार कृषि मोबाइल ऐप और अन्य डिजिटल माध्यमों से किसानों को बीज की उपलब्धता तथा योजनाओं की जानकारी देने का निर्देश भी दिया गया। कृषि योजनाओं में भ्रष्टाचार के प्रति सरकार की नीति शून्य सहनशीलता की है। उन्होंने मसूर, चना और सरसों की खेती बढ़ाने के साथ प्राकृतिक खेती, जीरो टिलेज, मिट्टी जांच, संतुलित उर्वरक उपयोग, जैविक खाद, हरी खाद और फसल चक्र अपनाने पर जोर दिया। किसानों से पराली नहीं जलाने की अपील करते हुए कहा कि इन उपायों से खेती की लागत घटाने और मिट्टी की उर्वरा शक्ति बनाए रखने में मदद मिलेगी। विजय कुमार सिन्हा ने कृषि यंत्रों, बीज उत्पादन, मशरूम, नर्सरी, ड्रोन, प्रसंस्करण और विपणन के क्षेत्र में युवाओं के लिए रोजगार की संभावनाएं बताईं। महिलाओं को प्रशिक्षण, वित्तीय सहायता और बाजार से जोड़ने तथा एग्रीस्टैक के तहत फार्मर आईडी बनाकर योजनाओं का लाभ पारदर्शी तरीके से पहुंचाने का निर्देश दिया। महाराजगंज के सांसद जनार्दन सिंह सिग्रीवाल ने कहा कि प्राकृतिक आपदाओं के बाद भी बिहार के किसान मजबूती से आगे बढ़ रहे हैं और कृषि विभाग उनकी समस्याओं के समाधान के लिए काम कर रहा है। कार्यशाला में कृषि विभाग के विशेष सचिव डॉ. वीरेंद्र यादव सहित वरिष्ठ अधिकारी और कृषि वैज्ञानिक उपस्थित थे।

# दानापुर मंडल के प्रमुख स्टेशनों पर अब यात्रियों के लिए लगाए जा रहे हैं चार अलग-अलग रंगों के डस्टबिन



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**दानापुर।** चलने वाले स्वच्छता पखवाड़ा एवं 31 अक्तूबर तक चलने वाले विशेष अभियान 6.0 के अंतर्गत स्वच्छता जागरूकता हेतु दानापुर मंडल में एक साथ कई विशेष अभियान चलाए जा रहे हैं, ताकि रेल परिसर, ट्रेनों एवं कार्यालयों में स्वच्छता रखने हेतु लोगों को प्रेरित करते हुए उनकी सहभागिता सुनिश्चित की जा सके। इसी उद्देश्य की पूर्ति हेतु चलने वाले इन अभियानों के अंतर्गत रंग-कोडित डस्टबिन की स्थापना की जा रही है। दानापुर मंडल में इस अभियान के क्रियान्वयन हेतु निम्नलिखित बिंदुओं पर मुख्य रूप से ध्यान दिया जा रहा है- दानापुर मंडल के प्रमुख स्टेशनों पर अब यात्रियों के लिए चार अलग-अलग रंगों (हरा, नीला, लाल और काला) के डस्टबिन क्लस्टर में लगाए जा रहे हैं। पटरियों पर कचरा फेंकने से रोकने के लिए स्टेशनों के पब्लिक एड्रेस सिस्टम (माइक) से लगातार उद्घोषणाएं की जा रही हैं और डिजिटल डिस्प्ले बोर्ड पर 'चार-धारा पृथक्करण' के नियम दिखाए जा रहे हैं। अधिकांश यात्री अभी भी दो तरह के कचरे (गीला/सूखा) के आदी हैं। इसके समाधान के लिए ओबीएचएस स्टाफ (ट्रेनों में) और सफाई मित्रों (प्लेटफॉर्म पर) को शुरुआती दौर में यात्रियों की मदद करने और उन्हें सही डिब्बे में कचरा डालने के लिए प्रेरित करने की जिम्मेदारी दी गई है। स्टेशनों पर स्थित फूड स्टॉल, आईआरसीटीसी के रेस्तरां और जन आहार केंद्रों के लिए यह अनिवार्य कर दिया गया है कि वे अपनी दुकानों से निकलने वाले कचरे को स्रोत पर ही अलग करें।

# ज्ञानेश कुमार के इस्तीफे की मांग पर दिल्ली में कांग्रेस का प्रदर्शन

## राजेश राम के नेतृत्व में बिहार से पहुंचे सांसद, प्रदेश पदाधिकारी, जिलाध्यक्ष और बड़ी संख्या में कार्यकर्ता

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के इस्तीफे की मांग को लेकर कांग्रेस की ओर से सोमवार को दिल्ली में आयोजित सुप्रीम कोर्ट मार्च के तहत धरना-प्रदर्शन में बिहार के कांग्रेस नेताओं और कार्यकर्ताओं ने बड़ी संख्या में भाग लिया। बिहार प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष राजेश राम के नेतृत्व में पहुंचे कांग्रेसजनों ने लोकतंत्र की रक्षा, चुनाव प्रक्रिया की निष्पक्षता और निर्वाचन आयोग की जवाबदेही सुनिश्चित करने की मांग उठाई। प्रदर्शन में सांसद डॉ. अखिलेश सिंह, मनोज राम, डॉ. जावेद, प्रदेश कांग्रेस के कोषाध्यक्ष जितेंद्र गुप्ता, अनुशासन समिति के अध्यक्ष कपिलदेव प्रसाद यादव और मीडिया एवं प्रचार विभाग के चेयरमैन डॉ. अजय कुमार पासवान शामिल हुए। इनके अलावा विधायक, प्रदेश पदाधिकारी, विभिन्न जिलों के कांग्रेस अध्यक्ष और बड़ी संख्या में पार्टी कार्यकर्ताओं ने भी प्रदर्शन में हिस्सा लिया। इस दौरान कांग्रेस नेताओं और कार्यकर्ताओं ने मुख्य चुनाव आयुक्त के इस्तीफ़े की मांग दोहराई। उन्होंने चुनावी प्रक्रिया में निष्पक्षता और लोकतांत्रिक संस्थाओं की जवाबदेही सुनिश्चित करने पर जोर दिया। प्रदर्शनकारियों ने जनता के मताधिकार की रक्षा को लोकतंत्र की मजबूती के लिए आवश्यक बताया। बिहार से बड़ी संख्या में कांग्रेस नेताओं और कार्यकर्ताओं की भागीदारी को पार्टी ने आंदोलन के प्रति अपनी प्रतिबद्धता के रूप में प्रस्तुत किया। कांग्रेसजनों ने एकजुट होकर लोकतांत्रिक संस्थाओं की निष्पक्षता और जनता के मताधिकार की रक्षा के लिए संघर्ष जारी रखने का संकल्प व्यक्त किया। यह जानकारी बिहार कांग्रेस के मीडिया एवं प्रचार विभाग के चेयरमैन डॉ. अजय कुमार पासवान ने दी।

# विधान परिषद चुनाव में भाजपा को राष्ट्रीय सहयोग पार्टी का बिना शर्त समर्थन : डॉ. अशोक वर्मा



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** राष्ट्रीय सहयोग पार्टी ने आगामी बिहार विधान परिषद चुनाव में एनडीए समर्थित भारतीय जनता पार्टी के सभी प्रत्याशियों को बिना शर्त समर्थन देने की आधिकारिक घोषणा की है। पार्टी ने यह महत्वपूर्ण निर्णय राष्ट्रहित, बिहार के सर्वांगीण विकास तथा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'विकसित भारत 2047' के महासंकल्प को साकार करने के उद्देश्य से लिया है। इस संबंध में भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता राजीव रंजन ने एनडीए के सभी प्रत्याशियों की जीत सुनिश्चित करने के उद्देश्य से राष्ट्रीय सहयोग पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. अशोक वर्मा से समर्थन की पहल की जिसे पार्टी ने सहर्ष स्वीकार किया। इसके पश्चात राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. अशोक वर्मा एवं बिहार प्रदेश अध्यक्ष प्रो. अखिलेश कुमार सिंह ने भाजपा के बिहार प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी से व्यक्तिगत मुलाकात कर उन्हें औपचारिक समर्थन पत्र सौंपा। संजय सरावगी ने समर्थन पत्र स्वीकार करते हुए इस पहल का स्वागत किया। उन्होंने कहा कि विधान परिषद चुनाव में एक-एक वोट अत्यंत महत्वपूर्ण है और बिहार के समग्र विकास के लिए इस प्रकार का आपसी सहयोग आवश्यक है।

# दुर्गापूजा के दौरान निर्बाध एवं सुरक्षित विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए तैयार : ऊर्जा मंत्री



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** दुर्गापूजा के अवसर पर बिहारवासियों को निर्बाध एवं सुरक्षित विद्युत आपूर्ति उपलब्ध कराने के लिए ऊर्जा विभाग ने व्यापक तैयारियां की है। नवरात्र के दौरान पूजा पंडालों, मेला क्षेत्रों तथा भीड़-भाड़ वाले स्थानों पर विद्युत सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए सभी विद्युत सर्किलों के अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं। राज्य के ऊर्जा मंत्री शैलेश कुमार उर्फ बुलो मंडल ने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि विद्युत व्यवस्था को सुरक्षित बनाने के उद्देश्य से जर्जर विद्युत तारों को समय रहते बदलने का कार्य किया जा रहा है। भीड़-भाड़ वाले क्षेत्रों में 11 केवी की बेयर कंडक्टर लाइनों में आवश्यकतानुसार कवर्ड कंडक्टर एवं गार्ड वायर लगाए जा रहे हैं। इसके अतिरिक्त एलटी के नंगे तारों को एबी केबल में बदलने तथा वितरण ट्रांसफार्मरों की फेंसिंग का कार्य भी प्राथमिकता के आधार पर कराया जा रहा है। उन्होंने कहा कि दुर्गापूजा के दौरान निर्बाध विद्युत आपूर्ति बनाए रखने और किसी भी प्रकार की विद्युत दुर्घटना की आशंका को न्यूनतम करने के लिए मुख्यालय स्तर पर 24 घंटे नियंत्रण कक्ष कार्यरत रहेगा। इसके साथ ही आपात परिस्थितियों से निपटने के लिए पर्याप्त संख्या में अधिकारियों एवं कर्मियों की प्रतिनियुक्ति की गई है। बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में भी सुरक्षित एवं निर्बाध विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक तैयारियां की गई हैं। किसी स्थान पर ट्रांसफार्मर खराब होने या विद्युत आपूर्ति में व्यवधान उत्पन्न होने की स्थिति में त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित करने के लिए क्षेत्रीय स्तर पर पर्याप्त संख्या में ट्रांसफार्मर, विद्युत सामग्री, उपकरण एवं अन्य आवश्यक संसाधन उपलब्ध कराए गए हैं। ऊर्जा विभाग की ओर से सभी विद्युत अधिकारियों एवं कर्मियों को निर्देश दिया गया है कि वे दुर्गापूजा के दौरान पूरी तत्परता, सतर्कता एवं जिम्मेदारी के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करें, ताकि श्रद्धालुओं एवं आम नागरिकों को सुरक्षित वातावरण में निर्बाध विद्युत आपूर्ति मिल सके।

# 72वीं बीपीएससी परीक्षा की नई तिथि तत्काल घोषित करे आयोग : अजय पासवान

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** 72वीं बिहार लोक सेवा आयोग (बीपीएससी) की परीक्षा दो बार स्थगित होने से हजारों अभ्यर्थियों के सामने अनिश्चितता की स्थिति उत्पन्न हो गई है। बिहार प्रदेश कांग्रेस कमेटी के मीडिया एवं प्रचार विभाग के अध्यक्ष डॉ. अजय कुमार पासवान ने परीक्षा में बार-बार हो रही देरी पर चिंता जताते हुए आयोग से तत्काल नई परीक्षा तिथि घोषित करने की मांग की है। डॉ. अजय कुमार पासवान ने कहा कि प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे छात्र-छात्राओं के लिए समय का विशेष महत्व होता है। अभ्यर्थी संभावित परीक्षा तिथि के अनुसार अपनी पढ़ाई और तैयारी की रणनीति बनाते हैं, लेकिन बार-बार परीक्षा स्थगित होने से उनकी पूरी योजना प्रभावित होती है। इससे युवाओं में मानसिक तनाव, असमंजस और भविष्य को लेकर चिंता बढ़ रही है। उन्होंने कहा कि परीक्षा में अनिश्चितता का असर केवल पढ़ाई तक सीमित नहीं रहता, बल्कि अभ्यर्थियों पर आर्थिक और पारिवारिक दबाव भी बढ़ता है। लंबे समय तक परीक्षा का इंतजार करने से उनकी मेहनत, समय और संसाधनों पर अतिरिक्त बोझ पड़ता है। ऐसे महत्वपूर्ण विषय पर आयोग को गंभीरता और संवेदनशीलता के साथ निर्णय लेना चाहिए। डॉ. पासवान ने कहा कि युवाओं को केवल आश्वासन नहीं, बल्कि स्पष्ट समय-सीमा और पारदर्शी भर्ती प्रक्रिया चाहिए। आयोग को अविलंब नई परीक्षा तिथि घोषित कर पूरी भर्ती प्रक्रिया को समयबद्ध तरीके से पूरा करना चाहिए, ताकि अभ्यर्थियों की अनिश्चितता समाप्त हो और वे एकाग्रता के साथ अपनी तैयारी जारी रख सकें।

# 1731 केवाइपी केंद्रों को पूर्ववत संचालित करने के वादे से मुकरने का आरोप, पटना में निकला आक्रोश मार्च

## भाजपा कार्यालय में प्रदर्शन, भाजपा, जदयू और राजद को सौंपा ज्ञापन



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** बिहार में पूर्व से संचालित 1731 कुशल युवा कार्यक्रम केंद्रों को पुनः पूर्ववत संचालित करने की मांग को लेकर सोमवार को पटना में केवाईपी केंद्र संचालकों एवं युवाओं ने शांतिपूर्ण आक्रोश मार्च निकाला। केवाईपी केंद्र संचालक डॉ. आनंद रंजन झा के नेतृत्व में जारी 'केवाईपी बचाओ महाधरना 2.0' के तहत आयोजित इस मार्च में सरकार पर पूर्व में दिए गए आश्वासन को पूरा नहीं करने का आरोप लगाया गया। आंदोलनकारियों ने नियोजन भवन, पटना में बिहार कौशल विकास मिशन के निदेशक के साथ वार्ता की जिसमें डॉ. आनंद रंजन झा, अरुण कुमार सिंह, नीतीश मोहन, रविन्द्र द्विवेदी, अमरनाथ मिश्रा, राहुल कुमार, राकेश कुमार सिन्हा उपस्थित थे, लेकिन वार्ता में कोई सकारात्मक परिणाम नहीं निकल सका। इसके बाद प्रदर्शनकारी भाजपा कार्यालय पहुंचे जहां उन्होंने अपनी मांगों को लेकर जोरदार प्रदर्शन किया। काफी मशक्कत के बाद भाजपा कार्यालय में ज्ञापन सौंपा गया। इसके पश्चात जदयू कार्यालय और राष्ट्रीय जनता दल (राजद) को भी ज्ञापन सौंपकर बिहार के युवाओं के हितों की रक्षा करने की अपील की गई। आंदोलनकारियों का कहना है कि सभी 1731 पूर्व संचालित केवाईपी केंद्रों को पुनः शुरू करने का आश्वासन दिया गया था, लेकिन वर्तमान में केवल 871 केंद्रों के लिए नई केवाईपी डिजिटल मित्र योजना की प्रक्रिया आगे बढ़ने से शेष केंद्र संचालकों के भविष्य पर सवाल खड़े हो गए हैं। उनका आरोप है कि इस स्थिति से केंद्र संचालकों के निवेश, रोजगार और युवाओं के कौशल प्रशिक्षण पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ सकता है। आंदोलनकारियों ने सभी 1731 पूर्व संचालित केवाइपी केंद्रों को पुनः चालू करने, प्रति तिमाही 120/180 प्रशिक्षुओं की पुरानी प्रशिक्षण क्षमता बहाल करने, 40/60 की नई सीमा वापस लेने, केंद्र बंद रहने की अवधि का उचित मुआवजा देने तथा संबंधित विभागीय अधिकारियों की जवाबदेही तय करने की मांग की।

# महाप्रबंधक डिम्पी गर्ग ने किया पटना साहिब स्टेशन का निरीक्षण




**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**हाजीपुर।** पूर्व मध्य रेल के महाप्रबंधक डिम्पी गर्ग द्वारा पटना साहिब स्टेशन का निरीक्षण किया। महाप्रबंधक द्वारा प्लेटफॉर्म सं. 01 का एक छोर से दूसरी छोर तक निरीक्षण किया गया तथा यात्री सुविधाओं का जायजा लिया। उन्होंने सर्कुलेटिंग एरिया, फुट ओवर ब्रिज, टिकट काउंटर, पूछताछ काउंटर आदि का निरीक्षण कर यात्री सुविधा, संरक्षा तथा साफ-सफाई आदि का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान दानापुर मंडल के अपर मंडल रेल प्रबंधक/इंफ्रा राजीव कुमार उपस्थित थे ।

## मंत्री श्रेयसी सिंह एवं सचिव नवीन कुमार ने मेगा लेदर, फुटवियर एवं एसेसरीज पार्क, महवल का किया निरीक्षण

# औद्योगिक सुविधाओं को बेहतर बनाने पर दिया जोर



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** बिहार में औद्योगिक विकास को गति देने, निवेशकों को बेहतर आधारभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने तथा औद्योगिक क्षेत्रों का सुचारु संचालन सुनिश्चित करने के उद्देश्य से उद्योग मंत्री श्रेयसी सिंह ने मुजफ्फरपुर स्थित मेगा लेदर, फुटवियर एवं एसेसरीज पार्क, महवल का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने पार्क में चल रहे कार्यों की प्रगति का जायजा लिया तथा औद्योगिक गतिविधियों के प्रभावी संचालन और आधारभूत सुविधाओं को बेहतर बनाने के संबंध में संबंधित अधिकारियों के साथ विस्तृत चर्चा की। निरीक्षण के दौरान बिहार औद्योगिक क्षेत्र विकास प्राधिकार (बियाडा) के प्रबंध निदेशक नवीन कुमार (भा.प्र.से.) तथा उद्योग विभाग के निदेशक मुकुल कुमार गुप्ता भी उपस्थित रहे। अधिकारियों ने औद्योगिक पार्क के विकास, आधारभूत संरचना और संचालन से जुड़े विभिन्न पहलुओं की समीक्षा की। सड़क, जलापूर्ति और बिजली जैसी आवश्यक सुविधाओं की उपलब्धता एवं व्यवस्था पर विशेष रूप से चर्चा की गई। उद्योग मंत्री श्रेयसी सिंह ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि औद्योगिक इकाइयों की आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए बुनियादी सुविधाओं को सुदृढ़ किया जाए, ताकि उद्यमियों को अपना व्यवसाय स्थापित करने और उत्पादन गतिविधियों के संचालन में अनावश्यक कठिनाइयों का सामना न करना पड़े। उन्होंने औद्योगिक पार्क के सुव्यवस्थित विकास तथा सुविधाओं के प्रभावी संचालन के लिए संबंधित कार्यों की नियमित निगरानी पर भी जोर दिया। इस अवसर पर उद्योग मंत्री श्रेयसी सिंह ने कहा बिहार में औद्योगिक विकास को नई गति देना और निवेशकों के लिए अनुकूल वातावरण तैयार करना राज्य सरकार की प्राथमिकता है। औद्योगिक पार्कों में सड़क, बिजली और जलापूर्ति जैसी बुनियादी सुविधाओं की बेहतर उपलब्धता उद्यमियों का विश्वास मजबूत करती है। हमारा प्रयास है कि उद्योगों को आवश्यक सुविधाएं समय पर मिले जिससे निवेश को प्रोत्साहन मिले, उत्पादन गतिविधियों का विस्तार हो और स्थानीय स्तर पर रोजगार के नए अवसर सृजित हों। औद्योगिक क्षेत्रों में आधारभूत सुविधाओं की स्थिति का आकलन करने और औद्योगिक इकाइयों के सुचारु संचालन को सुनिश्चित करने के लिए बियाडा के प्रबंध निदेशक नवीन कुमार (भा.प्र.से.) ने औद्योगिक क्षेत्र, कुमारबाग फेज 1, फेज -2 और फेज -3 का निरीक्षण किया।

# डॉ. लोहिया के आदर्शों पर सामाजिक न्याय की लड़ाई को आगे बढ़ा सकते हैं : राजद



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** राष्ट्रीय जनता दल के राज्य कार्यालय में महान समाजवादी नेता एवं चिंतक डॉ. राम मनोहर लोहिया की पुण्यतिथि प्रदेश प्रधान महासचिव रणविजय साहू की अध्यक्षता में मनायी गयी। इस अवसर पर डॉ. लोहिया के तैलचित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की गयी। इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि डॉ. राम मनोहर लोहिया का नारा था 'संसोपा ने बांधी गांठ, पिछड़ा पावे सौ में साठ'। 'रोको महंगी बांधो दाम नहीं तो होगा चक्का जाम' । डॉ. राम मनोहर लोहिया भारतीय राजनीति के महान योद्धा थे। उन्होंने सामाजिक न्याय की लड़ाई को जमीन पर उतारा। लोहिया जीवन पर्यन्त दलितों, पिछड़ों अकलियतों तथा गरीब-गुरबों के लिए संघर्ष करते रहे। राष्ट्रीय जनता दल डॉ. लोहिया के आदर्शों पर चलकर सामाजिक न्याय की लड़ाई को आगे बढ़ा रहा है तथा इस लड़ाई को मुकाम तक पहुंचाना ही डॉ. लोहिया के प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी।

# डॉ. राममनोहर लोहिया की पुण्यतिथि पर भाजपा ओबीसी मोर्चा ने मनाया समरसता दिवस



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** प्रसिद्ध स्वतंत्रता सेनानी एवं समाजवादी चिंतक डॉ. राममनोहर लोहिया जी की पुण्यतिथि पर भाजपा ओबीसी मोर्चा, बिहार प्रदेश द्वारा प्रदेश भाजपा कार्यालय में प्रदेश अध्यक्ष प्रमोद सिंह चंद्रवंशी की अध्यक्षता में समरसता दिवस मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत डॉ. राममनोहर लोहिया के तैलचित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि देने के साथ हुई। समारोह को संबोधित करते हुए भाजपा ओबीसी मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष प्रमोद सिंह चंद्रवंशी ने कहा कि डॉ. राममनोहर लोहिया ने स्वतंत्रता संग्राम में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई और आजादी के बाद भी लोकतंत्र की मजबूती, सामाजिक समानता तथा पिछड़े एवं वंचित वर्गों के अधिकारों के लिए निरंतर संघर्ष किया। उनका मानना था कि समाज के प्रत्येक वर्ग को समान शिक्षा और समान अवसर मिलने चाहिए। श्री चंद्रवंशी ने कहा कि डॉ. लोहिया ने समान शिक्षा और सामाजिक समरसता का जो सपना देखा था, उसे आगे बढ़ाने की आवश्यकता है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार स्वच्छता अभियान, हर घर शौचालय तथा शिक्षा के अधिकार जैसे प्रयासों के माध्यम से समाज के गरीब, पिछड़े और वंचित वर्गों के जीवन में सकारात्मक बदलाव लाने का कार्य कर रही है।

# भगवती विन्ध्वासिनी देवी की स्मृति में संस्कृत शिक्षण एवं सम्भाषण प्रशिक्षण शिविर प्रारंभ

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** विहार संस्कृत संजीवन समाज पटना की ओर से आधुनिको भव संस्कृतं वद अभियान के अन्तर्गत आयोजित 49 वां भगवती विन्ध्वासिनीदेवी स्मृति दस दिवसीय संस्कृत शिक्षण एवं सम्भाषण प्रशिक्षण शिविर अन्तर्जालमाध्यम द्वारा संस्कृत मय वातावरण में प्रारंभ हुआ। इस शिविर की अध्यक्षता विहार संस्कृत संजीवन समाज पटना के महासचिव एवं आधुनिको भव संस्कृतं वद अभियान के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ मुकेश कुमार ओझा, उद्घाटन अभियान के प्रधान संरक्षक एवं पूर्वगृह सचिव डॉ अनिल कुमार सिंह, मुख्य वक्ता अभियान की राष्ट्रीय संयोजिका एवं गंगा देवी महिला महाविद्यालय पटना की संस्कृत विभागाध्यक्षा प्रो. रागिनी वर्मा, मुख्य अतिथि उग्र नारायण झा, विशिष्टातिथि अभियान के संरक्षक डॉ अनिल कुमार चौबे, महंथ केशव संस्कृत महाविद्यालय फतुहा की सहायक आचार्या डॉ नीरा कुमारी, सुंदरवती महिला महाविद्यालय भागलपुर की संस्कृत विभागाध्यक्षा डॉ मधु कुमारी, कार्यक्रम का संस्कृत भाषा में संचालन डॉ लीना चौहान, एम एल टी महाविद्यालय सहरसा की संस्कृत विभागाध्यक्षा डॉ दीप्ति कुमारी डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय रांची के संस्कृत विभाग में सहायक आचार्या मनीषा बोदरा, संस्कृत शिक्षक पटना के मुरलीधर शुक्ल, मध्य प्रदेश प्रांत सह संयोजिका तारा विश्वकर्मा, पश्चिम बंगाल प्रांत सह संयोजिका दयानी शारदे, दिल्ली के संस्कृत शोध छात्र शुभम् शर्मा, दिल्ली प्रांत सह संयोजक डॉ देवेश प्रकाश आर्य सहित शिविर के सभी सदस्य उपस्थित थे।

# जैव विविधता संरक्षण को बढ़ावा देने के लिए पटना वीमेंस कॉलेज व जैव विविधता पर्षद में करार



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** जैव विविधता संरक्षण, शोध और पर्यावरणीय जागरूकता को बढ़ावा देने के लिए पटना वीमेंस कॉलेज और बिहार राज्य जैव विविधता पर्षद ने हाथ मिलाया है। इस दिशा में सोमवार को बिहार राज्य जैव विविधता पर्षद के कार्यालय में दोनों संस्थानों के बीच एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किया गया। इसके तहत शैक्षणिक एवं शोध गतिविधियों को प्रोत्साहित करने के साथ विद्यार्थियों और शिक्षकों को प्रशिक्षण तथा क्षमता विकास के अवसर उपलब्ध कराए जाएंगे। साथ ही जैव विविधता संरक्षण के प्रति जन-जागरूकता बढ़ाने के लिए संयुक्त रूप से विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। एमओयू पर पटना वीमेंस कॉलेज की प्राचार्या डॉ. सिस्टर मारिया तनिशा और बिहार राज्य जैव विविधता पर्षद के सचिव अमित कुमार ने हस्ताक्षर किए। इस अवसर पर पर्षद के अध्यक्ष भारत ज्योति, उप निदेशक मिहिर कुमार झा, पटना वीमेंस कॉलेज के राष्ट्रीय, अंतरराष्ट्रीय सहयोग एवं परामर्श सेवाओं के डीन आलोक जॉन तथा प्राणी विज्ञान विभाग के अध्यक्ष डॉ. सुमीत रंजन उपस्थित थे।

# संपादकीय

## क्या असहमति का जवाब हिंसा हो सकता है?

दिल्ली के लोक निर्माण विभाग के मंत्री प्रवेश वर्मा द्वारा हाल में तिलक नगर इलाके में सड़क निरीक्षण के दौरान एक व्यक्ति को थप्पड़ मारने की घटना ने कई गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। क्या किसी मंत्री से इस तरह के व्यवहार की उम्मीद की जा सकती है?लोकतंत्र में एक अच्छे जनप्रतिनिधि की पहचान उसके स्वभाव, कार्यशैली और जनता के प्रति जवाबदेही से होती है। आदर्श नेता वही होता है, जिसके कार्यों एवं निर्णयों में निष्पक्षता, पारदर्शिता और स्पष्टता हो। वह पूरी ईमानदारी के साथ अपने कर्तव्यों का पालन करे और उसमें अपनी आलोचना सुनने का साहस हो। मगर जब सरकार में मंत्रिपद पर आसीन कोई जनप्रतिनिधि सार्वजनिक स्थल पर आपा खो दे और जनता से दुर्व्यवहार करने लगे, तो उसे किस तरह देखा जाएगा।दिल्ली के लोक निर्माण विभाग के मंत्री प्रवेश वर्मा द्वारा हाल में तिलक नगर इलाके में सड़क निरीक्षण के दौरान एक व्यक्ति को थप्पड़ मारने की घटना ने कई गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। क्या किसी मंत्री से इस तरह के व्यवहार की उम्मीद की जा सकती है? यह घटना उस धारणा के बिल्कुल विपरीत है, जिसमें उच्च पद पर बैठे जनप्रतिनिधि के व्यवहार को समाज में मिसाल के तौर पर देखा जाता है। असहमति, आलोचना या विरोध लोकतांत्रिक व्यवस्था का हिस्सा है। ऐसी स्थिति में संयम और पद की गरिमा का खयाल रखा जाना बेहद जरूरी है।गौरतलब है कि बीते रविवार को आप विधायक जरनैल सिंह ने मंत्री प्रवेश वर्मा की मौजूदगी में सड़क की सतह का कुछ हिस्सा उखाड़कर मरम्मत कार्य की गुणवत्ता पर सवाल उठाया था। आरोप है कि इस दौरान मंत्री ने घटना का वीडियो बना रहे एक व्यक्ति को थप्पड़ मार दिया। उनका दावा है कि संबंधित व्यक्ति ने उनके परिवार के बारे में अपशब्द कहे।इस घटना से जुड़े आरोप-प्रत्यारोप जांच का विषय है, लेकिन सवाल है कि क्या मंत्री की हिंसक प्रतिक्रिया को उचित ठहराया जा सकता है? अगर उनके साथ कोई दुर्व्यवहार हुआ, तो संबंधित व्यक्ति के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जा सकती थी। सड़क की गुणवत्ता हो या किसी अन्य सार्वजनिक समस्या का सवाल, उसका समाधान उग्र व्यवहार से नहीं, बल्कि तर्क, जांच और कानून के दायरे में ही हो सकता है।सार्वजनिक जीवन में पद से अधिक महत्त्वपूर्ण उसकी गरिमा और मर्यादा होती है।

**सबसे दुखद यह है कि समाज में सहानुभूति, दयाभाव, विनम्रता और क्षमा जैसे शब्द महज डिक्शनरी या किताबों में कैद होकर रह गये लगते हैं। अब शेष बचा है आपस में ईर्ष्या, द्वेष, जलन और एक दूसरे को नीचा या निरीह समझना। कोई व्यक्ति सड़क पर या कहीं ओर घायल होकर चाहे मरणासन्न हालत में पड़ा हो वहां से गुजरने वाले या तो वीडियो रील बनाते दिखाई देते हैं या सिर्फ तमाशबीन। मदद के लिए उठने वाले हाथ या अपनी लग्जरी चमचमाती कार रोककर घायल को हास्पिटल पहुंचाने वाले परोपकारी अपवाद स्वरूप ही हैं। जैसे यह काम उनका नहीं बल्कि पुलिस, एंबुलेंस या डायल 112 के जिम्मे ही है, उन्हें क्या लेना- देना। आजकल जहां देखो भीड़भाड़ बढ़ रही है। सोशियोलॉजी कहती है किसी भी व्यक्ति का अकेले या समूह में और भीड़ में व्यवहार अलग-अलग होता है। इसे ही भीड़ व्यवहार कहा जाता है। इस भीड़ का नेतृत्व या अगुआई किन हाथों में है, इसी पर निर्भर होता है कि भीड़ क्या करने वाली है।**

# इतने अधीर क्यों होते जा रहे हैं हम लोग

आरबी त्रिपाठी

आजकल जिसे देखो वह बहुत जल्दी में दिखाई देता है। अपने चारों ओर प्रायः रोजाना ही आप खुद देखते तथा महसूस करते होंगे कि लोग खासकर युवा जेन - जी कहलाने वाले, अधेड़ उम्र के महिला-पुरूष, युवक- युवतियां बड़े अधीर, बेचैन, असहज, बेसब्र और धैर्यविहीन देखे जाते हैं। हां अपवाद स्वरूप ही सही उम्रदराज सीनियर सिटीजन जरूर शांत, सुकून, धैर्यवान रहकर जीवन जीवन जीते दिखाई देते हैं। यह समस्या सरसरी तौर पर तो थोड़ी सामाजिक, आर्थिक तथा ऊहापोह भरी व्यस्त जीवन शैली और खान-पान से जुड़ी हुई है जिसका उपचार हरेक को अपने भीतर ही तलाशना होगा। चिकित्सा क्षेत्र में तो इसे थोड़ा इंजाइटी, ओवर थिंकिंग या पारिवारिक तथा मानसिक समस्या करार दिया जाता है। यहां हम इसके सभी पहलुओं को सामने ला रहे हैं।

अपने आस-पास सर्वाधिक जल्दबाजी, अधीरता, बैचेनी और एक तरह का उतावलापन देखने में आता है सड़कों, चौराहों, ट्राफिक सिग्नल पर जहां हर कोई जल्दी में, ओवरटेक की होड़, वाहनों के ठीक आगे दायें बायें कट मारकर आगे निकलता दिखाई देता है। खासकर टू व्हीलर, बाइकर्स, ऑटो तथा कुकुर मुत्तों की तरह उग आये ईरिक्सा सहित कई तरह के छोटे बड़े वाहन ट्राफिक को सुचारू चलने बाधक बनते हैं। ऑनलाइन खाने की चीजें और वस्तुएं घरों के द्वार तक पहुंचाने वालों की भूमिका भी ट्राफिक को बिगाड़ने में कम नहीं है।

सो, सड़कों प्रमुख चौराहों पर बढ़ते ट्राफिक के अनुपात में यातायात और पुलिस कर्मियों की कमी भी स्पष्ट दिखाई देती है। हालांकि जनसंख्या और शहरीकरण के बढ़ते दबाव के चलते हरेक जगह इनकी मौजूदगी संभव भी नहीं होती। सो, लोगों को अपनी सुरक्षा का स्वयं ध्यान रखना होगा।

इस सब में ट्राफिक नियमों का ईमानदारी से पालन करने वालों के समक्ष ज्यादा दिक्कतें पेश आती है। ट्राफिक नियम तोड़ने वाले ना तो चालानी कार्रवाई से डरते हैं ना ही पुलिस कर्मियों से। सो, आये दिन ऐसे दृश्य देखने में आते हैं जहां व्यर्थ की बहस या किसी नजदीकी 'भैया' से मोबाइल पर बात कराने या अन्य संपर्कों का हवाला देकर किसी तरह छूटने और कार्रवाई से बचकर निकलने की जुगाड़ जमाते लोग नजर आते हैं। भले ही ये कर्मी किसी भैया से बात करना नहीं चाहते हों। तस्वीर का दूसरा रूप यह भी



है कि अधिकांश चौराहों पर जहां ट्राफिक सिग्नल हो ना हो वहां तैनात कर्मी आपस में बात करते या मोबाइल पर व्यस्त दिखाई देते हैं। भोपाल में तो कुछ समय पहले ऐसे कर्मियों पर कार्रवाई भी की गई है।

हाल ही में पहले प्रदेश के बड़े शहर इंदौर और भोपाल की कुछ घटनाओं का जिक्र समीचीन होगा जिसमें कवर्ड कैम्पस में घुसने पर रोकने वाले सुरक्षा गार्ड को कार चालक ने कथित तौर पर कुचलकर मार डाला। अनेक शहरों में ऐसी दुर्भाग्यपूर्ण घटनाएं उदाहरण के रूप में सामने है। भोपाल में रिटायर्ड आईएएस की निर्मम हत्या का आरोपी अभी तक पुलिस के हत्थे नहीं लग पाया।

कई जगह सीनियर सिटीजन के साथ आस-पास के पड़ोसी दुर्व्यवहार कर धमकियां देते हैं लेकिन ऐसा करने वाले बैखोफ घूमते रहते हैं। इंदौर के राजवाड़ा इलाके में एक बस ने दो तीन लोगों को रौंद डाला तो राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में बाइक सवार युवती को कार चालक ने ऐसे टक्कर मारी कि वो बहुत दूर तक घिसटती रही और घायल हुई। गनीमत है उसने हैलमेट पहना था। सो, ऐसी घटनाएं रोजाना ही घटती रहती है जिसे ज्यादातर लोग अखबार के पन्ने की तरह पलटकर भुला देते हैं।

सबसे दुखद यह है कि समाज में सहानुभूति, दयाभाव, विनम्रता और क्षमा जैसे शब्द महज डिक्शनरी या किताबों में कैद होकर रह गये लगते हैं।

अब शेष बचा है आपस में ईर्ष्या, द्वेष, जलन और एक दूसरे को नीचा या निरीह समझना। कोई व्यक्ति सड़क पर या कहीं ओर घायल होकर चाहे मरणासन्न हालत में पड़ा हो वहां से गुजरने वाले या तो वीडियो रील बनाते दिखाई देते हैं या सिर्फ तमाशबीन। मदद के लिए उठने वाले हाथ या अपनी लग्जरी चमचमाती कार रोककर घायल को हास्पिटल पहुंचाने वाले परोपकारी अपवाद स्वरूप ही हैं। जैसे यह काम उनका नहीं बल्कि पुलिस, एंबुलेंस या डायल 112 के जिम्मे ही है, उन्हें क्या लेना- देना।

आजकल जहां देखो भीड़भाड़ बढ़ रही है। सोशियोलॉजी कहती है किसी भी व्यक्ति का अकेले या समूह में और भीड़ में व्यवहार अलग-अलग होता है। इसे ही भीड़ व्यवहार कहा जाता है। इस भीड़ का नेतृत्व या अगुआई किन हाथों में है, इसी पर निर्भर होता है कि भीड़ क्या करने वाली है। इन दिनों राष्ट्रीय राजधानी से लेकर अधिकांश प्रदेशों में आंदोलनों, प्रदर्शनों, जुलूसों, समागम में भीड़ जुट रही है। कहीं कहीं भीड़ कानून अपने हाथों में ले लेती है या कानून का उल्लंघन करती है यही भीड़ व्यवहार है। जब भीड़ अनियंत्रित होकर व्यवहार करती है तो व्यवस्था को अप्रिय कदम उठाना पड़ता है। आखिर सुरक्षा कर्मी भी मनुष्य ही हैं जिन्हें अपने बड़े ऑफिसर्स के हुकुम की तामील करनी ही पड़ती है। समाज शास्त्र में इस अवधारणा की विशद व्याख्या की गई है।

उधर पॉलिटिकल साइंस में प्रेशर ग्रुप को लेकर कहा गया है कि यह कोई राजनीतिक दल नहीं होता बल्कि ऐसा समूह होता है जो व्यवस्था के कामकाज पर नजर रखकर व्यापक रूप से जो लोगों के हित में हो उसे करने या उपयुक्त ना हो उसका प्रतिरोध करता है।

दिल्ली के जंतर-मंतर सहित देश के विभिन्न स्थानों पर हो रहे आंदोलन, प्रदर्शन इसी श्रेणी में आते हैं। राजनीतिक दलों का प्रतिरोध या आंदोलन, उनके अपने उद्देश्यों को हासिल करने को लेकर होते हैं यह कहा जा सकता है। सोचें, यदि प्रेशर ग्रुप अपना दायित्व ना निभायें तो अनेक मामलों का खुलासा शायद ही हो सकेगा। जेन- जी, अल्फा- जेन, सुप्रीम कोर्ट सहित अन्य वकीलों के प्रदर्शन, कई यूट्यूबर, तथा इंफ्लुएंशर और स्वतंत्र मीडिया से जुड़े लोग भी प्रेशर ग्रुप की तरह ही काम कर रहे हैं। आगे आने वाले वक्त में इसके क्या नतीजे होंगे यह समय के हाथों है।

## क्या हम मान सकते हैं कि मौलिकता को दिखाना कला नहीं है?

पंकज तिवारी

ई.वी. हैवेल जिनका योगदान भारतीय कला को अंग्रेजी मानसिकता से मुक्त कराने के क्षेत्र में महत्वपूर्ण रहा, बीसवीं शताब्दी के शुरूआत में जब भारतीय युवा कलाकार विदेशी शैली, विषयवस्तु की तरफ आसानी से फिसलते जा रहे थे उस समय उन कलाकारों को भारतीय कला थाती के प्रति जगा कर उन्हें भारतीय थाती के बल पर आगे बढ़ने को प्रोत्साहित कर भारतीय कला जगत के लिए एक महत्वपूर्ण भूमिका अदा करी थी, जिसकी गिनती उस समय के महत्वपूर्ण कार्यों में होती है लेकिन रवि वर्मा पर उनकी भी नजर कुछ टेढ़ी ही थी, वर्मा जी पर भारतीय काव्य की मूल भावना से हटने का आरोप लगाया है हैवेल साहब ने। हो सकता है उनके निगाह में उनको अपनी बातें सहीं प्रतीत लगती हो पर इस बात पर बहस के पहले उनके कुछ चित्रों पर गौर करने की जरूरत सी महसूस हो रही है चित्र 'शकुन्तला का अपने प्रिय को देखना' देश में तैल रंग के शुरुआत का दौर, शुरुआत में ही बिना प्रशिक्षण के ही इतना मनभावन संयोजन, केश, वस्त्र, रंग, एनॉटॉमी और भावों का आपसी संतुलित सामंजस्य। बहाना पैर से काँटा निकालने का और निगाह पीछे तनिक दूरी पे किसी के ऊपर, एकटक, आँखें उम्मीद की सागर सी जान पड़ती हैं। क्या विवाह के पूर्व राम और सीता के एक-दूसरे को निहारने को लेकर जो काव्य रचे गये हैं, से कम का भाव आँका जा सकता है इस चित्र में, पृष्ठभूमि में सहयोगी जल, जमीन, जंगल खुद ही कविता कहने में सक्षम है। हालांकि कहना नहीं चाहिए लेकिन ऐसा प्रतीत होता है कि हैवेल के इस कथन के पीछे उनके बंगाल स्कूल और वास पद्धति के प्रति प्रेम का असर है। हो सकता है कि इस आलेख में भी कुछ लोगों को मेरे नजरिए में वर्मा जी के प्रति नेह का असर झलके पर कोई संदेह नहीं कि हमेशा हर परिस्थितियों पर चर्चा होनी चाहिए इसलिए आगे भी कोई इस पर कुछ रचे तो उसके भी नेह को जरूर देखा जाना चाहिए। भाव की ही बात हरिश्चंद्र और तारामती नामक चित्र में भी खूब दर्शित है। तारामति की व्यथित आँखों को देखकर करुण रस से युक्त पूरा ग्रंथ लिखा जा सकता है। दुःखी शकुन्तला चित्र में भी मुख पर वेदना जैसे सब कुछ खो जाने का भान अनायास ही दीख पड़ता है।

क्या हम मान सकते हैं कि मौलिकता को दिखाना कला नहीं है? क्या यह सच है? ऐसे ही तमाम प्रश्न उठाए गए थे राजा रवि वर्मा को लेकर के। उनकी कृतियाएं धार्मिक है, उनके कृतियों में किस्सा हुआ करता था, उनके कृतियों में संस्कार हुआ करता था, उनके कृतियों में संस्कृति हुआ करती थी, उनके कृतियों में समाज हुआ करता था, उनके कृतियों के दर्शक हुआ करते थे उनकी कृतियाँ लोगों के जेहन में उतर गई थीं। बस समस्या यह थी कि उनकी कृतियाँ यथार्थ के धरातल पर थीं फलतः कला में उनके कद को लेकर विवाद हमेशा व्याप्त रहा। जीते जी भी उन्हें कई विवादों से गुजरना पड़ा कोर्ट तक के चक्कर लगाने पड़े और अपना वकील भी खुद ही बनना पड़ा हालांकि तार्किक क्षमता के बल पर जीत भी हासिल हुई। विवाद तब भी था विवाद आज भी है। प्रसंशक तब भी थे प्रसंशक आज भी हैं तब रविंद्र नाथ टैगोर के भतीजे बालेंद्र नाथ टैगोर के जैसे उनके कृतियों के प्रसंशक हुआ करते थे और आज....

25 वर्षीय युवा बिना किसी प्रशिक्षण के वियना के चित्र प्रदर्शनी में स्वर्ण पदक प्राप्त करता है। लोगों की निगाह यहीं से इनकी तरफ को मुड़ती है। इसे एक संयोग ही कहा जा सकता है कि 1872 में चेन्नई में पहली प्रदर्शनी करने वाले वर्मा जी की कृति वियना में 1873 में अपने पहचान के साथ आगे बढ़ी और ठीक 20 साल बाद 1893 में शिकागो में आयोजित वर्ल्ड कोलंबियन एग्जीबिशन में स्वामी विवेकानंद के आग्रह पर भारत का प्रतिनिधित्व करते हुए अपने लगभग 10 चित्र प्रदर्शित करते हैं इस प्रदर्शनी की गिनती 19वीं शताब्दी की भव्यतम अंतरराष्ट्रीय प्रदर्शनियों में होती है। रवि वर्मा को पुरस्कृत भी किया गया। 20 वर्षीय संयोग के बाद शतकीय संयोग भी बना और 1993 में उनके चित्रों की एक भव्य प्रदर्शनी राष्ट्रीय संग्रहालय दिल्ली में हुई। प्रदर्शनी के बाद विरोध भी हुआ खुले तौर पर विरोध हुआ आधुनिक भारतीय कलाकार जो उस समय सक्रिय थे, में कुछ खुद को प्रमुख मानने वाले कलाकार राजा रवि वर्मा के इस प्रदर्शनी को लेकर कुछ ज्यादा ही विचलित थे। 'ऐसे कलाकार जिनका कला में कोई योगदान ही ना हो' को इस तरह प्रमोट करने से भारतीय कला को भला क्या फायदा पहुँच सकता है? जैसे बातों को कहने वालों के बावजूद इनकी प्रदर्शनी हुई और सराही भी गई। राजा रवि वर्मा के चित्र लोगों के जेहन में आज भी जस के तस बरकरार है। प्रसिद्ध कला समीक्षक शेरमान ली की बात-

'कोई भी महान कला या धर्म जनसाधारण की समझ के परे नहीं होती और वह यदि ऐसी नहीं है तो वह असफल है' मतलब वर्मा की कला महान भी है और सफल भी कारण जनसाधारण के समझ में है। उनकी एक कृति 2007 में करीब सवा आठ करोड़ में बिकी, यही महानता उनकी सदा बनी रहे।

**12 अक्टूबर : डॉ. राम मनोहर लोहिया जी की पुण्यतिथि**

# देश विभाजन के साथ मिली आजादी से दुखी थे डॉ. लोहिया

**डॉ. राम मनोहर लोहिया केवल एक चिंतक ही नहीं बल्कि एक सच्चे कर्मवीर भी थे। उन्होंने देश में अनेक सामाजिक, लोकतांत्रिक और राजनीतिक आंदोलनों का कुशल नेतृत्व किया। वर्ष 1942 के %भारत छोड़ो आंदोलन% के समय उन्होंने ब्रिटिश सरकार की नजरों से बचकर, उषा मेहता के साथ मिलकर भूमिगत रहकर गुप्त रेडियो स्टेशन (कांग्रेस रेडियो) चलाया था, जिसने अंग्रेज हुकूमत की नाक में दम कर दिया था। इसके बाद 18 जून 1946 को उन्होंने गोवा को पुर्तगालियों के आधिपत्य से मुक्ति दिलाने के लिए एक बड़ा जन-आंदोलन शुरू किया। इसके साथ ही उन्होंने स्वतंत्र भारत में %अंग्रेजी हटाओ% आंदोलन की भी कमान संभाली।**

सांवरमल अग्रवाल

डॉ. राम मनोहर लोहिया केवल खोखले भाषणों पर विश्वास नहीं करते थे। वे ÷रोजी-रोटी कपड़ा दो, वरना गाड़ी छोड़ दो÷, ÷अंग्रेजी हटाओ÷ और पिछड़ों, दलितों तथा महिलाओं के लिए 60त्न आरक्षण की पुरजोर वकालत करने वाले नेता थे। वे भारत के महान स्वतंत्रता सेनानी, प्रखर राष्ट्रवादी चिंतक और एक ऐसे अद्वितीय राजनेता थे, जिन्होंने भारतीय राजनीति में सामाजिक न्याय और समानता की नई नींव रखी थी।

लोहिया जी पहली बार 1963 में उत्तर प्रदेश की फर्रुखाबाद लोकसभा सीट के उपचुनाव में विजयी होकर लोकसभा पहुंचे थे। इसके बाद 1967 के आम चुनाव में भी वे फर्रुखाबाद सीट से ही दोबारा सांसद चुने गए। इसी वर्ष 12 अक्टूबर 1967 को नई दिल्ली में उनका निधन हो गया था। उनका जन्म 23 मार्च 1910 को उत्तर प्रदेश के अकबरपुर में एक मारवाड़ी वैश्य परिवार में हुआ था, लेकिन वे प्रारंभ से ही जातिवाद की संकीर्ण सीमाओं को तोड़ने के पक्षधर थे। वे छुआछूत के घोर विरोधी थे और स्वयं को किसी एक जाति के दायरे में बांधकर नहीं रखना चाहते थे। उनके विचार, कर्म और कार्य पद्धति पूरी तरह से मानवीय समानता पर आधारित थे। देश के विभाजन के आधार पर मिली आजादी से वे अत्यंत दुखी थे, इसी कारण उन्होंने जवाहरलाल नेहरू की कांग्रेस से अपना रास्ता हमेशा के



लिए अलग कर लिया था।

डॉ. राम मनोहर लोहिया केवल एक चिंतक ही नहीं बल्कि एक सच्चे कर्मवीर भी थे। उन्होंने देश में अनेक सामाजिक, लोकतांत्रिक और राजनीतिक आंदोलनों का कुशल नेतृत्व किया। वर्ष 1942 के %भारत छोड़ो आंदोलन% के समय उन्होंने ब्रिटिश सरकार की नजरों से बचकर, उषा मेहता के साथ मिलकर भूमिगत रहकर गुप्त रेडियो स्टेशन (कांग्रेस रेडियो) चलाया था, जिसने अंग्रेज हुकूमत की नाक में दम कर दिया था। इसके बाद 18 जून 1946 को उन्होंने गोवा को पुर्तगालियों के आधिपत्य से मुक्ति दिलाने के लिए एक बड़ा जन-आंदोलन शुरू किया। इसके साथ ही उन्होंने स्वतंत्र भारत में %अंग्रेजी हटाओ% आंदोलन की भी कमान संभाली।

डॉ. लोहिया एक ऐसे राजनेता थे जो राजनीति में उच्च नैतिक मूल्यों और शुचिता के पक्षधर थे। वे राजनीति की गंदी गलियों में भी शुद्ध आचरण की वकालत करते थे। वे सिद्धांतों के इतने पक्के थे कि जब उनकी अपनी ही पार्टी (प्रजा सोशलिस्ट पार्टी) की सहभागिता वाली राज्य सरकार के प्रशासनिक कार्यकाल में आंदोलनकारियों पर गोलियां चलाई गईं, तो उन्होंने अपनी ही पार्टी के मुख्यमंत्री से तुरंत इस्तीफे की मांग कर दी थी। वे कहते थे कि भारत की राजनीति में तब तक सफाई और शुद्धता नहीं आ सकती, जब तक किसी पार्टी के गलत कार्यों की निंदा उसी दल के कार्यकर्ताओं और समर्थकों द्वारा न की जाए। लोहिया जी ने गर्व से कहा था– ÷मुझे यह कहने का पूरा हक है कि हम ही भारत में एक मात्र ऐसी राजनीतिक पार्टी हैं, जिसने अपनी ही सरकार की गलत नीतियों की निंदा की। सिर्फ निंदा ही नहीं की, बल्कि उसे इस कदर मजबूर किया कि अंततः उस व्यवस्था में बदलाव लाना पड़ा।÷

डॉ. राम मनोहर लोहिया पूंजीवाद और साम्यवाद दोनों ही चरम विचारधाराओं के कड़े आलोचक थे। उन्होंने इन दोनों के विकल्प के रूप में एक तीसरी विचारधारा– नैतिक व मानवीय मूल्यों पर आधारित लोकतांत्रिक समाजवाद का प्रतिपादन किया था। समाज से हर प्रकार की असमानता को समूल नष्ट करने के लिए उन्होंने %सप्त क्रांति% (सात क्रांतियों) का दर्शन दिया, जिसके मुख्य बिंदु निम्नलिखित थे–

स्त्री और पुरुष के बीच पूर्ण समानता।

त्वचा के रंग (नस्ल) के आधार पर होने वाली असमानता के विरुद्ध संघर्ष।

जाति और जन्म आधारित ऊंच-नीच का अंत।

आर्थिक गैर-बराबरी (अमीरी-गरीबी की खाई) को पाटना।

व्यक्तिगत जीवन में विदेशी हस्तक्षेप को रोकना और निजी स्वतंत्रता की रक्षा करना।

दुनिया के सभी राष्ट्रों के बीच असमानता के खिलाफ संघर्ष।

अस्त्र-शस्त्र (हिंसा) के खिलाफ सत्याग्रह।

अपनी प्रारंभिक शिक्षा पूरी करने के बाद डॉ. लोहिया उच्च शिक्षा के लिए जर्मनी गए, जहां उन्होंने बर्लिन विश्वविद्यालय से 'नमक सत्याग्रह' विषय पर अपना शोध ग्रंथ लिखा, जिसके आधार पर उन्हें 1932 में पीएचडी (डॉक्टरेट) की उपाधि प्राप्त हुई। वे हिंदी के अतिरिक्त अंग्रेजी, जर्मन, फ्रेंच सहित कई भाषाओं के प्रकांड ज्ञाता थे। वे बहुत कम उम्र में ही आजादी के आंदोलन से जुड़ गए थे और 1936 में कांग्रेस पार्टी के भीतर गठित 'परराष्ट्र विभाग' के पहले सचिव बनाए गए थे। वे सत्ता के विकेंद्रीकरण के प्रबल समर्थक थे। उन्होंने शासन को लोकतांत्रिक ढंग से चलाने के लिए 'चौखंबा राज्य व्यवस्था' का मॉडल देश के सामने रखा, जिसमें सत्ता के चार स्तंभ– गांव, मंडल (जिला), प्रांत और केंद्र शामिल थे। उनका मानना था कि इन चारों स्तरों पर शक्ति के समान विभाजन के बिना वास्तविक लोकसत्ता मजबूत नहीं हो सकती।

डॉ. लोहिया मौलिक रूप से एक ठेठ देसी चिंतक थे। स्वतंत्रता प्राप्ति के बाद की राजनीति में वे एक ऐसे विचारक थे जो इतिहास, संस्कृति और अपनी भाषा के संदर्भ में पश्चिम के सिद्धांतों को उधार लेकर व्याख्या करने को कतई राजी नहीं थे। 60 के दशक में देश में उनके द्वारा शुरू किया गया %अंग्रेजी हटाओ आंदोलन% देश के गिने-चुने आंदोलनों में से एक है। उनके लिए भाषा केवल राजनीति का मुद्दा नहीं, बल्कि राष्ट्र के स्वाभिमान का प्रश्न और करोड़ों देशवासियों के भीतर आत्मविश्वास जगाने का जरिया थी। वे अक्सर कहते थे कि हिंदुस्तान के साधारण लोग अंग्रेजी न जानने पर लज्जित न हों बल्कि गर्व करें, क्योंकि यह सामंती भाषा है। वे चाहते थे कि भारतीय मानस आत्मा से पूरी तरह भारतीय बने, न कि अंग्रेज।

भारत के स्वतंत्रता आंदोलन में लोहिया जी कई बार जेल गए और वहां ब्रिटिश हुकूमत की अमानवीय यातनाएं भी सहीं। आजादी से पहले कांग्रेस के भीतर उनका एक प्रभावशाली सोशलिस्ट गुट था। 15 अगस्त 1947 को अंग्रेजों से मुक्ति मिलने पर वे उत्साहित तो थे, लेकिन विभाजन की भारी कीमत पर मिली इस स्वतंत्रता के कारण वे गहरे अवसाद में थे।

# हॉस्टल में 8 वर्षीया की संदिग्ध मौत

- परिजनों ने प्रबंधन पर उठाए सवाल
- लगाये जा रहे तरह-तरह के कयास



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पाकुड़।** जिले के लिट्टीपाड़ा थाना क्षेत्र के बंडू स्थित मिशन इंडिया मूवमेंट हॉस्टल में रविवार देर रात आठ वर्षीय बच्ची की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। मृतका की पहचान साहेबगंज जिले के तालझारी थाना क्षेत्र के बेहड़ा पहाड़ गांव निवासी जाबरा पहाड़िया की पुत्री रजनी पहाड़िन के रूप में हुई है। बच्ची पिछले नौ महीने से हॉस्टल में रहकर पढ़ाई कर रही थी घटना की सूचना मिलते ही परिजन हॉस्टल पहुंचे और प्रबंधन के प्रति नाराजगी जताई। स्थिति को नियंत्रित करने के लिए पुलिस इंस्पेक्टर अनूप भेंगरा, अंचल अधिकारी पवन कुमार और थाना प्रभारी नागेंद्र कुमार पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे।
मृत बच्ची के पिता ने आरोप लगाया कि हॉस्टल प्रबंधन ने बेहतर शिक्षा देने का आश्वासन दिया था, लेकिन बच्ची का नामांकन नजदीकी सरकारी विद्यालय में कराया गया था। वहीं, हॉस्टल प्रबंधन के मैनेजर सुलेमान मालतो के अनुसार, रविवार शाम बच्ची की तबीयत अचानक बिगड़ गई थी। ग्रामीण चिकित्सक से इलाज कराने के बाद रात करीब दस बजे उसकी मौत हो गई। प्रबंधन के मुताबिक, हॉस्टल में पाकुड़ और साहेबगंज जिले के 80 बच्चे रहते हैं, जिनका नामांकन अलग-अलग सरकारी विद्यालयों में कराया गया है। घटना के बाद क्षेत्र में आक्रोश और कई सवाल उठ रहे हैं। थाना प्रभारी के अनुसार, परिजनों ने लिखित रूप से पोस्टमार्टम नहीं कराने और प्रबंधन के खिलाफ शिकायत दर्ज नहीं करने का आग्रह किया। इसके बाद बिना पोस्टमार्टम कराए शव परिजनों को सौंप दिया गया।

# स्वर्ण पदक विजेता निक्की प्रधान हुईं सम्मानित

- निकाला गया रोड शो, लोगों ने पढ़े कसीदे
- बिरसा मुंडा की प्रतिमा पर किया पुष्प अर्पित
- समारोह में पदाधिकारीगण, कोच, परिजन व शुभचिंतक हुए शामिल



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**खूंटी।** जिला प्रशासन, खूंटी द्वारा भारतीय महिला हॉकी की स्वर्ण पदक विजेता एवं जिले की गौरव निक्की प्रधान के सम्मान में समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर नेताजी सुभाष चंद्र बोस चौक से समाहरणालय तक रोड शो निकाला गया, साथ ही समाहरणालय खूंटी के सभागार में आयोजित सम्मान समारोह में उपायुक्त मो० जावेद हुसैन एवं उप विकास आयुक्त प्रवीण कुमार प्रकाश ने भारतीय हॉकी खिलाड़ी निक्की प्रधान, उनके माता-पिता तथा उनके प्रारंभिक कोच दशरथ महतो को स्मृति चिह्न, अंगवस्त्र एवं पुष्पगुच्छ भेंट कर सम्मानित किया। समारोह के दौरान स्थानीय खिलाड़ियों ने निक्की प्रधान का गर्मजोशी से स्वागत किया। उनकी उपलब्धि पर जिले में उत्साह और गौरव का माहौल देखने को मिला।
निक्की प्रधान के स्वागत में निकले गए रोड शो के दौरान बिरसा कॉलेज, खूंटी परिसर में स्थित भगवान बिरसा मुंडा की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं पुष्प अर्पित कर श्रद्धासुमन अर्पित किए गए। इसके पश्चात बाजार टांड़ स्थित जयपाल सिंह मुंडा की प्रतिमा पर भी माल्यार्पण एवं पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया गया। इस आयोजन के माध्यम से जिले की खेल प्रतिभा का सम्मान करने के साथ-साथ झारखंड की गौरवशाली विरासत और महापुरुषों के योगदान को भी स्मरण किया गया। कार्यक्रम में जिला खेल पदाधिकारी राजेश चौधरी ने उपस्थित अतिथियों, निक्की प्रधान, उनके परिजनों, प्रारंभिक कोच एवं अन्य लोगों का स्वागत किया। समारोह में निक्की प्रधान की उपलब्धियों को रेखांकित करते हुए उनके संघर्ष, प्रशिक्षण और खेल के प्रति समर्पण की सराहना की गई।
उपायुक्त जावेद हुसैन ने अपने संबोधन में कहा कि निक्की प्रधान की उपलब्धि देश, राज्य एवं पूरे जिले के लिए गौरव का विषय है। खेल के क्षेत्र में उनकी सफलता जिले के अन्य बच्चों एवं युवाओं के लिए प्रेरणास्रोत है।
अखिल भारतीय सांस्कृतिक विकास महासंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष तपन घोष ने कहा कि निक्की प्रधान के संघर्ष, प्रयास और जज्बे से अंतरराष्ट्रीय स्तर तक पहुंचने की यात्रा सफल हुई। खेलप्रेमी युवा ध्रुवेन्द्र भास्कर ने कहा कि तमाम अभावों के बावजूद निक्की प्रधान के समर्पण और सतत प्रयासशील रहकर स्वर्ण पदक तक का सफर युवा खिलाड़ियों के लिए प्रेरणा है। उन्होंने उम्मीद जताई कि निक्की प्रधान भविष्य में भी उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए देश और जिले का नाम रोशन करती रहेंगी।
उप विकास आयुक्त प्रवीण कुमार प्रकाश ने अपने संबोधन में कहा कि किसी भी क्षेत्र में निरंतर सफलता हासिल करने के लिए समर्पण, अनुशासन, टीम भावना और निरंतर प्रयास आवश्यक हैं। मुरहू के समाजसेवी डॉ धर्मेंद्र नाथ तिवारी ने कहा कि निक्की प्रधान ने निरंतर मेहनत और लगन के बल पर अपनी प्रतिभा को निखारते हुए ऊंचे लक्ष्य हासिल किया। सभी युवाओं को अपने लक्ष्य के प्रति समर्पित रहने और उपलब्ध अवसरों का पूरा लाभ उठाने का सफल प्रयास करना चाहिए।
समारोह के दौरान निक्की प्रधान ने अपने शुरूआती दिनों के संघर्षों और अपने परिवार की आर्थिक परिस्थितियों के बारे में बताया। उनके संघर्ष और उपलब्धियों की यात्रा ने उपस्थित खिलाड़ियों एवं युवाओं को मेहनत, लगन और निरंतर अभ्यास के महत्व का संदेश दिया। निक्की प्रधान के प्रारंभिक कोच दशरथ महतो ने भी उनके शुरूआती खेल जीवन से जुड़े अनुभव साझा किए। उन्होंने बताया कि किस प्रकार उन्होंने निक्की प्रधान की प्रतिभा और खेल के प्रति रुचि को पहचाना तथा उन्हें प्रशिक्षण देकर आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित किया।

## नप की सड़क योजनाओं पर सियासी घमासान

# विपक्ष धरना पर तो समर्थकों ने की आतिशबाजी




**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पाकुड़।** पाकुड़ नगर परिषद में दो करोड़ रुपये की सड़क योजनाओं के चयन को लेकर विवाद गहरा गया है। नगर परिषद के 21 वार्डों में से केवल 11 वार्डों में सड़क योजनाओं को स्वीकृति देने और बाकी 10 वार्डों की अनदेखी करने का आरोप लगाते हुए वंचित वार्ड पार्षदों ने सोमवार को विरोध प्रदर्शन किया।
वार्ड नंबर चार की पार्षद रूपाली सरकार के नेतृत्व में 10 वार्ड पार्षदों और स्थानीय नागरिकों ने नगर परिषद कार्यालय के बाहर करीब चार घंटे तक धरना दिया। इस दौरान प्रदर्शनकारियों ने नगर परिषद अध्यक्ष, उपाध्यक्ष और अधिकारियों के खिलाफ नारेबाजी करते हुए पुतला दहन किया। पार्षदों ने जिलाधिकारी के नाम मांग पत्र भी सौंपा।
पार्षदों का आरोप है कि दो करोड़ रुपये की सड़क योजना के चयन में नियमों का पालन नहीं किया गया। उन्होंने मांग की कि विभाग से मंतव्य मिलने तक योजनाओं के एकरारनामे और कार्यादेश पर रोक लगाई जाए। साथ ही 11 वार्डों के लिए चयनित योजनाओं की वैधता और नियमसम्मतता की उच्चस्तरीय जांच कराई जाए।
पार्षदों ने कहा कि यदि योजना चयन में अनियमितता पाई जाती है, तो निविदाओं को रद्द कर सभी 21 वार्डों के लिए नए सिरे से योजनाओं का चयन किया जाए। उन्होंने चेतावनी दी कि मांगों पर कार्रवाई नहीं होने पर अनिश्चितकालीन धरना, चक्का जाम और नगर परिषद कार्यालय में तालाबंदी जैसे आंदोलन किए जाएंगे।
वहीं, नगर परिषद अध्यक्ष और उपाध्यक्ष ने अपने ऊपर लगाए गए आरोपों को बेबुनियाद बताया है। धरने में मोहम्मद असलम, मिथुन मरांडी, उज्ज्वल हाड़ी, किरण लाल कपड़ी, भीम सिंह, आलमगीर अंसारी और अन्य पार्षद शामिल रहे।
इधर दूसरी ओर नगर परिषद में दो करोड़ रुपये की सड़क योजनाओं के चयन को लेकर विवाद गहराता जा रहा है।
सोमवार को जहां कुछ वार्ड पार्षदों ने योजनाओं में भेदभाव का आरोप लगाते हुए नगर परिषद कार्यालय के बाहर धरना दिया और अध्यक्ष-उपाध्यक्ष का पुतला फूंका, वहीं वार्ड पार्षद अनिकेत गोस्वामी के नेतृत्व में समर्थकों ने कार्यालय के बाहर पटाखे फोड़कर बोर्ड के कार्यों का समर्थन किया।
आतिशबाजी के बाद मीडिया से बातचीत में अनिकेत गोस्वामी ने आंदोलनकारी पार्षदों के आरोपों को खारिज किया। उन्होंने कहा कि नगर परिषद में विकास योजनाओं के शिलान्यास और कार्यों की खुशी में आतिशबाजी की गई है। उन्होंने आंदोलन कर रहे पार्षदों पर जनता को गुमराह करने और सस्ती लोकप्रियता हासिल करने के लिए आरोप लगाने का दावा किया।
गोस्वामी ने कहा कि केवल 11 वार्डों में योजनाएं स्वीकृत होने की बात सही नहीं है। उनके अनुसार, 14 वार्डों में सड़क योजनाएं पास हुई हैं। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि कुछ ऐसे पार्षद भी धरने में शामिल हैं, जिनके वार्ड में योजनाएं स्वीकृत हुई हैं।
उन्होंने कहा कि 16वें वित्त आयोग के तहत सभी 21 वार्डों के विकास के लिए योजनाएं पारित की गई हैं। अध्यक्ष शबरी पाल और उपाध्यक्ष राणा ओझा के नेतृत्व में नगर परिषद क्षेत्र में विकास कार्य जारी रहेंगे। उन्होंने दावा किया कि किसी भी वार्ड को विकास से वंचित नहीं रखा जाएगा।
गौरतलब है कि सड़क योजनाओं के चयन को लेकर कुछ पार्षदों ने नियमों के पालन और सभी वार्डों को समान अवसर देने की मांग की है। इस मुद्दे पर नगर परिषद में राजनीतिक खींचतान तेज हो गई है।

## महुआ फूल व बीयर बरामद

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बांकेबाजार गयाजी।** बांकेबाजार प्रखंड अंतर्गत रौशनगंज थाना क्षेत्र के बरमोरिया गांव के पास पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए एक पिकअप वाहन से भारी मात्रा में महुआ फूल, स्पिरिट और बीयर बरामद की है। इस मामले में पिकअप चालक को गिरफ्तार कर थाने लाया गया है। पुलिस आगे की कार्रवाई में जुटी है।
रौशनगंज थानाध्यक्ष अनु राजा ने बताया कि बरमोरिया के पास एक पिकअप वाहन की जांच की। इस दौरान वाहन से 1800 किलोग्राम महुआ फूल, 35 लीटर क्षमता वाले प्लास्टिक के 12 गैलन में कुल 420 लीटर स्पिरिट और किंगफिशर बीयर के 29 कार्टून बरामद किए गए। बीयर की कुल मात्रा 348 लीटर बताई गई है। मामले में गिरफ्तार चालक की पहचान सुधीर कुमार, पिता घनश्याम पासवान, निवासी गुरुआ, थाना गुरुआ, जिला गया के रूप में हुई है। पुलिस ने पिकअप वाहन समेत सभी बरामद सामग्रियों को अपने कब्जे में ले लिया है। मामले में अग्रिम कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

# पंचमो परियोजना की कार्य योजना समयसीमा के साथ प्रस्तुत करें : डीसी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बोकारो।** उपायुक्त अजय नाथ झा की अध्यक्षता में सोमवार को एम/एस के बीपीएमपीएल एवं सीसीएल की कोतरे बसंतपुर पंचमो परियोजना को लेकर समन्वय बैठक आयोजित की गई। बैठक में उपायुक्त ने कंपनी प्रबंधन को खनन गतिविधियों से लेकर खदान बंदी तक की संपूर्ण कार्ययोजना निर्धारित समयसीमा के साथ प्रस्तुत करने का निर्देश दिया।
उपायुक्त ने कहा कि परियोजना से जुड़े सभी कार्यों की समयसीमा स्पष्ट होनी चाहिए, ताकि भूमि सत्यापन, रैयतों के हित, रोजगार, मुआवजा और क्षेत्र के विकास से संबंधित मामलों का समय पर निष्पादन किया जा सके। उन्होंने कंपनी प्रतिनिधियों को प्रस्तावित विकास योजनाओं, गैर-खनन क्षेत्र में भूमि के उपयोग तथा खदान बंद होने के बाद पुनर्वास और क्षेत्र के विकास से जुड़ी योजनाओं का विस्तृत ब्योरा प्रस्तुत करने को कहा। उन्होंने स्पष्ट किया कि पूरी कार्ययोजना पारदर्शी होनी चाहिए और परियोजना से जुड़े सभी महत्वपूर्ण पहलुओं को उसमें शामिल किया जाना चाहिए।
बैठक में उप विकास आयुक्त शताब्दी मजूमदार, प्रशिक्षु आईएएस अरविंद राधाकृष्णन, वन पदाधिकारी संदीप शिंदे, जिला खनन पदाधिकारी रवि कुमार, सहायक जनसंपर्क पदाधिकारी अविनाश कुमार सहित कंपनी के प्रतिनिधि और रैयत उपस्थित थे। वहीं, ऑनलाइन माध्यम से पुलिस अधीक्षक नाथू सिंह मीणा, डीएफओ नीतीश कुमार और अंचल अधिकारी अफताब आलम सहित अन्य संबंधित पदाधिकारी बैठक में शामिल हुए।

## अग्निवीर के निधन से क्षेत्र में शोक

**बांकेबाजार गयाजी।** प्रखंड के जमुआराखुर्द गांव निवासी अग्निवीर जवान सुभाष कुमार चौधरी के निधन से पूरे क्षेत्र में शोक की लहर है। सोमवार को निधन की खबर मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। सुभाष कुमार चौधरी, गया चौधरी और मनवा देवी के पुत्र थे। वह वर्ष 2023 में अग्निवीर के रूप में भारतीय सेना में भर्ती हुए थे और वर्तमान में राजस्थान के जैसलमेर में तैनात थे।

# प्रशासन द्वारा रोड शो रद्द करने का डॉ. अहमद ने किया समर्थन

## भाजपा सहित मनोज तिवारी पर भी कसा तंज



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गिरिडीह।** भाजपा सांसद मनोज तिवारी के गिरिडीह में रोड शो रद्द होने पर मुख्यमंत्री और प्रशासनिक अधिकारियों को जिम्मेदार ठहराए जाने के बयान पर राज्यसभा सांसद डॉ. अहमद ने पलटवार किया है। उन्होंने कहा कि दशहरा के समय प्रशासन ने जो भी निर्णय लिया है, वह उचित है। त्योहार के दौरान शांति और कानून-व्यवस्था बनाए रखना प्रशासन की जिम्मेदारी है। डॉ. अहमद ने दिल्ली में प्रदर्शनकारियों के साथ कथित पुलिसिया कार्रवाई का मुद्दा उठाते हुए भाजपा पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि दिल्ली में बुजुर्गों, बच्चों और बच्चियों के साथ कथित तौर पर हो रहे दुर्व्यवहार पर सरकार मौन है।
उन्होंने कहा कि सांसद मनोज तिवारी को इस मुद्दे पर भी ध्यान देना चाहिए कि दिल्ली में लोगों को लगातार विरोध-प्रदर्शन करने से रोके जाने की शिकायतें सामने आ रही हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि दिल्ली में बैरिकेडिंग और पुलिस बल का इस्तेमाल कर प्रदर्शनकारियों को रोका जा रहा है तथा उनके साथ मारपीट की जा रही है। डॉ. अहमद ने इसे दुर्भाग्यपूर्ण बताते हुए कहा कि लोकतंत्र में शांतिपूर्ण विरोध-प्रदर्शन करना नागरिकों का अधिकार है। ऐसे में जनता की आवाज को दबाने के बजाय उसकी बात सुनी जानी चाहिए।

# जेएनयू प्रकरण को ले भाजपा महिला मोर्चा का प्रदर्शन




**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पाकुड़।** जेएनयू से जुड़े यौन उत्पीड़न के मामले को लेकर भाजपा महिला मोर्चा ने पाकुड़ में विरोध प्रदर्शन किया। भाजपा जिलाध्यक्ष सरिता मुर्मू के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी मार्केट कॉम्प्लेक्स से विरोध मार्च निकाला जो अटल चौक स्थित कांग्रेस कार्यालय के समीप पहुंचा, जहां प्रदर्शन सभा में बदल गया।
प्रदर्शन के दौरान भाजपा जिलाध्यक्ष सरिता मुर्मू ने कांग्रेस नेतृत्व पर सवाल उठाए। उन्होंने राहुल गांधी और प्रियंका गांधी से इस मामले में पार्टी का रुख स्पष्ट करने की मांग की। उन्होंने आरोप लगाया कि महिला सुरक्षा और सम्मान की बात करने वाली कांग्रेस इस मामले में दोहरा रवैया अपना रही है। मोर्चा ने संबंधित कांग्रेस सांसद प्रोफेसर बिमोल अकोइजम के इस्तीफे की मांग करते हुए कहा कि मांग पूरी नहीं होने तक चरणबद्ध आंदोलन जारी रहेगा। कार्यक्रम में भाजपा महिला मोर्चा की मीरा प्रवीण सिंह, शर्मिला रजक, लक्ष्मी तुरी, प्राची चौधरी, पार्वती देवी, निधि गुप्ता, पूनम देवी, रश्मि भगत, पिंकी मंडल, सरिता मिश्रा, नीतू देवी, चाइना देवी सहित कई कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# जनसंवाद कर स्नातक मतदाताओं से मांगा समर्थन

## स्नातक भवन और निःशुल्क प्रतियोगी परीक्षा तैयारी का दिया भरोसा




**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**नवादा।** पटना स्नातक निर्वाचन क्षेत्र से जन सुराज पार्टी के प्रत्याशी डॉ. अनुज सिंह ने सोमवार को नवादा जिले के सात प्रखंडों में स्नातक मतदाताओं के साथ जनसंवाद कर समर्थन मांगा। इस दौरान उन्होंने वर्तमान विधान पार्षद नीरज कुमार के 18 वर्षों के कार्यकाल पर सवाल उठाते हुए कहा कि इतने लंबे समय में करीब 60 करोड़ रुपये का फंड मिलने के बावजूद क्षेत्र में विकास कार्य कहीं दिखाई नहीं दे रहा है। उन्होंने सवाल किया कि जब इतने वर्षों में स्नातकों के लिए एक भवन तक नहीं बन सका, तो विकास का आकलन कैसे किया जाए।
डॉ. सिंह ने कहा कि स्नातकों के अधिकारों और भविष्य को बेहतर बनाने के लिए शिक्षित वर्ग को एकजुट होना होगा। उन्होंने भरोसा दिलाया कि चुनाव में जीत मिलने पर सभी जिलों में स्नातक भवन बनाने तथा युवाओं को प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए निःशुल्क सुविधा उपलब्ध कराने की दिशा में पहल करेंगे।
उन्होंने अपने संस्थान के प्रयासों का उल्लेख करते हुए कहा कि वहां से शिक्षक प्रशिक्षण प्राप्त कर करीब पांच हजार युवक शिक्षक बने हैं। इसे उन्होंने अपने व्यक्तिगत प्रयासों की उपलब्धि बताया। डॉ. सिंह ने कहा कि वे स्नातकों के घर के बेटे और भाई के रूप में उनके अधिकारों की लड़ाई लड़ने चुनाव मैदान में उतरे हैं।
उन्होंने जन सुराज के संस्थापक प्रशांत किशोर के नेतृत्व में बिहार में बदलाव के अभियान को सफल बनाने की अपील भी की। जनसंवाद कार्यक्रम रोह, कौआकोल, पकरीबरावां, काशीचक, वारिसलीगंज और नवादा सहित विभिन्न क्षेत्रों में आयोजित किए गए। इस अवसर पर सभी प्रखंड के पार्टी अध्यक्षों के साथही जनसुराज के जिला अध्यक्ष त्रिवेणी सिंह, महिला अध्यक्ष कुमारी स्वीटी, समाजसेवी अशोक कुमार सिंह , अनीस खां,कृष्ण कुमार प्रभाकर सहित सभी पंचायत के स्नातक मतदाता उपस्थित थे ।इस दौरान कई स्नातक मतदाताओं ने डॉ. अनुज सिंह को समर्थन देने का भरोसा जताया।

# कील की सेज पर लेटकर पेट पर रखा कलश

## दर्शन को उमड़ रही भीड़



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**रामगढ़।** नवरात्रि के पावन अवसर पर मां दुर्गा की भक्ति और आस्था का अनूठा नजारा रामगढ़ जिले के बरकाकाना क्षेत्र में देखने को मिल रहा है।
पोचरा स्थित झोपड़ी टोला की रहने वाली रूपा देवी अपनी कठिन साधना और अटूट श्रद्धा को लेकर इन दिनों चर्चा में हैं। नवरात्रि के दौरान रूपा देवी लोहे की नुकीली कील से बनी सेज पर लेटकर अपने पेट पर कलश धारण करती हैं और मां दुर्गा की आराधना में लीन रहती हैं। सोमवार को उनकी इस साधना को देखने के लिए दूर-दराज के क्षेत्रों से श्रद्धालुओं का पहुंचना जारी है।
स्थानीय श्रद्धालुओं के बीच रूपा देवी की साधना को लेकर गहरी आस्था है। भक्तों का मानना है कि मां दुर्गा अपने भक्तों की प्रार्थनाएं सुनती हैं और सच्चे मन से मांगी गई मुरादें पूरी करती हैं। इसी विश्वास के साथ लोग रूपा देवी के दर्शन करने और माता रानी का आशीर्वाद लेने पहुंच रहे हैं। हालांकि, मनोकामना पूरी होने से जुड़ी मान्यताएं श्रद्धालुओं की आस्था पर आधारित हैं। रूपा देवी के पति राजेश राम ने बताया कि पिछले 12 वर्षों से वह लगातार मां दुर्गा की आराधना कर रही हैं। पिछले तीन वर्षों से वह नवरात्रि के दौरान लोहे की नुकीली कीलों से बनी सेज पर आसन ग्रहण कर कठिन साधना कर रही हैं। उनकी इस अनूठी साधना को देखने के लिए प्रतिदिन श्रद्धालुओं की भीड़ जुट रही है।
रूपा देवी की सास बंदनी देवी ने बताया कि इस धार्मिक आयोजन की चर्चा झारखंड तक सीमित नहीं है। बिहार, उत्तर प्रदेश, पश्चिम बंगाल और ओडिशा सहित पांच राज्यों से श्रद्धालु यहां पहुंच रहे हैं। भक्त माता रानी के जयकारे लगाते हुए पूजा-अर्चना में शामिल हो रहे हैं। पूरे क्षेत्र में भक्तिमय वातावरण बना हुआ है। नवरात्रि के दौरान रूपा देवी की साधना लोगों के बीच चर्चा और आकर्षण का केंद्र बनी हुई है। श्रद्धालुओं के लिए यह आयोजन जहां आस्था और विश्वास का प्रतीक है, वहीं रूपा देवी की वर्षों से चली आ रही आराधना उनकी धार्मिक निष्ठा को दशार्ती है।

# एनएचएम कर्मियों को जल्द मिलेगा सितंबर का मानदेय

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**रांची।** झारखंड में राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एनएचएम) के तहत कार्यरत कर्मियों के सितंबर माह तक के लंबित मानदेय और प्रोत्साहन राशि का अविलंब भुगतान करने का निर्देश दिया गया है। स्वास्थ्य, चिकित्सा शिक्षा एवं परिवार कल्याण विभाग के अपर मुख्य सचिव अजय कुमार सिंह ने सोमवार को हुई समीक्षा बैठक में अधिकारियों को यह निर्देश दिया।
बैठक में एनएचएम की वित्तीय स्थिति, विभिन्न पदों के पुनर्गठन और कर्मियों के भुगतान से जुड़े मामलों की समीक्षा की गयी। अपर मुख्य सचिव ने स्पष्ट किया कि राज्य स्तर से लेकर जिला, प्रखंड और सहिया स्तर तक कार्यरत किसी भी कर्मी का मानदेय लंबित नहीं रहना चाहिए। उन्होंने कहा कि आगामी पूजा-पर्व को देखते हुए भुगतान समय पर किया जाए, ताकि कर्मियों को आर्थिक परेशानी का सामना नहीं करना पड़े।
बैठक के दौरान अजय कुमार सिंह ने एनएचएम की वित्तीय स्थिति की विस्तृत जानकारी ली। गढ़वा और जामताड़ा जिलों में उपलब्ध करायी गयी राशि के मुकाबले कम खर्च होने पर उन्होंने असंतोष जताया. उन्होंने अधिकारियों को खर्च की गति बढ़ाने और स्वीकृत योजनाओं का क्रियान्वयन तेज करने का निर्देश दिया, ताकि उपलब्ध राशि का समय पर उपयोग हो सके।
अपर मुख्य सचिव ने अक्टूबर माह के वेतन का भुगतान मानव संसाधन सूचना प्रणाली (एचआरआईएस) के माध्यम से करने को कहा। उन्होंने भुगतान प्रक्रिया में रांची जिले को प्राथमिकता देने का निर्देश दिया इसके बाद अन्य जिलों में भी वेतन भुगतान की प्रक्रिया जल्द पूरी करने को कहा गया। एनएचएम के तहत कार्यरत आउटसोर्स कर्मियों के भुगतान में तेजी लाने का निर्देश भी दिया गया। संबंधित अधिकारियों से कहा गया कि वेतन और पारिश्रमिक से जुड़ी सभी प्रक्रियाएं समयबद्ध तरीके से पूरी करें, ताकि भुगतान में अनावश्यक देरी न हो।

# योजनाओं की समयसीमा तय करें : डीसी



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बोकारो।** उपायुक्त अजय नाथ झा ने सोमवार को वीडियो संवाद के माध्यम से जिला समन्वय समिति की बैठक कर विभिन्न विभागों और प्रखंडों में संचालित विकास योजनाओं की समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि योजनाओं को धरातल पर उतारने में तेजी लाएं और प्रत्येक कार्य के लिए स्पष्ट समयसीमा निर्धारित करें। उन्होंने कहा कि केवल योजना आवंटित करना पर्याप्त नहीं है, बल्कि निर्धारित समय पर उसे पूरा करना भी जरूरी है।
बैठक में उप विकास आयुक्त शताब्दी मजूमदार, वन पदाधिकारी संदीप शिंदे, प्रशिक्षु आईएएस अरविंद राधाकृष्णन सहित संबंधित विभागों के पदाधिकारी उपस्थित रहे।
उपायुक्त ने निर्देश दिया कि किसी भी निर्माण योजना का कार्य आवंटित करने से पहले भूमि की उपयुक्तता सुनिश्चित की जाए। इसके लिए अंचल अधिकारी से रिपोर्ट प्राप्त करने के साथ भूमि का चिन्हांकन भी कराया जाए। भूमि संबंधी समस्याओं के कारण निर्माण कार्य बाधित नहीं होना चाहिए।
बैठक में आंगनबाड़ी केंद्रों में शौचालय निर्माण और पेयजल व्यवस्था की प्रखंडवार समीक्षा की गई। उपायुक्त ने लंबित कार्यों को शीघ्र पूरा करने तथा पूर्ण योजनाओं के भुगतान में आ रही समस्याओं का समाधान करने का निर्देश दिया। जहां भूमि की अनुपलब्धता के कारण निर्माण संभव नहीं है, वहां वैकल्पिक स्थल चिह्नित कर प्रस्ताव भेजने को कहा।
वीबी-जी रामजी योजना के तहत मजदूरी और सामग्री भुगतान में कोषागार स्तर पर आ रही तकनीकी समस्याओं पर भी चर्चा हुई। उपायुक्त ने संबंधित अधिकारियों को आपसी समन्वय से बाधाएं दूर कर भुगतान प्रक्रिया सुचारू बनाने का निर्देश दिया। साथ ही, आंगनबाड़ी केंद्रों के निर्माण के लिए चरणवार कार्ययोजना और पूर्णता की तिथि निर्धारित करने को कहा।
मुख्य जलापूर्ति योजना के इंटेक वेल और जल शोधन संयंत्र को अलग-अलग फीडर से जलापूर्ति होने के कारण उत्पन्न तकनीकी समस्या का समाधान करने का निर्देश दिया गया। उपायुक्त ने पेयजल और सिंचाई योजनाओं को प्राथमिकता देने के साथ बोरवेल के आसपास रिचार्ज पिट बनाने तथा उपयुक्त स्थलों पर वर्षा जल संचयन की व्यवस्था विकसित करने पर जोर दिया।
उन्होंने अधिकारियों से लंबित योजनाओं की नियमित समीक्षा करने, बाधाओं को दूर करने और जवाबदेही के साथ निर्धारित समयसीमा में कार्य पूरा करने को कहा। उन्होंने स्पष्ट किया कि विकास योजनाओं का उद्देश्य आम लोगों को लाभ पहुंचाना है।

संक्षिप्त समाचार

## गजब का म्यूचुअल फंड: सिर्फ 1 लाख से बन जाते 4.3 करोड़

**मुंबई, एजेंसी।** शेयर बाजार में कई ऐसे स्टॉक हैं जिन्होंने लॉन्ग टर्म में निवेशकों को छप्परफाड़ रिटर्न दिया। वहीं, जिन निवेशकों ने सही कैल्कुलेशन के साथ किसी मजबूत म्यूचुअल फंड में निवेश किया होगा, वो भी मालामाल हो चुके होंगे। म्यूचुअल फंड के रिटर्न का ऐसा ही उदाहरण निप्पोन इंडिया ग्रोथ मिड कैप फंड है। इस फंड ने तीन दशक में निवेशकों को चौंकाने वाला रिटर्न दिया है।

### रकम के हिसाब से समझें



इंडिया ग्रोथ मिड कैप फंड में किसी निवेशक ने 30 साल पहले सिर्फ 1 लाख रुपये लगाए होते तो उसकी वैल्यू आज करीब 4.3 करोड़ रुपये हो सकती थी। आंकड़ों के मुताबिक, फंड ने शुरुआत से करीब 22 फीसदी सालाना चक्रवृद्धि रिटर्न दिया है। बता दें कि इस फंड की शुरुआत 1995 में हुई थी। यह मिडकैप श्रेणी का फंड है, जो मुख्य रूप से मध्यम आकार की कंपनियों के शेयरों में निवेश करता है। ऐसी कंपनियों में कारोबार और कमाई बढ़ने की संभावना हो सकती है, लेकिन इनके शेयरों में उतार-चढ़ाव भी अधिक हो सकता है। यह भारत में सबसे पुराने तरह के म्यूचुअल फंड में से एक हैं और ये उन कंपनियों में निवेश पर ध्यान केंद्रित करते हैं जिन्होंने अतीत में औसत से बेहतर ग्रोथ दिखाई है। इस कैटेगरी के म्यूचुअल फंड की मुख्य विशेषता नियमित डिविडेंड भुगतान के बजाय कैपिटल एप्रिसिएशन (पूंजी में बढ़ोतरी) पर जोर देना है।

## दोस्त बनाने के लिए शुरू किया फ्री रनिंग क्लब, बन गया 6 करोड़ रुपये का बिजनेस

**नई दिल्ली, एजेंसी।** आमतौर पर लोग दोस्तों से मिलने और फिट रहने के लिए रनिंग क्लब जॉइन करते हैं। लेकिन क्या आपने सोचा है कि फ्री वाला एक क्लब भी करोड़ों रुपये का बिजनेस बन सकता है अमेरिका के न्यूयॉर्क में रहने वाले ओवेन अखिबी ने ऐसा ही कर दिखाया है। उन्होंने नौकरी के साथ एक रनिंग क्लब शुरू किया, जहां लोग मुफ्त में दौड़ते हैं। इस क्लब के जरिए उन्होंने साल 2025 में




करीब 6 करोड़ रुपये का रेवेन्यू हासिल किया। सीएनबीसी मेक इट की रिपोर्ट के मुताबिक, अखिबी ने जुलाई 2024 में पीक एंड पेस नाम से इस कम्युनिटी की शुरुआत की थी। उस समय वह जेपी मॉर्गन में एल्गोरिदमिक ट्रेडिंग सेल्स के क्षेत्र में काम कर रहे थे। लंदन से न्यूयॉर्क आने के बाद वह नए दोस्त बनाना चाहते थे। इसी सोच ने उन्हें रनिंग क्लब शुरू करने का आइडिया दिया।

### बिजनेस में बदल गया मौका

शुरुआत में अखिबी का मकसद लोगों को दौड़ने के बहाने एक-दूसरे से जुड़ने का मौका देना था। लेकिन धीरे-धीरे यह पहल एक बड़े सोशल फिटनेस बिजनेस में बदल गई। साल 2025 में क्लब के अलग-अलग इवेंट में करीब 30,000 लोगों ने हिस्सा लिया।

**कैसे आया आइडिया-** ओवेन अखिबी ने अपने क्लब में दौड़ने के लिए लोगों से कोई फीस नहीं ली। उन्होंने समझा कि लोगों को एक साथ लाने के बाद उनके लिए दूसरे सामाजिक कार्यक्रम भी आयोजित किए जा सकते हैं, जिनमें हिस्सा लेने के लिए लोग पैसे देने को तैयार होंगे।

# चीन में 300 अरब के मार्केट पर भारत की नजर

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत का सबसे बड़ा ट्रेडिंग पार्टनर चीन है लेकिन इस पड़ोसी देश के साथ हमारा व्यापार घाटा बहुत ज्यादा है।

इस घाटे के कम करने के लिए भारत सरकार की नजर अब चीन के सर्विस सेक्टर पर है। चीन का कुल सर्विस इंपोर्ट लगभग 300 बिलियन डॉलर है, लेकिन उस देश में भारत का सर्विस एक्सपोर्ट सिर्फ 8 बिलियन डॉलर के आसपास है। अब भारत सरकार ने इंडस्ट्री से उन अड़चनों के बारे में जानकारी मांगी है जिनका सामना उन्हें चीन में करना पड़ रहा है।

ईटी की एक रिपोर्ट के मुताबिक भारत उन व्यापारिक बाधाओं की सूची बना रहा है जिनका सामना चीन में सर्विस एक्सपोर्टर्स को करना पड़ता है। इनमें सख्त लाइसेंसिंग, रजिस्ट्रेशन और स्थानीय नियम शामिल हैं। कॉमर्स डिपार्टमेंट ने इंडस्ट्री से चीन की डेटा लोकलाइजेशन, साइबर

### सरकार ने इंडस्ट्री से मांगी बाधाओं की पूरी लिस्ट



सिक्योरिटी और क्रॉस-बॉर्डर डेटा ट्रांसफर से जुड़ी जरूरतों के साथ-साथ वीजा, वर्क परमिट और प्रोफेशनल क्वालिफिकेशन की मान्यता के बारे में जानकारी मांगी है।

### अमेरिका और ब्रिटेन का दबदबा

अमेरिका और ब्रिटेन दुनिया में कमर्शियल सर्विस के सबसे बड़े एक्सपोर्टर हैं। लेकिन भारत की भी इसमें हिस्सेदारी बढ़ रही है। 2014 में 3 प्रतिशत के मुकाबले 2024 में भारत की हिस्सेदारी बढ़कर 4.3 प्रतिशत हो गई। इस दौरान चीन की हिस्सेदारी 4.2 प्रतिशत से बढ़कर 5.1 प्रतिशत हो गई।

कोविड-19 महामारी से पहले भारत के सर्विस एक्सपोर्ट की औसत ग्रोथ 7.6 प्रतिशत थी, जो 2022-23 और 2024-25 के बीच बढ़कर 14 प्रतिशत हो गई।

### भारत का एक्सपोर्ट

एक अधिकारी ने कहा, चीन में सामान और सर्विस, दोनों से जुड़ी व्यापारिक बाधाओं की पहचान करने की कोशिशें चल रही हैं। 2024 में चीन को भारत का सर्विस एक्सपोर्ट कुल 8.95 बिलियन डॉलर का था। भारतीय कंपनियों को चीन में टैलेंट भेजने में भी आवाजाही से जुड़ी बड़ी पाबंदियों का सामना करना पड़ता है, जिससे क्रॉस-बॉर्डर कामकाज और मुश्किल हो जाता है। चीन के होने वाले सर्विस एक्सपोर्ट में इन्फॉर्मेशन टेक्नोलॉजी, क्लाउड-इनेबल्ड सर्विस और डिजिटल सॉल्यूशन भारत के मुख्य एक्सपोर्ट हैं। भारतीय एक्सपोर्टर्स को टैक्स, पेमेंट और रेमिटेंस से जुड़े मुद्दों के साथ-साथ कॉन्ट्रैक्ट हासिल करने में चुनौतियां का सामना करना पड़ता है। इंडस्ट्री के जानकारों के मुताबिक भारतीय सर्विस कंपनियां चीन में एक्टिव हैं, लेकिन उनमें से ज्यादातर सीधे अपने क्लाइंट को एक्सपोर्ट नहीं करतीं। बल्कि क्लाइंट का प्रतिनिधित्व करने वाली दूसरी कंपनियों के लिए काम करती हैं।

## बाजार खुलते ही 1400 गिरा सोना, चांदी में भी गिरावट

**नई दिल्ली, एजेंसी।** सोने और चांदी की कीमत में हफ्ते के पहले कारोबार दिन आज भारी गिरावट आई है। एमसीएक्स पर सोना शुरुआती कारोबार में 1269 रुपये प्रति 10 ग्राम लुढ़क गया जबकि चांदी की कीमत में प्रति किलो 1439 रुपये की गिरावट आई है।



फिजिकल मार्केट में भी सोने और चांदी की कीमत में गिरावट आई है। एमसीएक्स पर 4 दिसंबर की डिलीवरी वाला सोना पिछले सत्र में 151499 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था और आज 151596.00 रुपये पर खुला। शुरुआती कारोबार में यह 1419 रुपये की गिरावट के साथ 150080 रुपये तक फिसला। इसी तरह 4 दिसंबर की डिलीवरी वाली चांदी भी पिछले सत्र में 225755 रुपये प्रति किलो पर बंद हुई थी और आज 225494 रुपये पर खुली। शुरुआती कारोबार में यह 1419 रुपये तक फिसलकर 224326 रुपये पर आ गई।

### फिजिकल मार्केट में कीमत

फिजिकल मार्केट में भी सोने की कीमत में गिरावट आई है। गुड रिटर्न्स के मुताबिक 24 कैरेट वाला सोना 440 रुपये की गिरावट के साथ 150980 रुपये प्रति 10 ग्राम पर आ गया। इसी तरह 22 कैरेट गोल्ड 400 रुपये नीचे 138400 रुपये पर और 18 कैरेट गोल्ड 330 रुपये नीचे 113240 रुपये पर ट्रेड कर रहा है। चांदी फ्लैट 240000 रुपये प्रति किलो पर है।

### इंटरनेशनल प्राइस

सोमवार को शुरुआती एशियाई ट्रेडिंग में सोने की कीमतें स्थिर रहीं। मार्केट पार्टिसिपेंट्स इस हफ्ते अमेरिका में आने वाले महंगाई के आंकड़ों का इंतजार कर रहे हैं। इनसे फेडरल रिजर्व के ब्याज दरों में बदलाव के अगले कदम के बारे में नए संकेत मिल सकते हैं। शुक्रवार को एक हफ्ते के उच्चतम स्तर पर पहुंचने के बाद स्पॉट गोल्ड आज 4,200.23 प्रति औंस पर स्थिर रहा।

# बैंक में जमा थे 2 करोड़ रुपये

आईटीआर भी नहीं भरा

### इनकम टैक्स ने थमाया 2.51 करोड़ का नोटिस, आईटीएटी में पलटा मामला

**नई दिल्ली, एजेंसी।** आपके बैंक अकाउंट में अगर बड़ी रकम जमा है और इनकम टैक्स रिटर्न नहीं भरा है तो आयकर विभाग आपको नोटिस भेज सकता है। साथ ही इनकम टैक्स की भी डिमांड कर सकता है। ऐसा ही एक मामला चेन्नई में सामने आया है। हालांकि यहां इनकम टैक्स विभाग एक गलती कर बैठा जिसका उसे आयकर अपीलीय न्यायाधिकरण में खामियाजा उठाना पड़ा और टैक्सपेयर को राहत मिली।

यह मामला असेसमेंट ईयर 2015-16 का है। व्यक्ति ने उस साल आईटीआर दाखिल नहीं किया था। बाद में उसके नाम पर 2 करोड़ रुपये की बैंक टाइम डिपॉजिट और ब्याज से होने वाली आय की जानकारी सामने आई।

आयकर विभाग ने इस रकम को लेकर सवाल उठाए और असेसमेंट दोबारा खोल दिया। इनकम टैक्स विभाग ने 2.51 करोड़ रुपये की टैक्स संबंधी बढ़ोतरी लगा दी। हालांकि, आईटीएटी ने मामले में रकम के स्रोत पर फैसला देने के बजाय नोटिस जारी करने की समयसीमा को आधार बनाकर पूरी री-असेसमेंट प्रक्रिया रद्द कर दी।

**आईटीएटी ने रद्द की टैक्स बढ़ोतरी-** आईटीएटी ने पाया कि




असेसमेंट ईयर 2015-16 के लिए पुराने नियमों के तहत छह साल की समयसीमा लागू थी।

उस समय 1 लाख रुपये से अधिक की ऐसी आय के मामलों में, जो टैक्स के दायरे से बाहर रह गई थी, री-असेसमेंट नोटिस जारी करने की अधिकतम अवधि छह साल थी। इस हिसाब से संबंधित मामले में नोटिस जारी करने की समयसीमा 31 मार्च 2022 को समाप्त हो गई थी। लेकिन आयकर विभाग ने नोटिस 5 अप्रैल 2022 को जारी किया, यानी निर्धारित समयसीमा खत्म होने के पांच दिन बाद। इसी आधार पर आईटीएटी ने री-असेसमेंट की कार्रवाई को समयसीमा से बाहर माना।

### व्यक्ति ने आईटीएटी में क्या दलील दी

आईटीएटी में व्यक्ति ने मुख्य रूप से यह सवाल उठाया कि क्या आयकर विभाग को 5 अप्रैल 2022 को असेसमेंट दोबारा खोलने का नोटिस जारी करने का अधिकार था। उसकी दलील थी कि असेसमेंट ईयर 2015-16 के लिए पुराने कानून के तहत री-असेसमेंट नोटिस जारी करने की छह साल की समयसीमा 31 मार्च 2022 को ही समाप्त हो चुकी थी। ऐसे में विभाग 5 दिन की देरी से यानी 5 अप्रैल 2022 को नया नोटिस जारी करके उस मामले को दोबारा नहीं खोल सकता था। इस मामले में विवाद यह नहीं था कि बैंक में जमा रकम का स्रोत सही था या नहीं। मुख्य सवाल यह था कि क्या विभाग कानून के तहत तय समयसीमा के भीतर री-असेसमेंट की कार्रवाई शुरू कर सकता था।

### जानें पूरा मामला

मामला असेसमेंट ईयर 2015-16 से जुड़ा है। आयकर विभाग को जानकारी मिली थी कि संबंधित व्यक्ति ने 2 करोड़ रुपये की टाइम डिपॉजिट की थी। इसके अलावा, उस साल उसे 3,31,230 रुपये का ब्याज भी मिला था। व्यक्ति ने संबंधित असेसमेंट ईयर के लिए आईटीआर दाखिल नहीं किया था। इसके बाद इनकम टैक्स असेसिंग ऑफिसर ने 5 अप्रैल 2022 को इनकम टैक्स एक्ट की धारा 148 के तहत नोटिस जारी कर असेसमेंट दोबारा खोलने की प्रक्रिया शुरू की। आकलन आदेश के मुताबिक, व्यक्ति ने न तो नोटिस के जवाब में रिटर्न दाखिल किया और न ही बैंक में जमा रकम के स्रोत के बारे में कोई स्पष्टीकरण दिया। इसके बाद आयकर अधिकारी ने कुल 2,51,77,110 रुपये की रकम को उसकी आय में जोड़ दिया। इसमें 2 करोड़ रुपये की जमा रकम के अलावा 28.90 लाख रुपये और 12.93 लाख रुपये की अन्य रकम भी शामिल थी। विभाग ने इन रकमों

# रुपये को बचाने के लिए सरकार ने बाजार में झोंके 52 अरब डॉलर

**नई दिल्ली, एजेंसी।** अमेरिकी डॉलर के मुकाबले भारतीय रुपये में गिरावट थमने का नाम नहीं ले रही है। इसे बचाने के लिए सरकार ने 52 अरब डॉलर भी बेच दिए हैं। इसके बाद भी रुपये का लुढ़कना जारी है। सरकार भी अब घरेलू बॉन्ड बाजार पर भी नजरें बना रही है। माना जा रहा है कि घरेलू बॉन्ड बाजार में कुछ कंपनियों की वापसी हो सकती है। यानी कुछ कंपनियां अब दोबारा बॉन्ड जारी करने पर विचार कर सकती हैं।

रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया ने रुपये को संभालने और मुद्रा बाजार में सट्टेबाजी पर लगाम लगाने के लिए कई नए कदम उठाए हैं। इनसे रुपये को कुछ समय के लिए राहत मिल सकती है, लेकिन वैश्विक बाजार में डॉलर की मजबूती, अमेरिकी बॉन्ड यील्ड में बढ़ोतरी और विदेशी निवेशकों की बिकवाली रुपये की मुश्किलें बढ़ा सकती है। आज सुबह डॉलर के मुकाबले रुपया 1 फीसदी की तेजी के साथ 95.76 पर खुला। इससे पहले शुक्रवार को रुपया 96.73 पर बंद हुआ था।

### क्या है एक्सपर्ट की राय

विशेषज्ञों का कहना है कि आरबीआई के हालिया कदम रुपये में गिरावट की रफ्तार को कुछ हद तक रोक सकते हैं, लेकिन इससे वैश्विक आर्थिक हालात नहीं बदलेंगे। बैंक ऑफ बड़ौदा के चीफ इकोनॉमिस्ट मदन सबनवीस के मुताबिक, लंबे समय में रुपये में 3-4 प्रतिशत तक की गिरावट का स्वाभाविक दबाव रह सकता है।

. **अमेरिकी डॉलर की मजबूती-** होम-कार लोन और कंज्यूमर गुड्स पर श्वस्छ्र का क्या होगा स्नष्ठ निवेशक क्यों करें



इंतजार जब डॉलर मजबूत होता है, तो विदेशी निवेशकों के लिए डॉलर में निवेश करना ज्यादा आकर्षक हो सकता है। इससे भारत जैसे उभरते बाजारों से पूंजी बाहर जाने का जोखिम बढ़ता है और रुपये पर दबाव पड़ता है।

### अमेरिकी बॉन्ड यील्ड में बढ़ोतरी

अमेरिका में 10 साल के सरकारी बॉन्ड की यील्ड बढ़कर 5.3 प्रतिशत तक पहुंच गई है। यह करीब 25 साल का उच्च स्तर बताया गया है। अमेरिकी बॉन्ड से मिलने वाला ज्यादा रिटर्न निवेशकों को आकर्षित कर सकता है, जिससे भारतीय बाजारों में विदेशी निवेश घटने की आशंका रहती है।

- **विदेशी निवेशकों की बिकवाली-** इस कैलेंडर वर्ष में अब तक विदेशी निवेशक भारतीय शेयर बाजार से रिकॉर्ड 32.4 अरब डॉलर निकाल चुके हैं। विदेशी पूंजी की इस निकासी से रुपये पर दबाव बढ़ सकता है। रिपोर्ट के मुताबिक, वित्त वर्ष 2025-26 में रुपये में करीब 10 प्रतिशत की गिरावट आई थी।

### ये चीजें भी बढ़ा सकते हैं मुश्किल

रुपये की चाल पर कच्चे तेल की कीमतों का भी असर पड़ता है। भारत अपनी जरूरत का बड़ा हिस्सा विदेशों से खरीदता है। ऐसे में तेल महंगा होने पर देश का आयात बिल बढ़ता है और डॉलर की मांग पर दबाव पड़ सकता है। विवेक कुमार के मुताबिक, ऊंची कमोडिटी कीमतें चालू खाते के घाटे को बढ़ा सकती हैं। इसके साथ वैश्विक ब्याज दरों और भू-राजनीतिक अनिश्चितताओं के कारण विदेशी पूंजी का प्रवाह भी अस्थिर हो सकता है।

### पेरिस की नौकरी पर मारी लात, शुरू किया बंद पड़ा पुराना काम

# अब हर महीने 4 लाख रुपये की कमाई



**नई दिल्ली, एजेंसी।** पृथ्वीराज बेंगलुरु के रहने वाले हैं। उन्होंने भेड़-चाल से हटकर एक अलग रास्ता चुना। पेरिस में मोटी तनख्वाह वाली कॉर्पोरेट जॉब ठुकराकर भारत लौटने का फैसला किया। फ्रांस से मास्टर्स की डिग्री हासिल करने के बाद उन्होंने अपने पारिवारिक पोल्ट्री शेड को ही मशरूम की हाई-टेक खेती का सेंटर बना दिया। आज वह अपने काम से हर महीने लाखों की कमाई कर रहे हैं। आइए, यहां पृथ्वीराज की सफलता के सफर के बारे में जानते हैं।

### ठुकरा दिए जॉब ऑफर

पृथ्वीराज ने फ्रांस के जाने-माने एसकेईएमए बिजनेस स्कूल से इंटरनेशनल बिजनेस में मास्टर्स की डिग्री पूरी की। उनके पास पेरिस में कई आकर्षक जॉब ऑफर्स थे। लेकिन, उन्होंने विदेश में कॉर्पोरेट की चकाचौंध भरी जिंदगी के बजाय अपने वतन लौटकर कुछ अलग करने का फैसला किया। इसके लिए उन्होंने बेंगलुरु के देवनाहल्ली स्थित अपने परिवार के उस पुराने धूल फांक रहे पोल्ट्री शेड को चुना जो साल 2019 से बंद पड़ा था।

### बहुत छोटी थी शुरुआत

बजाय ऑयस्टर मशरूम को चुना। कारण था कि इसकी उत्पादन प्रक्रिया अपेक्षाकृत आसान थी। इसमें शुरुआती निवेश भी कम था। जनवरी 2025 में उन्होंने सिर्फ 180 रुपये के 2 किलो स्पॉन और फ्री मिलने वाले धान के भूसे से सिर्फ 10 बैग तैयार करके इस काम की शुरुआत की। करीब 22 दिनों के भीतर जब पहली फसल से 8 किलो मशरूम मिला तो उन्होंने उसे दोस्तों और रिश्तेदारों में बांटकर व्यावहारिक अनुभव हासिल किया।

### आमदनी का अतिरिक्त जरिया भी बनाया

पृथ्वीराज सिर्फ मशरूम उत्पादन तक ही सीमित नहीं रहे। उन्होंने बचे हुए कृषि अवशेष का भी बेहतरीन इस्तेमाल किया। इससे वर्मीकंपोस्टिंग और खाद निर्माण की शुरुआत की। यह उनकी अतिरिक्त आमदनी का जरिया बना। साथ ही कचरा भी नहीं फैला। जैसे-जैसे उनका कारोबार बढ़ा, उन्होंने मशरूम की खेती सीखने के इच्छुक लोगों को ट्रेनिंग देना भी शुरू कर दिया। उनका मानना है कि सिर्फ मशरूम उगाना काफी नहीं है। सही मार्केटिंग और उत्पाद बेचने की कला भी आनी चाहिए। उनका अगला मकसद मशरूम मार्केट को और मजबूत करना है। साथ ही नए लोगों को यह समझाना है कि इसके लिए भारी-भरकम पूंजी की कोई जरूरत नहीं होती।

### अब हर महीने 4 लाख रुपये की कमाई

सिर्फ 25 बैग से शुरू हुआ यह सफर आज करीब 4,000 बैग्स के विशाल सेटअप में तब्दील हो चुका है। यह उत्पादन के अलग-अलग चरणों में हैं। फार्म में हर दिन लगभग 45 किलो यानी महीने में करीब 1,350 किलो मशरूम का उत्पादन होता है। बाजार में लगभग 320 रुपये किलो की दर से बिकने वाले इन मशरूमों से आज उन्हें हर महीने करीब 4 लाख रुपये की कमाई हो रही है। उनके मुख्य खरीदारों में स्थानीय सब्जी बाजार, सुपरमार्केट, खुदरा विक्रेता और जेप्टो जैसी क्विक डिलीवरी कंपनियां शामिल हैं। ये कड़े क्वालिटी टेस्ट के बाद इसे ग्राहकों तक पहुंचाती हैं।

# जियो सहित करीब एक दर्जन कंपनियां आईपीओ लाने की कतार में, पैसा लेकर हो जाएं तैयार!

**नई दिल्ली, एजेंसी।** प्राथमिक बाजार में आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) के जरिए धन जुटाने की रफ्तार लगातार बनी हुई है। अक्टूबर में जियो प्लेटफॉर्म्स, जेटवर्क मैन्युफैक्चरिंग बिजनेस और



अवाडा इलेक्ट्रो समेत करीब एक दर्जन कंपनियां अपना आईपीओ लाने की तैयारी में हैं। इन कंपनियों के आईपीओ से आईटी, स्वास्थ्य सेवा, नवीकरणीय ऊर्जा, रक्षा और मैन्युफैक्चरिंग जैसे क्षेत्रों में निवेश के नए अवसर मिलने की उम्मीद है।

**कौन-कौन सी कंपनियां कतार में-** मर्चेंट बैंकर से मिली जानकारी के अनुसार, इस महीने आईपीओ लाने की तैयारी कर रही अन्य कंपनियों में फ्यूजन सीएक्स, एचडी फायर प्रोटेक्ट, टोन्बो इमेजिंग, बोनफिग्लियोली ट्रांसमिशंस, सहजानंद मेडिकल टेक्नोलॉजीज, पारस हेल्थकेयर, एनडीआर इनविट ट्रस्ट, गुजरात विक्ट्री फोर्जिंग्स और एसएफसी एनवायरनमेंटल टेक्नोलॉजीज शामिल हैं। इस साल अबतक 96 आईपीओ के जरिये कंपनियों ने 1.1 लाख करोड़ रुपये से अधिक की राशि जुटाई है। इनमें अकेले सितंबर महीने में 35 आईपीओ बाजार में आए थे।

### एक्सपर्ट क्या कह रहे हैं

जेएम फाइनेंशियल लिमिटेड की एमडी और इक्विटी कैपिटल मार्केट्स प्रमुख नेहा अग्रवाल ने कहा कि वर्ष की दूसरी छमाही में भी भारतीय प्राथमिक बाजार में मजबूत गतिविधियां जारी हैं। हालांकि, शेयर बाजार में उतार-चढ़ाव और भू-राजनीतिक घटनाक्रम के कारण कंपनियों को आईपीओ लाने के लिए उपयुक्त समय का चयन करना पड़ सकता है, लेकिन गुणवत्तापूर्ण कंपनियों के शेयरों के प्रति निवेशकों की रुचि बनी हुई है।



# शाहरुख ने कई बार मेरे करियर की जिम्मेदारी ली, 'किंग' भी उसका ही हिस्सा है

अभिषेक बच्चन इन दिनों शाहरुख खान के साथ अपनी आगामी एक्शन थ्रिलर फिल्म 'किंग' को लेकर सुर्खियों में हैं। हाल ही में एक मीडिया बातचीत में उन्होंने फिल्म को लेकर खुलकर बातचीत की और फिल्म को अपना पसंदीदा प्रोजेक्ट बताया। अभिषेक ने कहा कि शाहरुख उनके लिए बड़े भाई जैसे हैं और उन्होंने उनके करियर को लेकर कई मौकों पर व्यक्तिगत जिम्मेदारी ली है। 'किंग' भी उन प्रोजेक्ट्स में शामिल है, जहां शाहरुख ने उनके करियर को लेकर ऐसी ही जिम्मेदारी दिखाई है।

अभिषेक के लिए शाहरुख हमेशा से एक मार्गदर्शक और बड़े भाई जैसे रहे हैं रिपोर्ट्स के मुताबिक यह अभिषेक का पहला पूरी तरह नेगेटिव रोल होगा और उनका सामना फिल्म में शाहरुख के किरदार से होगा। वहीं अभिषेक ने अपने शुरुआती दिनों की एक याद भी साझा की। उन्होंने कहा कि 'बचपन में हम हर रविवार फिल्ममेकर आदित्य चोपड़ा के घर पर क्रिकेट खेला करते थे। उस दौरान उदय चोपड़ा, ऋतिक रोशन और सिकंदर खेर भी मेरे साथ होते थे। शाहरुख खान भी कभी-कभी उनके साथ क्रिकेट खेलने पहुंचते थे और वह उस समय अभिनय की दुनिया में कदम रखने की तैयारी कर रहे हम युवाओं के लिए एक मार्गदर्शक की तरह थे।'

शाहरुख की तरह अभिषेक भी अपने करंट प्रोजेक्ट को ही पसंदीदा मानते हैं शाहरुख संग रिश्ते पर बात करते हुए अभिषेक ने उन्हें अपना 'एल्डर ब्रदर' बताया। वे कहते हैं... 'शाहरुख ने मेरे करियर के लिए कई बार व्यक्तिगत तौर पर जिम्मेदारी ली है और 'किंग' के मामले में भी ऐसा ही हुआ है। यह मेरी पसंदीदा फिल्म है।' अभिषेक ने शाहरुख से हुई एक पुरानी बातचीत का भी जिक्र किया, जब उन्होंने शाहरुख से पूछा था कि उनकी पसंदीदा फिल्म कौन-सी है। तब शाहरुख ने कहा था कि वहीं फिल्म जिस पर वह काम कर रहे हैं।



# लोग चाहते हैं कि लड़कियां हमेशा मर्दों पर निर्भर रहें

सूरज बड़जात्या के बैनर तले फिल्म 'इसी लाइफ' में से बॉलिवुड डेब्यू करने वाली ऐक्ट्रेस संदीपा धर हर प्रॉजेक्ट के साथ इंडस्ट्री में अपनी जगह मजबूत कर रही हैं। पिछली फिल्म 'दो दीवाने शहर में' अपनी अदाकारी के लिए तारीफ बटोरने के बाद इन दिनों वह फैमिली ड्रामा सीरीज 'चुंबक' के लिए चर्चा में हैं। सीरीज में पहली बार कॉमिडी कर रहीं संदीपा के लिए यह मल्टी स्टारर शो करना एक अलग ही अनुभव रहा। बकौल संदीपा, 'हमने जिस तरह से इस शो में काम किया है, वैसा मैंने पहले कभी नहीं किया था। हम पांच कपल थे तो करीब 12 लोग हर सीन में होते थे। हम सब इतना इंप्रोवाइजेशन करते थे जिसमें बहुत मजा आया। मैं इतना किसी भी सेट पर नहीं हंसी हूं। फिर जो कास्ट थी, सुमित राघवन, सुमित व्यास, नीना गुप्ता जी, इन सबकी मैं बड़ी फैन रही हूं। मैं बहुत लकी हूं कि इनके साथ काम करने को मिला। शो के दौरान नीना जी, अमायरा, मैं, मानसी और हेली का हमारा एक गर्ल गैंग बन गया था। हम बहुत क्लोज हो गए हैं। हमारा चुंबक गर्ल्स नाम से वाट्सऐप ग्रुप भी है। हम साथ फिल्में देखते हैं, गॉसिप करते हैं, डिनर करते हैं और मुंबई में ऐसे रिश्ते बहुत कम बनते हैं।'

### लड़कियों को आत्मविश्वासी नहीं बनने देते

बात लड़कियों की चली, तो समाज के बनाए सुंदरता के मापदंड पर कटाक्ष करती संदीपा की पिछली फिल्म दो दिवाने शहर में का भी जिक्र आया। फिल्म में वह अपने पति की नजर में सुंदर बने रहने के लिए हर वक्त डायट करती रहती हैं। समाज की इस सोच पर संदीपा कहती हैं, 'असल में आज लोग किसी भी चीज से संतुष्ट नहीं है। आप पतले हैं तो और पतला होना है। हमें हमेशा वो अच्छा लगता है जो दूसरों के पास होता है। जबकि, दूसरों के हिसाब से जिंदगी जीने से बेहतर है कि अपने हिसाब से जियो, तभी आप अपने को समझोगे, अपने पर काम करोगे और अपने आप से खुश रहोगे, क्योंकि दूसरों को खुश करने में हम अपनी खुशी भूल जाते हैं।'

### दबाव महसूस होता है पर जवाब देती हैं

क्या संदीपा पर निजी जिंदगी में ऐसा कोई दबाव डाला गया है कि आपको ऐसा दिखना चाहिए? ऐसा नहीं ! इस पर वह कहती हैं, 'दबाव तो हमेशा ही रहता है। लड़कियों को हमेशा ही बोला गया है कि ऐसे रहना चाहिए, ये करना चाहिए, ये पहनना चाहिए, ऐसे बात नहीं करनी चाहिए, तो ये दबाव तो हम पर हमेशा ही रहता है। इसका ऐक्ट्रेस होने से कुछ लेना देना नहीं है। मैंने यह हमेशा महसूस किया है। अब भी महसूस करती हूं। बस अब मैं पलटकर जवाब दे देती हूं, पहले नहीं देती थी। आप देखो, हम अगर कुछ नया कुछ खरीदते हैं या पहनते हैं तो हमेशा किसी से पहले पूछते हैं कि सही दिख रहा है क्या? लड़कियों को समाज ने कभी आत्म विश्वासी बनने ही नहीं दिया है। वे चाहते हैं कि लड़कियों में कभी आत्मविश्वास आए ही ना, ताकि वे मर्द पर हमेशा निर्भर रहें। अब यह चीज थोड़ी बदल रही है तो लड़के बौखला गए है और कह रहे है कि लड़कियां तेज हो गई है। फेमिनिजम को बुरा-भला कहने लगे हैं, क्योंकि लड़के थोड़े डर गए हैं कि हम अपने साथ खुश हैं।'

### लगा था लोग गाली देंगे कि ऐक्टिंग नहीं आती

सूरज बड़जात्या जैसे बैनर से डेब्यू करने के बाद भी संदीपा के ऐक्टिंग करियर ने थोड़ी देर से रफ्तार पकड़ी। पहली फिल्म इसी लाइफ में के ना चलने का करियर पर क्या असर पड़ा? यह पूछने पर संदीपा कहती हैं, 'सच कहूं तो जब मैंने पहली फिल्म की थी, मुझे इंडस्ट्री के बारे में कुछ नहीं पता था। मैं तो एमबीए करके कारपोरेट में जाने वाली थी, जब मुझे फिल्म का ऑफर आया। मैं तैयार ही नहीं थी कि ऐक्टर बनूंगी। मुझे लगा था कि यार, मुझे ऐक्टिंग का 'ए' भी नहीं आता। मैंने फिल्म कर ली, लोग गालियां देंगे कि इस लड़की को ऐक्टिंग नहीं आती, इसे कैसे ले लिया, लेकिन मेरे साथ उल्टा हुआ। मुझे उस फिल्म से मुझे बहुत प्यार मिला। कई अवॉर्ड्स में नॉमिनेशन मिली। बहुत तारीफ मिली थी, जो मेरे लिए बहुत सुखद सरप्राइज था। मुझे लगा कि हां, मैं इस करियर में आगे जा सकती हूं। फिल्म भले नहीं चली, पर उससे मुझे बहुत प्रोत्साहन मिला। तब मैंने ऑस्ट्रेलिया में 5 साल एक म्यूजिकल शो किया।'



# रकुल प्रीत ने जैकी भगनानी को बताया ताकत और सबसे बड़ी सपोर्टर

अभिनेता-निर्माता जैकी भगनानी ने अपनी पत्नी और अभिनेत्री रकुल प्रीत सिंह को जन्मदिन की शुभकामनाएं देते हुए एक भावुक संदेश साझा किया। उन्होंने अपने जीवन में रकुल के साथ होने के लिए आभार व्यक्त किया और उनके प्रति अपना प्यार जाहिर किया। उन्होंने लिखा, 'तुम्हें देखकर मैं अब भी मुस्कुराए बिना नहीं रह पाता कि मैं कितना भाग्यशाली हूं। मेरी ताकत, मेरी एकमात्र समर्थक और मेरे जीवन के प्यार को जन्मदिन की शुभकामनाएं। तुम्हारी गर्मजोशी, तुम्हारी असीम ऊर्जा और हमारे घर को सबसे खुशहाल जगह बनाने के लिए धन्यवाद। सपनों को पूरा करने और साथ में खूबसूरत यादें बनाने का एक और साल मुबारक हो। मैं तुमसे प्यार करता हूं।' तस्वीर में रकुल और जैकी एक-दूसरे के करीब खड़े होकर कैमरे के सामने मुस्कुराते हुए पोज देते नजर आ रहे हैं। उन्होंने साथ में बिताए कुछ और खुशनुमा पलों की तस्वीरें भी साझा कीं।

दरअसल, रकुल और जैकी ने अक्टूबर 2021 में अपने रिश्ते को सार्वजनिक किया था, जिससे उनके रिश्ते को लेकर चल रही अटकलों पर विराम लग गया था। इस जोड़े ने सोशल मीडिया पर अपने रिश्ते की घोषणा करने से पहले अपनी निजी जिंदगी को काफी हद तक गुप्त रखा था। कुछ वर्षों तक एक-दूसरे को डेट करने के बाद इस जोड़े ने 21 फरवरी, 2024 को गोवा में शादी कर ली। उनकी शादी के समारोह में दोनों परिवारों की परंपराओं को ध्यान में रखते हुए रस्में निभाई गईं। इस जोड़े ने अक्टूबर 2021 में सोशल मीडिया पर अपने रिश्ते को आधिकारिक बनाया और 21 फरवरी 2024 को गोवा में सिख और सिंधी दोनों परंपराओं का सम्मान करते हुए शादी की।



# हर कमेंट को दिल पर लेने की जरूरत नहीं, खुद को आपसे बेहतर कोई नहीं जानता

'अनुपमा' में राही का किरदार निभा रहीं टीवी एक्ट्रेस अद्रिजा रॉय ने वर्ल्ड मेंटल हेल्थ डे से पहले मानसिक स्वास्थ्य को लेकर खुलकर बात की है। आईएएनएस को दिए इंटरव्यू में एक्ट्रेस ने कहा कि आज की भागदौड़ भरी जिंदगी में मानसिक शांति सबसे ज्यादा प्रभावित हो रही है। ऐसे में जरूरी है कि हम अपनी भावनाओं को समझें, जरूरत पड़ने पर ब्रेक लें और अपनी मानसिक शांति को प्राथमिकता दें। आईएएनएस से बात करते हुए अद्रिजा रॉय ने कहा, ''लोग अक्सर अपनी परेशानियों को छिपाकर सबके सामने सामान्य दिखने की कोशिश करते हैं। उन्हें लगता है कि अगर उन्होंने स्वीकार कर लिया कि वह किसी मुश्किल दौर से गुजर रहे हैं, तो लोग उन्हें जज करेंगे या गलत समझेंगे। ऐसा सोचने के बजाय अपनी भावनाओं को स्वीकार करना चाहिए। कई बार बेहतर महसूस करने की शुरुआत यहीं से होती है।'' काम और पब्लिक लाइफ के दौरान मिलने वाले कमेंट्स पर बात करते हुए अद्रिजा ने कहा, ''हर बात को दिल पर लेना सही नहीं है। हर व्यक्ति की आपके बारे में अपनी राय हो सकती है, लेकिन खुद को आपसे बेहतर कोई नहीं जानता। मैं कोशिश करती हूं कि अपना ध्यान उन लोगों और चीजों पर रखूं, जो सच में मेरे लिए मायने रखते हैं और बाहरी लोगों की हर राय को अपनी मानसिक शांति पर हावी न होने दूं।''

उन्होंने आगे कहा, ''जब इंसान शारीरिक और मानसिक रूप से इतना थक जाए कि हर काम बोझ या जिम्मेदारी जैसा लगने लगे, तब रुककर खुद को समय देना जरूरी है। कुछ समय के लिए ब्रेक लेना आलस नहीं है। कई बार खुद को थोड़ा धीमा करना जरूरी होता है, ताकि इंसान दोबारा पूरी ताकत के साथ वापस आ सके। मेरा मानना है कि लगातार काम करते रहने को ही मजबूती समझना सही नहीं है। शरीर और दिमाग दोनों को आराम की जरूरत होती है।'' एक्ट्रेस ने कहा, ''दूसरों की उम्मीदों का बोझ इस कीमत पर मत उठाओ कि वह आपकी मानसिक शांति पर ही असर डाल दें। मैं हमेशा खुद को याद दिलाती हूं कि हर किसी को हर समय खुश रखना संभव नहीं है। मैंने धीरे-धीरे अपनी सीमाएं तय करना और जरूरत पड़ने पर 'नहीं' कहना सीखा है। शुरुआत में यह आसान नहीं था, लेकिन समय के साथ मुझे समझ आया कि अपनी शांति को बचाना स्वार्थी होना नहीं है।'' उन्होंने आगे कहा, ''जिंदगी का हर दौर गुजर जाता है। हो सकता है कि किसी परेशानी के दौरान हमारे पास सभी सवालों के जवाब तुरंत न हों, लेकिन ऐसे समय में खुद पर भरोसा रखना और खुद को समय देना जरूरी है। हर मुश्किल हमेशा के लिए नहीं रहती और वक्त के साथ चीजें बदलती हैं।'' सोशल मीडिया के दौर में तुलना को लेकर अद्रिजा ने कहा, ''सोशल मीडिया पर लोग अक्सर अपनी जिंदगी का सिर्फ वही हिस्सा दिखाते हैं, जिसे वे दूसरों के सामने रखना चाहते हैं।





# मनीष पॉल ने खोले बॉलीवुड के राज, बताया- शाहरुख ने खुद बनवाया अपना मजाक; करण जौहर को लेकर कहा

मनीष पॉल अब इंडस्ट्री का एक जाना-माना नाम हैं। उन्होंने छोटे पर्दे पर होस्टिंग कर अपने करियर की शुरुआत की। इसके बाद मनीष ने बॉलीवुड में हाथ अजमाया और 'मिकी वायरस' के साथ बड़े पर्दे पर डेब्यू किया। अपने करियर में होस्ट और अभिनेता ने बॉलीवुड के कई दिग्गजों के साथ स्टेज शेयर किया। अब हाल ही में उन्होंने एक इंटरव्यू दिया और शाहरुख खान, सलमान खान, करण जौहर के साथ काम करने को लेकर अपना अनुभव बताया।

मनीष ने बताया कि उन्होंने करण जौहर के साथ काम किया है, उनके साथ मजाक करते हैं, लेकिन निर्माता-निर्देशन ने कभी उनकी बातों का बुरा नहीं माना। मनीष बोले, 'करण सर मेरे साथ काम करने वाले सबसे शानदार को-होस्ट हैं। शाहरुख खान सर और सलमान सर इतने बड़े सितारे हैं, लेकिन उनमें दूसरों को सहज महसूस कराने की खासियत है। वे इतने बड़े नाम हैं कि चाहें तो इस बात को लेकर सोच सकते हैं कि कहीं मनीष उनसे ज्यादा न बोलने लगे। लेकिन वे ऐसा कभी नहीं करते।' मनीष ने आगे कहा, 'मैं करण सर का काफी मजाक उड़ाता हूं और हम साथ में खूब मस्ती करते हैं। भगवान का शुक्र है कि लोगों को भी यह पसंद आता है। करण सर ने मेरी किसी भी बात का कभी बुरा नहीं माना। मैंने उनके साथ कई बार मजाक किया है। यह मेरी खुशकिस्मती है कि मुझे पता है कि कब रुकना है। मैं अपनी हद पार नहीं करता।'

### शाहरुख को लेकर बोले मनीष



मनीष पॉल ने शाहरुख खान के साथ एक इवेंट होस्ट करने का किस्सा भी साझा किया। उन्होंने बताया कि जब वह नए थे, तब शाहरुख के साथ काम करते हुए काफी घबराते थे। ऐसे में शाहरुख ने उन्हें सहज महसूस कराया।

मनीष ने कहा, 'मुझे याद है कि मैंने शाहरुख खान के साथ मुंबई पुलिस के कई शो होस्ट किए थे। उस समय मैं नया था और काफी नर्वस रहता था। एक बार उन्होंने मुझे अपने वैनिटी वैन में बुलाया। जब मैं अंदर गया तो उन्होंने बहुत गर्मजोशी से मेरा स्वागत किया।' मनीष के मुताबिक, फिर शाहरुख सर ने स्क्रिप्ट देखी और पाया कि सभी डायलॉग और जोक्स उनको ही दे दिए थे। मनीष के लिए कुछ नहीं था। ऐसे में किंग खान ने सवाल उठाया कि अगर सारे डायलॉग और जोक्स मुझे ही देने थे, तो फिर यह यहां खड़ा क्या कर रहा है?' मनीष के मुताबिक, शाहरुख ने आगे कहा, 'यह यहां सिर्फ खड़े रहने के लिए नहीं आया है।' इसके बाद किंग ने मनीष से कहा, 'मनीष, मेरे ऊपर भी दो-चार जोक्स करो।'

### मनीष ने की सलमान की तारीफ

मनीष पॉल ने सलमान खान के होस्टिंग स्टाइल की भी तारीफ की। उन्होंने खास तौर पर पैपराजी की आलोचना करते हुए सलमान की हालिया टिप्पणी का समर्थन किया। मनीष ने कहा, 'यह बहुत शानदार था और इसकी काफी जरूरत थी। भगवान का शुक्र है कि उन्होंने ऐसा किया। मुझे लगता है कि वह अकेले ऐसे शख्स हैं, जिनकी बात लोग सुनेंगे। अब लोग उनकी बात सुन भी रहे हैं। जब भाई कुछ कहते हैं, तो फिर बात वहीं खत्म हो जाती है।'



# इंदौर में अभिषेक का तूफान

## तीसरा टी20 : वेस्टइंडीज की 14 रन से हार, भारत 2-1 से आगे



**इंदौर।** भारत ने वेस्टइंडीज के खिलाफ होल्कर स्टेडियम में खेले गए तीसरे टी20 मुकाबले को 14 रन से अपने नाम किया। इसी के साथ मेजबान देश ने पांच मुकाबलों की सीरीज में 2-1 से बढ़त हासिल कर ली है। रविवार को टॉस गंवाकर बल्लेबाजी करने उतरी भारतीय टीम पारी की अंतिम गेंद पर 223 रन पर सिमट गई। मेजबान टीम ने 7 के स्कोर पर संजू सैमसन (3) के रूप में पहला विकेट गंवा दिया था, जिसके बाद ईशान किशन ने अभिषेक शर्मा के साथ दूसरे विकेट के लिए 40 गेंदों में 108 रन की साझेदारी करते हुए टीम को 115 के स्कोर तक पहुंचाया। ईशान 18 गेंदों में 7 बाउंड्री के साथ 37 रन बनाकर आउट हुए, जिसके बाद विकेटों का पतझड़ लग गया। इस बीच अभिषेक शर्मा 30 गेंदों में 5 छक्कों और 6 चौकों के साथ 69 रन बनाकर आउट हो गए। आलम ये रहा कि टीम ने 135 रन तक 5 विकेट खो दिए।



इसके बाद तिलक वर्मा ने नितीश रेड्डी के साथ छठे विकेट के लिए 34 रन और अक्षर पटेल के साथ सातवें विकेट के लिए 25 रन जोड़कर टीम को मजबूत स्कोर तक पहुंचा दिया। तिलक वर्मा 28 रन बनाकर आउट हुए, जबकि नितीश रेड्डी ने 21 रन का योगदान टीम के खाते में दिया। इनके अलावा, अक्षर पटेल ने 20 रन बनाए। मेहमान खेमे से रोस्टन चेज, शमर जोसेफ और शमर स्प्रिंगर ने 2-2 विकेट निकाले। कीमो पॉल और गुडाकेश मोती ने 1-1 विकेट चटकाए।

इसके जवाब में वेस्टइंडीज निर्धारित ओवरों में 209/7 का स्कोर ही बना सकी। इस टीम को भी 7 के स्कोर पर पहला झटका लगा। कप्तान शाई होप महज 5 रन बनाकर आउट हुए, जिसके बाद शिमरॉन हेटमायर ने कामिल पूरण के साथ दूसरे विकेट के लिए 31 गेंदों में 60 रन जुटाए। कामिल 27 गेंदों में 3 छक्कों और इतने ही चौकों के साथ 42 रन बनाकर आउट हुए, जबकि हेटमायर ने 26 गेंदों में 8 बाउंड्री के साथ 43 रन की पारी खेली।

इस टीम ने 105 रन तक चौथा विकेट गंवा

## 15 साल बाद प्रिंस यादव ने दोहराया अनोखा कारनामा, अश्विन-श्रीसंत की लिस्ट में जुड़ा नाम

**इंदौर ।** भारतीय टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए रविवार को वेस्टइंडीज को तीसरे टी20 इंटरनेशनल मुकाबले में 14 रनों से हराया। भारत के तेज गेंदबाज प्रिंस यादव गेंद से भले ही कुछ खास प्रभाव नहीं छोड़ सके, लेकिन उन्होंने बल्लेबाजी में 6 गेंदों में 13 रनों की महत्वपूर्ण पारी खेली। प्रिंस ने अपनी इस पारी में 3 चौके लगाए। वह भारत की ओर से नंबर 10 या 11 पर बल्लेबाजी करते हुए तीन या उससे अधिक बाउंड्री लगाने वाले महज तीसरे बल्लेबाज बन गए हैं। इससे पहले, टी20 इंटरनेशनल में इस बैटिंग पोजीशन पर खेलते हुए सिर्फ रविचंद्रन अश्विन और एस श्रीसंत ही यह मुकाम हासिल कर सके हैं। अश्विन ने साल 2011 में 2011 में इंग्लैंड के खिलाफ खेले गए टी20 मुकाबले में 3 बाउंड्री लगाई थी। वहीं, श्रीसंत ने 2007 में न्यूजीलैंड के खिलाफ नंबर 10 की पोजीशन पर खेलते हुए 10 गेंदों में 19 रनों की अपनी पारी में चार चौके लगाए थे। हालांकि, प्रिंस का प्रदर्शन गेंद से कुछ खास नहीं रहा और उन्होंने 4 ओवर के स्पेल में बिना कोई विकेट लिए 37 रन दिए।



तीसरे टी20 में पहले बल्लेबाजी करते हुए भारतीय टीम ने 20 ओवर में 223 रन स्कोरबोर्ड पर लगाए। टीम की ओर से अभिषेक शर्मा ने 30 गेंदों का सामना करते हुए 69 रनों की दमदार पारी खेली। 230 के स्ट्राइक रेट से खेलते हुए बाएं हाथ के बल्लेबाज ने अपनी इस पारी में 6 चौके और 5 छक्के लगाए। वहीं, ईशान किशन ने 18 गेंदों में 37 रनों का योगदान दिया। तिलक वर्मा ने 16 गेंदों में 28 रन बनाए, जबकि नीतीश कुमार रेड्डी ने 14 रन बनाए।

### हम सभी को अपनी कोशिशों पर गर्व है, गेंदबाजों ने प्लान को बहुत अच्छे से लागू किया

**इंदौर।** भारत ने वेस्टइंडीज को रविवार को होल्कर स्टेडियम में खेले गए तीसरे टी20 इंटरनेशनल मुकाबले में 14 रनों से हराया। जीत के बाद ऑलराउंडर नीतीश कुमार रेड्डी ने भारतीय गेंदबाजों के प्रदर्शन की जमकर तारीफ की। भारतीय गेंदबाज 224 रनों के लक्ष्य का बचाव करने में सफल रहे और वेस्टइंडीज को 7 विकेट खोकर 209 रनों के स्कोर पर रोका। वेस्टइंडीज के इस दौरे पर यह पहला मौका रहा, जब रनों का पीछा करते हुए दोनों में से किसी टीम को हार का सामना करना पड़ा। नीतीश ने बल्ले से 21 रनों का



योगदान दिया, जबकि गेंदबाजी में 19 रन देकर एक विकेट चटकाया। नीतीश ने कहा कि टीम इस बात से खुश है कि गेंदबाजों ने आखिरी ओवरों में अपने प्लान पर अच्छी तरह अमल किया। 224 रनों का बचाव करते हुए भारतीय गेंदबाजों ने रनों की गति को कंट्रोल में रखा और डेथ ओवरों में अच्छी यॉर्कर फेंकी, जिससे वेस्टइंडीज लक्ष्य को हासिल करने में नाकाम रही। मैच के बाद ब्रॉडकास्टर्स से बात करते हुए नीतीश ने कहा, 'जीत तो जीत होती है। हम सभी को अपनी कोशिशों पर गर्व है। हम जानते हैं कि यह आसान नहीं है, लेकिन गेंदबाजों ने प्लान को बहुत अच्छे से लागू किया।

## संक्षिप्त समाचार

**रणजी ट्रॉफी**

### रवींद्र जडेजा का चला बल्ला, सौराष्ट्र के लिए लगाया शतक, रिंकू का भी जलवा कायम

**नई दिल्ली ।** रणजी ट्रॉफी 2026-27 सीजन की शुरुआत रवींद्र जडेजा ने सौराष्ट्र की ओर से खेलते हुए शानदार अंदाज में की है। जडेजा ने बेहतरीन बल्लेबाजी करते हुए शतकीय पारी खेली। वहीं, उत्तर प्रदेश की तरफ से खेलते हुए रिंकू सिंह ने भी शतक लगाया। जडेजा ने छत्तीसगढ़ के खिलाफ खेलते हुए 209 गेंदों का सामना करते हुए 102 रनों की दमदार पारी खेली। अपनी इस पारी में उन्होंने 7 चौके लगाए। जडेजा जब बल्लेबाजी करने उतरे, तो सौराष्ट्र का स्कोर 3 विकेट खोकर 120 रन था। उन्होंने चौथे विकेट के लिए चिराग जानी के साथ



मिलकर 31 रनों की साझेदारी निभाई। चिराग के आउट होने के बाद प्रेरक मांकड़ के रूप में जडेजा को अच्छा जोड़ीदार मिला। दोनों ने मिलकर पांचवें विकेट के लिए 205 रनों की बेहतरीन साझेदारी निभाई। प्रेरक ने 150 गेंदों का सामना करते हुए 129 रनों की बेहतरीन पारी खेली। जडेजा और प्रेरक की शतकीय पारी की बदौलत सौराष्ट्र की टीम 392 रनों के टोटल तक पहुंचने में सफल रही। चिराग जानी ने 83 रनों का योगदान दिया। वहीं, बिहार के खिलाफ उत्तर प्रदेश की तरफ से खेलते हुए रिंकू सिंह ने भी शतकीय पारी खेली। रिंकू ने 168 गेंदों में 112 रन बनाए। उन्होंने अपनी इस पारी में 8 चौके और 3 छक्के लगाए। रिंकू ने माधव कौशिक के साथ मिलकर 312 गेंदों में 207 रनों की साझेदारी निभाई।

### 150वीं वर्षगांठ पर टेस्ट में खास जर्सी पहनकर उतरेगी ऑस्ट्रेलियाई टीम

**एमसीजी में इंग्लैंड से होगी भिड़ंत**

**मेलबर्न ।** ऑस्ट्रेलिया की टीम अगले साल मार्च में मेलबर्न क्रिकेट ग्राउंड (एमसीजी) में इंग्लैंड के खिलाफ खेले जाने वाले 150वीं वर्षगांठ टेस्ट के दौरान खास सफेद जर्सी पहनेगी। इस विशेष टेस्ट किट में ऑस्ट्रेलिया के पारंपरिक हरे और सुनहरे रंग को शामिल किया जाएगा, ताकि इस ऐतिहासिक मौके को यादगार बनाया जा सके। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने सोमवार को इस विशेष किट का अनावरण किया, जिसे 11 मार्च से शुरू होने वाले 150वीं वर्षगांठ टेस्ट से ठीक 150 दिन पहले लॉन्च किया गया। इस ऐतिहासिक किट में पारंपरिक गोल्डन वॉटल ट्रिम की जगह



सुनहरे रंग का इस्तेमाल किया गया है, जबकि एक हरा प्लैकेट भी जोड़ा गया है। जर्सी की स्लीव पर सुनहरे रंग में 150वीं वर्षगांठ टेस्ट का विशेष लोगो और किट निर्माता कंपनी एएसआईसीएस का लोगो लगाया गया है। इसके अलावा, कॉलर, शर्ट और पैंट की साइड सीम पर सुनहरी पाइपिंग दी गई है, जबकि बटनों पर भी सुनहरे रंग की फिनिश दिखाई देगी। यह डिजाइन ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेट की विरासत और इस ऐतिहासिक मुकाबले के महत्व को दर्शाने के लिए तैयार किया गया है।

इसके अलावा, यह किट वैसी ही है जैसी ऑस्ट्रेलिया की पुरुष टीम 2025-26 के समर सीजन में लॉन्च होने के बाद से टेस्ट मैचों में पहनती आ रही है। इसके कंधों पर मशहूर एबोरिजिनल आर्टिस्ट आंटी फियोना क्लार्क की बनाई आदिवासी कलाकृति बनी है।

## 'सानिया एक लेजेंड खिलाड़ी और मेरी आदर्श हैं'

**डब्ल्यू35 लागोस का खिताब जीतने के बाद बोलीं माया राजेश्वरन**

**नई दिल्ली ।** भारत की युवा टेनिस खिलाड़ी माया राजेश्वरन रेवती का मानना है कि उनका पहला प्रोफेशनल सिंगल्स खिताब सीनियर सर्किट में उनके सफर की बस शुरुआत है। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि पूर्व वर्ल्ड नंबर 1 डबल्स खिलाड़ी सानिया मिर्जा से आगे निकलने का सवाल ही नहीं उठता, जिन्हें वह अपना आदर्श मानती हैं। 17 साल की माया ने नाइजीरिया में डब्ल्यू35 लागोस टूर्नामेंट में शानदार प्रदर्शन करते हुए प्रोफेशनल सर्किट में अपनी पहचान बनाई। उन्होंने यूक्रेन की येलीजावेता कोट्लियार के साथ मिलकर डबल्स का खिताब जीता और फिर मेन ड्रॉ में बिना कोई सेट गंवाए सिंगल्स का खिताब भी अपने नाम किया।



17 वर्षीय माया ने फाइनल में स्पेन की सेलिया सर्विनो रुइज को 6-4, 6-2 से हराया और डब्ल्यू35 सिंगल्स खिताब जीतने वाली सबसे कम उम्र की भारतीय महिला बनीं। इस जीत के साथ उन्होंने सानिया मिर्जा के 22 साल पुराने रिकॉर्ड को तोड़ दिया। भारत की सबसे सफल टेनिस खिलाड़ियों में से एक सानिया से आगे निकलने के बारे में पूछे जाने पर माया ने तुरंत इस तुलना को खारिज कर दिया। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि पूर्व ग्रैंड स्लैम चैंपियन ने अगली पीढ़ी के लिए कितनी बड़ी विरासत छोड़ी है। मीडिया के साथ एक वर्चुअल बातचीत के दौरान माया ने 'आईएएनएस' से कहा, 'मुझे नहीं लगता कि आप असल में उनसे आगे निकल सकते हैं, क्योंकि वह एक लेजेंड हैं और हमेशा लेजेंड ही रहेंगी। इसलिए मुझे लगता है कि मैं कई मायनों में उन्हें अपना आदर्श मानती हूं, क्योंकि जब मैं देश में बड़ी हो रही थी, तब वह मेरी आदर्श थीं। उन्होंने ही इतने वर्षों बाद देश में टेनिस को पहचान दिलाई है।'



इंटरव्यू और पॉडकास्ट के जरिए सानिया के सफर को देखने वालीं माया ने कहा कि उन्होंने इस टेनिस आइकन के साथ ज्यादा बातचीत तो नहीं की है, लेकिन उन्हें उम्मीद है कि वह उनके अनुभव से सीख पाएंगी। उन्होंने कहा, 'हालांकि, मैंने उनसे ज्यादा बात नहीं की है। काश मैं कर पाती। वैसे, मैं उन्हें बहुत मानती हूं, उनके सभी पॉडकास्ट और इंटरव्यू सुनती हूं। मुझे लगता है कि सानिया हमेशा एक लेजेंड रहेंगी और हमेशा मेरी आदर्श रहेंगी।' इस टीनएजर के लिए यह एक बहुत बड़ा कदम था क्योंकि वह खेल में आगे बढ़ रही थी। टूर्नामेंट से पहले दुनिया में 1038वें नंबर पर रहने वाली माया ने मेन ड्रॉ के लिए क्वालिफाई किया, फिर पहले राउंड में नंबर वन सीड जस्टिना मिकुलस्काइट को हराया और उसके बाद ऊंची रैंकिंग वाले खिलाड़ियों के खिलाफ भी जीत हासिल की। उन्होंने अपना शानदार सफर तब पूरा किया जब उन्होंने फाइनल मुकाबले में स्पेन की सेलिया सर्विनो रुइज को 6-4, 6-2 से हराकर प्रो सर्किट में अपना पहला खिताब जीता।

## तिलक ने पूरा किया खास 'अर्धशतक', कोहली-रोहित के क्लब में हुए शामिल

**इंदौर ।** टीम इंडिया ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए वेस्टइंडीज को तीसरे टी20 इंटरनेशनल मुकाबले में 14 रनों से हराया। भारत से मिले 224 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए कैरेबियाई टीम निर्धारित 20 ओवर में 7 विकेट गंवाकर 209 रन ही बना सकी। तिलक वर्मा ने इस मुकाबले में खास अर्धशतक पूरा किया। दरअसल, तिलक ने टी20 इंटरनेशनल क्रिकेट में बतौर फील्डर 50 कैच पूरे कर लिए हैं। वह इस मुकाम तक पहुंचने वाले भारत के महज पांचवें खिलाड़ी बने हैं। तिलक से पहले यह उपलब्धि रोहित शर्मा, हार्दिक पांड्या, सूर्यकुमार यादव और विराट कोहली ने हासिल की है।



इस लिस्ट में 65 कैच लेकर रोहित सबसे ऊपर मौजूद हैं। वहीं, हार्दिक पांड्या ने 64, सूर्यकुमार ने 58 और कोहली ने 54 कैच पकड़े हैं।

तीसरे टी20 में तिलक का प्रदर्शन बल्ले से भी दमदार रहा। उन्होंने महज 16 गेंदों का सामना करते हुए 28 रनों की तेज तर्रार पारी खेली। अपनी इस पारी में उन्होंने 175 के स्ट्राइक रेट से खेलते हुए 4 चौके लगाए। दूसरे टी20 में भी तिलक ने बेहतरीन बल्लेबाजी करते हुए 18 गेंदों में 44 रनों की नाबाद पारी खेली थी। तीसरे टी20 में तिलक के अलावा, भारत की ओर से अभिषेक शर्मा ने बेहतरीन बल्लेबाजी करते हुए 30 गेंदों में 69 रनों की दमदार पारी खेली। अभिषेक ने अपनी इस पारी में 6 चौके और 5 छक्के लगाए। वहीं, ईशान किशन ने 18 गेंदों में 37 रन बनाए, जिसके दम पर भारत की टीम 223 रनों के स्कोर तक पहुंचने में सफल रही। हालांकि, वेस्टइंडीज की टीम शिमरोन हेटमायर (43 रन) और कामिल पूरन (42 रन) की दमदार पारियों के बावजूद लक्ष्य से 14 रन दूर रह गई। शेरफेन रदरफोर्ड ने 20 गेंदों में 32 रन बनाए, जबकि शमर स्प्रिंगर ने 11 गेंदों का सामना करते हुए 35 रनों की नाबाद पारी खेली।

**आर्थिक संकट से जूझ रहा था परिवार**

## रिंकू सिंह को मिला पोछा लगाने का काम, मगर नहीं मानी हार

**नई दिल्ली।** भारत के प्रतिभाशाली क्रिकेटर रिंकू सिंह अपनी आक्रामक बल्लेबाजी और आखिरी ओवरों में बड़े शॉट लगाने की क्षमता के लिए जाने जाते हैं, जिन्होंने इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के लिए शानदार प्रदर्शन करते हुए पहचान बनाई। गुजरात टाइटंस के खिलाफ साल 2023 में लगातार पांच छक्के लगाकर अपनी टीम को ऐतिहासिक जीत दिलाने वाले रिंकू ने भारतीय टीम के लिए टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में भी अपनी उपयोगिता साबित की है। 12 अक्टूबर 1997 को उत्तर प्रदेश के अलीगढ़ में जन्मे रिंकू सिंह के पिता घर-घर गैस सिलेंडर पहुंचाने का काम करते थे, जिनके पांच लड़कों में से एक रिंकू को क्रिकेट से कुछ ज्यादा ही लगाव था। इतना लगाव कि वह स्कूल के समय भी क्रिकेट खेलना ही पसंद करते। पिता नहीं चाहते थे कि रिंकू क्रिकेट में अपना समय बर्बाद करें। इस वजह से कभी-कभी उनकी पिटाई भी हो जाती। हालांकि,



भाइयों ने रिंकू का बखूबी साथ दिया। रिंकू के पास गेंद खरीदने के लिए पैसे नहीं होते थे, तो कुछ लोगों उनकी मदद भी करते।

परिवार आर्थिक संकट से जूझ रहा था। ऐसे में रिंकू क्रिकेट से दूर होने लगे। इस बीच उनका भाई रिंकू को काम दिलवाने के सिलसिले में कोचिंग सेंटर लेकर गया, जहां उन्हें पोछा लगाने का काम मिल रहा था, लेकिन रिंकू को लगा कि इस वजह से उनका क्रिकेट छूट सकता है। ऐसे में उन्होंने यह नौकरी न करते हुए फिर से क्रिकेट खेलना शुरू करने का फैसला लिया।

रिंकू सिंह की निगाहें अंडर-16 टीम में जगह बनाने पर थीं। वह दो बार पहले ही राउंड में बाहर निकल चुके थे, जिसके बाद मोहम्मद जीशान और मसूद अमीन ने उनकी मदद की, जिनका मार्गदर्शन रिंकू के लिए मददगार साबित हुआ।

रिंकू सिंह को साल 2017 में पंजाब किंग्स ने 10 लाख रुपये में अपने साथ जोड़ा, लेकिन उस सीजन एक भी मैच खेलने का मौका नहीं मिल सका। इसके बाद साल 2018 में रिंकू पर कोलकाता नाइट राइडर्स ने 80 लाख रुपये का दांव खेला। इन पैसों ने परिवार की आर्थिक दिक्कतों को दूर कर दिया।

**मैनचेस्टर सिटी के मैनेजर एंजो मारेस्का के नाम बड़ी उपलब्धि**

## प्रीमियर लीग में दर्ज की लगातार छठी जीत

**लिवरपूल ।** मैनचेस्टर सिटी के मैनेजर एंजो मारेस्का ने लिवरपूल के खिलाफ 3-0 से जीत के साथ प्रीमियर लीग के इतिहास में मैनेजर के तौर पर सबसे अच्छी शुरुआत के रिकॉर्ड की बराबरी कर ली है। पेप गार्डियोला की जगह लेने के बाद से इटैलियन मैनेजर ने लगातार छह जीत हासिल कर ली है। वह उन तीन मैनेजरों में से एक हैं जिन्होंने किसी क्लब के साथ अपने पहले छह प्रीमियर लीग मैच जीते हैं। गार्डियोला ने 2016/17 में सिटी के साथ ऐसा किया था। मैनचेस्टर सिटी के अनुसार, कार्लो एंसेलोटी ने भी चेल्सी में नई नियुक्ति के बाद 2009/10 सीजन के पहले छह मैचों में जीत हासिल की थी, और ओले गुन्नार सोलस्कर ने दिसंबर 2018 में मैनचेस्टर यूनाइटेड का कार्यभार संभालने के बाद ऐसा किया था।



अपने पहले छह प्रीमियर लीग मैचों के दौरान, मारेस्का की मैनचेस्टर सिटी टीम ने 16 गोल किए हैं और केवल पांच गोल खाए हैं। मैनचेस्टर सिटी के 18 प्वाइंट्स ने क्लब को शुरुआती टेबल में तीन प्वाइंट्स की बढ़त दिला दी है। एनफील्ड स्टेडियम में इस जीत से पहले मैनचेस्टर सिटी ने बॉर्नमाउथ, क्रिस्टल पैलेस, कोवेंट्री सिटी, मैनचेस्टर यूनाइटेड और सुंदरलैंड की चुनौतियों का सामना किया और इन सभी टीमों के खिलाफ जीत दर्ज की। उन्होंने चैंपियंस लीग और काराबाओ कप में क्रमशः पोर्टो और नॉर्विच सिटी पर भी जीत हासिल की है।

### वरिष्ठ वकील और भारत के पूर्व सॉलिसिटर जनरल हरीश साल्वे ने आरोप लगाया

# विरोध-प्रदर्शनों के पीछे विदेशी फंडिंग और बाहरी दखल

**नई दिल्ली, एजेंसी।** वरिष्ठ वकील और भारत के पूर्व सॉलिसिटर जनरल हरीश साल्वे ने आरोप लगाया है कि भारत में कुछ विरोध-प्रदर्शनों के पीछे विदेशी फंडिंग और बाहरी दखल है। उन्होंने दावा किया कि सिस्टम को अस्थिर करने और देश को तरक्की करने से रोकने की कोशिशें की जा रही हैं। आईएएनएस के साथ एक साक्षात्कार में हरीश साल्वे ने कहा, 'कुछ विदेशी देश, खासकर अमेरिका, भारत से खुश नहीं हैं। क्या इस बात में कोई संदेह है कि नेपाल, श्रीलंका और बांग्लादेश में उथल-पुथल के पीछे कौन था? शेख हसीना को किसने हटाया और वहां नया प्रधानमंत्री कौन लेकर आया? मेरी राय में इन घटनाओं के पीछे बाहरी ताकतें थीं।' उन्होंने कहा, 'भारत में भी कुछ लोग विरोध प्रदर्शनों के नेता बनकर सामने आए हैं, जिनमें यूट्यूबर्स भी शामिल हैं। कुछ लोग जर्मनी और दूसरे देशों में रहते हैं। वे इन



गतिविधियों के लिए पैसा कहां से ला रहे हैं? प्रदर्शन आयोजित करने के लिए धन की जरूरत होती है। मुझे इसमें कोई संदेह नहीं है कि पिछले छह से आठ महीनों में एक स्पष्ट पैटर्न दिखाई दिया है। जब मोदी सरकार होर्मुज संकट से निपटने, आर्थिक विकास, तकनीकी प्रगति और भारत की सैटेलाइट क्षमताओं को बढ़ाने पर ध्यान दे रही है, तब ये समूह सरकार को आगे बढ़ने से रोकने की कोशिश कर रहे हैं।

साल्वे ने कहा, 'मैंने पिछले छह से आठ महीनों में इस पैटर्न को देखा है। ऐसे आंदोलनों से निपटना सरकार की जिम्मेदारी है। मुझे नहीं लगता कि यह आंदोलन ज्यादा समय तक चलेगा, क्योंकि मेरी राय में यह जनता का वास्तविक आंदोलन नहीं है।'

उन्होंने कहा कि सरकार की जिम्मेदारी है कि वह विदेशी फंडिंग के आरोपों की जांच करे और उचित कार्रवाई करे। हालांकि, उन्होंने इस बात पर संदेह जताया कि क्या ये विरोध-प्रदर्शन लोगों की असली भावना

# यूके जाने की अनुमति मांगने वाली नताशा नरवाल की याचिका पर हाई कोर्ट सख्त

### दिल्ली पुलिस से मांगा जवाब

**नई दिल्ली, एजेंसी।** एकेडमिक कॉन्फ्रेंस और रिसर्च के काम के लिए यूनाइटेड किंगडम जाने की इजाजत की मांग वाली जेएनयू की पूर्व छात्रा व दिल्ली दंगों की बड़ी साजिश के मामले में आरोपित नताशा नरवाल की याचिका पर हाई कोर्ट ने दिल्ली पुलिस से जवाब मांगा है।

अदालत ने दिल्ली पुलिस को स्थिति रिपोर्ट दाखिल करने का आदेश देते हुए सुनवाई गुरुवार तक के लिए स्थगित कर दी। नताशा नरवाल ने ट्रायल कोर्ट के छह अक्टूबर के आदेश को चुनौती दी है। कोर्ट ने कहा था कि विदेश यात्रा का अधिकार पूरी तरह से नहीं मिलता और गैर-कानूनी गतिविधि (रोकथाम) अधिनियम (यूएपीए) के तहत कार्यवाही का लंबित होना एक अहम बात है। नरवाल ने दो नवंबर से एक दिसंबर तक यूके जाने की अनुमति देने की मांग की है।

## संक्षिप्त समाचार

### डब्ल्यूएमओ की चेतावनी

### 2027 में रिकॉर्ड पड़ेगी गर्मी और सूखे का खतरा, अर्थव्यवस्था पर होगा सीधा असर

**नई दिल्ली, एजेंसी।** दुनियाभर के महासागरों में बढ़ती गर्मी और प्रशांत महासागर में मजबूत हो रहा अल नीनो अगले साल मौसम का चक्र बदल सकता है। विश्व मौसम विज्ञान संगठन (डब्ल्यूएमओ) ने चेतावनी दी है कि अगले साल दुनिया को रिकॉर्डतोड़ गर्मी और सूखे का सामना करना पड़ सकता है। इसका असर 2027 में दुनिया के मौसम और अर्थव्यवस्था पर दिखने की



आशंका है। वैज्ञानिकों के अनुसार, महासागर और वायुमंडल एक-दूसरे से जुड़े हैं। ग्रीनहाउस गैसों और प्रदूषण के कारण महासागर पहले ही बड़ी मात्रा में गर्मी सोख रहे हैं। समुद्र की सतह का तापमान बढ़ने से मौसम का संतुलन बिगड़ सकता है। इससे एशिया, अफ्रीका और अमेरिका के कई क्षेत्रों में मानसून का चक्र बदलने, सूखा पड़ने या अधिक बारिश का खतरा है। अल-नीनो का यह प्रभाव केवल प्रशांत क्षेत्र तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि पूरी दुनिया के मौसम चक्र को प्रभावित करेगा। मौसम के इस बदलाव से फसल उत्पादन प्रभावित होगा, जिससे खाद्य सुरक्षा व वैश्विक अर्थव्यवस्था पर सीधा असर पड़ेगा।

**दिल्ली-एनसीआर में बूंदाबांदी इस बार ठंड की दस्तक जल्द**- दिल्ली-एनसीआर में रविवार शाम बूंदाबांदी और तेज हवाएं चलीं। हालांकि तापमान में बड़ी गिरावट नहीं आई। मौसम विभाग ने 15 अक्तूबर तक बादल छाने और हल्की बारिश की संभावना जताई है। मौसम विशेषज्ञों के मुताबिक, अक्तूबर के मध्य से ठंड का असर धीरे-धीरे बढ़ सकता है। दिन में हल्की गर्मी बनी रह सकती है, जबकि शाम और रात का मौसम सुहावना रहने के आसार हैं।

### कंगना रनौत के नाम, आवाज और तस्वीर के दुरुपयोग पर रोक

#### दिल्ली हाई कोर्ट का आदेश- मेटा 72 घंटे में आपत्तिजनक पोस्ट हटाए

**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली हाई कोर्ट ने अभिनेत्री और भाजपा सांसद कंगना रनौत के नाम, तस्वीर, आवाज और अन्य निजी पहचान के अनधिकृत इस्तेमाल पर रोक लगा दी है। इसमें एआई से बने डीपफेक, छेड़छाड़ किए गए वीडियो, फर्जी भाषण और झूठे विज्ञापनों पर भी रोक शामिल हैं। न्यायमूर्ति विकास महाजन ने अंतरिम आदेश पारित करते हुए मेटा प्लेटफार्म्स को



कंगना रनौत द्वारा चिह्नित की गई आपत्तिजनक सामग्री को हटाने और स्थायी रूप से डिलीट करने का निर्देश दिया। अदालत ने कहा कि प्रथम दृष्टया यह मामला व्यक्तिगत अधिकारों के उल्लंघन का है। किसी भी व्यक्ति को किसी सेलिब्रिटी की पहचान का दुरुपयोग कर फर्जी समर्थन या भ्रामक प्रचार करने की अनुमति नहीं दी जा सकती। कंगना की ओर से अदालत में दलील दी गई थी कि इंटरनेट मीडिया पर उनके नाम और आवाज का इस्तेमाल कर कई फर्जी वीडियो और विज्ञापन चलाए जा रहे हैं, जिससे उनकी छवि को नुकसान पहुंच रहा है। अदालत ने मेटा को निर्देश दिया कि वह शिकायत में बताई गई सभी लिंक और पोस्ट को 72 घंटे के भीतर हटाए और भविष्य में ऐसी सामग्री को दोबारा अपलोड होने से रोकने के लिए तकनीकी उपाय करे।

# फिलीपीन में बच्चों के यौन शोषण का खौफनाक नेटवर्क, कैमरे के सामने परोसा जा रहा बचपन

**मनीला/वॉशिंगटन, एजेंसी।** डिजिटल क्रांति के दौर में जहां दुनिया एक-दूसरे के करीब आई है, वहीं तकनीक का एक ऐसा घिनौना और खौफनाक चेहरा भी सामने आ रहा है जिसने इंसानियत को शर्मसार कर दिया है। द्वीपीय देश फिलीपीन में गरीबी का फायदा उठा मासूमों को बाल यौन शोषण सामग्री में बदला जा रहा है। उन्हें अपने देश में यौन शोषण का शिकार होना पड़ता है और अमीरों का शौक पूरा करने के लिए मीलों दूर स्थित शहरों में सीधे प्रसारित किया जाता है। सीएनएन की एक खोजी रिपोर्ट बताती है कि अमेरिका और यूरोप जैसे अमीर देशों में बैठे लोग इसके बदले में बड़ी रकम खर्च करते हैं।

फिलीपीन इस अवैध और खौफनाक ऑनलाइन नेटवर्क का एक प्रमुख केंद्र बन चुका है। 13 वर्ष की केट (बदला नाम) की कहानी इस भयावह सच्चाई को बयां करती है। कोविड-19 के दौरान जब केट के पिता की नौकरी चली गई और परिवार पाई-पाई को मोहताज हो गया तो





परिवार को भुखमरी से बचाने के नाम पर उसकी गोद ली गई बड़ी बहन ने ही उसे कैमरे के सामने खड़ा कर दिया। शुरुआती दिनों में केट से केवल विदेशी ग्राहकों के साथ बातचीत बातचीत का नाटक करने को कहा गया। लेकिन धीरे-धीरे मांगें बदलती गई और ऐसे खौफनाक और हिंसक कृत्यों की मांग की जाने लगी, जिनकी कल्पना मात्र से रोंगटे खड़े हो जाते हैं।

### अपने ही कर रहे सौदा...एन्क्रिप्टेड एप्स से मिला बढ़ावा

बच्चों का सौदा करने वाले कोई और नहीं बल्कि उनके अपने परिवार वाले ही होते हैं। फिलिपिनो पुलिस के मुताबिक, गिरफ्तार दलालों में बड़ी संख्या उन माताओं की है, जिन्होंने आर्थिक तंगी के आगे अपने बच्चों का सौदा कर दिया। बच्चों का शोषण करने वाले खरीदार समाज के हर वर्ग से आते हैं। इनमें कॉलेज के छात्र, बिजनेसमैन, रेस्टोरेंट कर्मचारी से लेकर जलवायु सलाहकार और पढ़े-लिखे पेशेवर तक शामिल हैं। कई आरोपी तो ऐसे हैं जो खुद शादीशुदा हैं और जिनके घर में बच्चे व नाती-पोते हैं। पहले यह धंधा डार्क वेब तक सीमित था लेकिन अब टेलीग्राम, व्हाट्सएप और वाइबर जैसे एन्क्रिप्टेड एप्स तक फैल चुका है। इटेलीग्राम पर तो खुलेआम ऐसे प्राइवेट ग्रुप चलते हैं जहां कैंडी, किड्डी जैसे सांकेतिक शब्दों का इस्तेमाल करके सामग्री की नुमाइश की जाती है।

### हर 100 में एक बच्चा झेल रहा प्रताड़ना

इंटरनेशनल जस्टिस मिशन की एक रिपोर्ट के अनुसार, फिलीपीन में करीब 5 लाख बच्चों को ऑनलाइन यौन सामग्री बनने को मजबूर किया जाता है। हर 100 में से एक बच्चा ऐसे अवैध तस्करी नेटवर्क के जाल में फंसा है। 2020 से 2022 के बीच अमेरिकी नागरिकों ने फिलीपीन से इस तरह की अवैध और हिंसक सामग्री खरीदने के लिए 70 लाख डॉलर (लगभग 58 करोड़ रुपये) से अधिक की राशि खर्च कर डाली।

### कानून प्रवर्तन एजेंसियों के सामने कई तरह की चुनौतियां

अपराधी रिकॉर्डेड वीडियो की जगह लाइव स्ट्रीमिंग इस्तेमाल कर रहे हैं। लाइव प्रसारण खत्म होते ही कोई डिजिटल सबूत पीछे नहीं छूटता, जिससे कानून प्रवर्तन एजेंसियों के लिए ठोस सबूत जुटाना बेहद मुश्किल हो जाता है। एप्स की एंड-टू-एंड एन्क्रिप्शन तकनीक अपराधियों को एक मजबूत सुरक्षा घेरा प्रदान करती है। यही नहीं, प्रशासनिक और आंतरिक प्राथमिकताओं के चलते कई बार जांच धीमी पड़ने की वजह से भी अपराधियों के हौसले बुलंद होते हैं।

## पाकिस्तान को विश्व बैंक का झटका: दक्षिण एशिया की सूची से नाम बाहर, भारत से तुलना खत्म होने पर मचा बवाल

**न्यूयार्क, एजेंसी।** विश्व बैंक के क्षेत्रीय वर्गीकरण में बदलाव को लेकर पाकिस्तान में बहस छिड़ गई है। पाकिस्तानी पत्रकार शहबाज राणा के मुताबिक, पाकिस्तान को दक्षिण एशिया समूह से हटाकर मध्य पूर्व, उत्तरी अफ्रीका, अफगानिस्तान और पाकिस्तान वाले स्ध्व्हक्क समूह में शामिल किया गया है। हालांकि, इसे भारत की जीत या पाकिस्तान को दंडित करने का फैसला बताने के लिए ठोस प्रमाण सामने नहीं हैं। यह बदलाव विश्व बैंक की प्रशासनिक और क्षेत्रीय व्यवस्था से जुड़ा है।

विश्व बैंक के आधिकारिक आँकड़ों के अनुसार, पाकिस्तान और अफगानिस्तान को 1 जुलाई 2025 से दक्षिण एशिया की श्रेणी से हटाकर मध्य पूर्व, उत्तरी अफ्रीका, अफगानिस्तान और पाकिस्तान क्षेत्र में शामिल किया गया। इस बदलाव की पुष्टि विश्व बैंक के आँकड़ा पोर्टल और उसके दिसंबर 2025 के लेख में भी की गई है। दक्षिण एशिया के इस नए वर्गीकरण में अब भारत, बांग्लादेश, श्रीलंका, नेपाल, भूटान और मालदीव शामिल हैं।



पाकिस्तान और अफगानिस्तान को अलग क्षेत्रीय समूह में रखा गया है। पाकिस्तानी पत्रकार शहबाज राणा ने अपने कार्यक्रम में इस बदलाव को भारत-पाकिस्तान तनाव और विश्व बैंक के क्षेत्रीय कार्यालय से जुड़ी परिस्थितियों से जोड़कर चर्चा की। उनके अनुसार, नई दिल्ली में कार्यालय होने की स्थिति में पाकिस्तानी अधिकारियों को वीजा संबंधी कठिनाइयों का सामना करना पड़ सकता था। क्षेत्रीय वर्गीकरण बदलने से पाकिस्तान की भौगोलिक स्थिति या उसकी आय के आधार पर तय होने वाली आर्थिक श्रेणी अपने आप नहीं बदलती।

# सरकारी खजाने से ट्रंप का प्रचार पड़ा भारी

## जनता के पैसों से चल रहे विज्ञापनों पर कोर्ट ने लगाई रोक

**वाशिंगटन एजेंसी।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को अपने राजनीतिक संदेश के प्रचार के लिए सरकारी खजाने से चलाए जा रहे टीवी विज्ञापनों पर रोक लगानी होगी। न्यूयॉर्क की एक संघीय अदालत ने रविवार रात प्रशासन को आदेश दिया कि ऐसे सभी विज्ञापन तुरंत बंद किए जाएं, जो अब भी प्रसारित होने बाकी हैं। खास बात यह है कि प्रशासन पहले ही कह चुका था कि विज्ञापन अभियान जल्द खत्म होने वाला है। इसके बावजूद अदालत ने साफ कर दिया कि रविवार रात प्रसारित होने वाले विज्ञापनों समेत बाकी सभी विज्ञापनों को भी रद्द करना होगा।

**जनता के पैसे से राजनीतिक प्रचार पर उठे सवाल-** यह पूरा मामला उन टीवी विज्ञापनों से जुड़ा है, जिन पर करदाताओं के लाखों डॉलर खर्च किए गए। इन विज्ञापनों के जरिए ट्रंप के राजनीतिक संदेश को लोगों तक पहुंचाया जा रहा था। इस खर्च पर सवाल उठाते हुए एक गठबंधन ने अदालत का दरवाजा खटखटाया। इस गठबंधन में गैर-दलीय निगरानी संगठन कॉमन कॉज भी शामिल था। याचिकाकर्ताओं का आरोप था कि सरकारी धन का इस तरह इस्तेमाल करना नियमों के खिलाफ



है और इसे सार्वजनिक धन का अनुचित इस्तेमाल माना जाना चाहिए। न्यूयॉर्क की अमेरिकी जिला अदालत की जज जेनिफर एल. रोचोन ने याचिकाकर्ताओं की दलीलों पर विचार करते हुए प्रशासन के खिलाफ फैसला सुनाया। उन्होंने अस्थायी रोक लगाने का आदेश जारी किया, जिसके तहत प्रशासन को बचे हुए सभी टीवी विज्ञापन रद्द करने होंगे। इस आदेश में उन विज्ञापनों को भी शामिल किया गया, जिनका प्रसारण रविवार रात होना था। यानी प्रशासन की ओर से विज्ञापन अभियान खत्म करने की घोषणा के बावजूद अदालत ने यह सुनिश्चित करने के लिए कदम उठाया कि कोई भी बाकी विज्ञापन प्रसारित न हो।

### अब सरकारी खर्च और राजनीतिक संदेश के इस्तेमाल पर नजर

इस मामले ने सरकारी धन के इस्तेमाल और राजनीतिक प्रचार के बीच की सीमा को लेकर सवाल खड़े कर दिए हैं। शिकायत करने वाले संगठनों का कहना है कि जनता के पैसे का इस्तेमाल इस तरह नहीं किया जा सकता, जिसे वे किसी राजनीतिक संदेश को बढ़ावा देने का अनुचित तरीका मानते हैं। अदालत के आदेश का तत्काल असर यह है कि प्रशासन को बचे हुए विज्ञापनों को रोकना होगा। हालांकि, उपलब्ध जानकारी के मुताबिक, यह आदेश अस्थायी रोक के तौर पर जारी किया गया है। मामले में आगे क्या होता है, यह न्यायिक प्रक्रिया के अगले चरणों पर निर्भर करेगा।

### ध्रुव राठी ने की कपिल सिब्बल से मुलाकात, कहा-

# पार्टियों को एक होकर प्रोटेस्ट को मजबूत बनाना चाहिए

**नई दिल्ली, एजेंसी।** यूट्यूबर ध्रुव राठी ने रविवार को सुप्रीम कोर्ट के वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल से दिल्ली स्थित उनके आवास पर पहुंचकर मुलाकात की. ध्रुव राठी ने एक्स पर पोस्ट कर सूचना दी थी कि वह कपिल सिब्बल से मुलाकात करेंगे और उसके बाद प्रेस कॉन्फ्रेंस करेंगे. मिली जानकारी के मुताबिक, करीब आधे घंटे तक कपिल सिब्बल और ध्रुव राठी की मुलाकात हुई.

ध्रुव राठी ने कहा, सोशल मीडिया समेत विभिन्न माध्यमों से मेरे ऊपर ही आरोप लगाया जा रहे थे कि मुझे इस प्रोटेस्ट में शामिल होने का अधिकार नहीं है. लगातार यह कहा जा रहा था विदेश पासपोर्ट होल्डर के पास भारत के प्रदर्शन में शामिल होने का अधिकार नहीं होता. मैंने हमेशा से कहा है कि मैं भारतीय नागरिक हूं और तमाम



इंटरनेट पर भी मेरे भारतीय नागरिक होने की जानकारी अवेलेबल है.

उन्होंने कहा, मुझे लगा कि अपने सपोर्टर को तो जवाब देने की आवश्यकता नहीं है लेकिन सोशल मीडिया पर कई संस्थाओं द्वारा मेरे गैर भारतीय होने की अफवाह फैलाई गई. मैंने अपने भारतीय होने का प्रमाण भारतीय पासपोर्ट दिखा कर दिया.

### इसलिए आए भारत

ध्रुव राठी ने स्पष्ट किया कि वह एक आम नागरिक की तरह प्रदर्शन में शामिल होने के लिए भारत आए हैं. उन्होंने कहा, मैं वोट चोरी के मुद्दे पर कई बार यूट्यूब वीडियो बना चुका हूं और इस बार मुझे लगा कि मुद्दा बहुत ज्यादा गंभीर है तो वीडियो से आगे बढ़कर कुछ करना चाहिए और प्रदर्शन में भी भाग लेना चाहिए.

**प्रोटेस्ट को मजबूत बनाना चाहिए**- वहीं मुख्य चुनाव आयुक्त के इस्तीफे की मांग को लेकर चल रहे प्रदर्शन पर ध्रुव राठी ने कहा, विभिन्न पॉलीटिकल पार्टियों में आपस में कई बार मतभेद देखने को मिलते हैं लेकिन मुझे लगता है कि सभी राजनीतिक पार्टियों को एक होकर इस प्रोटेस्ट को मजबूत बनाना चाहिए.

## चोरी हुई कार का क्लेम खारिज करना बीमा कंपनी को पड़ा भारी, उपभोक्ता आयोग ने ग्राहक के हक में सुनाया फैसला

**नई दिल्ली, एजेंसी।** गाड़ी चोरी होने के बाद पुलिस और बीमा कंपनी को सूचना देने में हुई कुछ दिनों की देरी को आधार बनाकर क्लेम खारिज नहीं किया जा सकता। दिल्ली के पूर्वी जिला उपभोक्ता विवाद निवारण आयोग ने कार चोरी के एक मामले में पीड़ित कार मालिक के पक्ष में फैसला सुनाते हुए यह बात कही। उपभोक्ता आयोग ने बीमा कंपनी की ओर से क्लेम इस तरह खारिज करने को सेवा में गंभीर लापरवाही माना है। आयोग के अध्यक्ष सुखवीर सिंह मल्होत्रा और सदस्य रवि कुमार की बेंच ने नेशनल इंश्योरेंस कंपनी को निर्देश दिया है कि वह पीड़ित को कार का बीमा



मूल्य (आईडीवी) का 75 प्रतिशत यानी 4.31 लाख रुपये नौ फीसदी वार्षिक ब्याज के साथ अदा करे। इसके अलावा, मानसिक उत्पीड़न के मुआवजे के रूप में 25 हजार रुपये और कानूनी खर्च के रूप में 12,500 रुपये का भुगतान करने के निर्देश भी दिए हैं। इसके साथ ही आयोग ने अपने फैसले में यह भी स्पष्ट कर दिया है कि यदि 30 दिनों के भीतर इस आदेश का पालन नहीं किया गया तो बीमा कंपनी को 12त्न सालाना दर से ब्याज देना होगा। आयोग ने कहा कि नियमों में उलझाकर बीमा कंपनी पीड़ित को उसके हक से वंचित नहीं कर सकती।

## संक्षिप्त समाचार

### माता के भजनों से भक्तिमय हुई रात, जागरण में झूमे श्रद्धालु



बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो। सेक्टर-12 ए और ई स्थित दुर्गापूजा पंडाल में रविवार की देर रात माता जागरण का आयोजन किया गया। माता के जयकारों और भक्ति गीतों से पूरा वातावरण भक्तिमय हो उठा। जागरण में स्थानीय कलाकारों ने एक से बढ़कर एक भजनों की प्रस्तुति देकर श्रद्धालुओं को भक्ति रस में सराबोर कर दिया। देर रात तक श्रद्धालु माता की भक्ति में लीन रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ गाजे-बाजे के साथ माता की ज्योत लाकर किया गया। समाजसेवी आरबी सिंह, पूजा समिति के अध्यक्ष कमलेश राय, सत्येंद्र नारायण सिंह, ओमशंकर सिंह, सियाराम शर्मा और वाल्मीकि जी सहित समिति के सदस्यों ने ज्योत के साथ जागरण का शुभारंभ किया। इसके बाद मां दुर्गा का आह्वान करते हुए भजन-कीर्तन का सिलसिला शुरू हुआ। जागरण के दौरान कलाकारों की मधुर प्रस्तुतियों पर श्रद्धालु झूमते नजर आए। माता के भजनों और जयकारों से पूरा पंडाल गूंजता रहा। आयोजन में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया और माता का आशीर्वाद प्राप्त किया। इस अवसर पर कौशलेंद्र, पंकज, संजय ठाकुर, सत्येंद्र कुमार, ब्रजकिशोर सिंह, प्रवीण सिंह, प्रदीप कुमार, मनोज कुमार, रवि शंकर ओझा, रूपेश सिंह, राहुल तिवारी और चंद्र हंस सिंह सहित सैकड़ों श्रद्धालु उपस्थित थे।

### कोई भी पात्र नागरिक मतदाता सूची में नाम दर्ज कराने से वंचित न रहे : डीसी

**बोकारो के 46 मतदान केंद्रों पर विशेष शिविर, नाम जोड़ने और सुधार कराने में मिलेगी सहायता**

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** जिले में मतदाता सूची में पात्र नागरिकों का नाम दर्ज कराने और सूची में आवश्यक सुधार के लिए 46 मतदान केंद्रों पर विशेष शिविर आयोजित किए जा रहे हैं। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश पर जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-उपायुक्त अजय नाथ झा के निर्देशन में यह अभियान चलाया जा रहा है। शिविरों में मतदाता सूची में नाम जुड़वाने, सुनवाई की प्रक्रिया में सहायता प्राप्त करने और मतदाता सूची में आवश्यक सुधार कराने के लिए संबंधित पदाधिकारी और कर्मी सहयोग कर रहे हैं। उपायुक्त ने पात्र नागरिकों से अपील की है कि यदि उन्हें इन प्रक्रियाओं में किसी प्रकार की परेशानी हो रही है, तो वे संबंधित अधिकारियों से संपर्क कर अपनी समस्या का समाधान करा सकते हैं। इस अभियान के तहत जिले में 46 बूथ लेवल अधिकारी (बीएलओ), पांच सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी (एईआरओ) और तीन निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी (ईआरओ) सहायता के लिए उपलब्ध हैं। नागरिक टोल फ्री नंबर 1950 पर संपर्क कर भी जानकारी और सहायता प्राप्त कर सकते हैं। इसके अलावा ईसीआई नेट के 'बुक अ कॉल विथ बीएलओ' विकल्प के माध्यम से संबंधित बीएलओ से संपर्क किया जा सकता है। उपायुक्त अजय नाथ झा ने कहा कि जिला प्रशासन का लक्ष्य है कि कोई भी पात्र भारतीय नागरिक मतदाता सूची में नाम दर्ज कराने से वंचित न रहे। उन्होंने पात्र नागरिकों से विशेष शिविरों का लाभ उठाने और मतदाता सूची में अपना नाम दर्ज होने की स्थिति सुनिश्चित करने की अपील की।

### वेतन नहीं मिलने पर 108 एंबुलेंस कर्मियों ने किया भिक्षाटन

**बर्खास्त कर्मचारियों की बहाली की मांग**

**धनबाद/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** चार-पांच महीने से वेतन नहीं मिलने और एंबुलेंस की जर्जर स्थिति के विरोध में 108 एंबुलेंस कर्मियों ने सोमवार को सिविल सर्जन कार्यालय के समक्ष भिक्षाटन कर विरोध जताया। झारखंड प्रदेश एंबुलेंस कर्मचारी संघ के बैनर तले आयोजित प्रदर्शन का नेतृत्व एंबुलेंस पायलट दिनेश कुमार यादव ने किया। दिनेश कुमार यादव ने कहा कि लंबे समय से वेतन नहीं मिलने के कारण कर्मचारियों और उनके परिवारों के सामने आर्थिक संकट उत्पन्न हो गया है। संघ ने कंपनी और अधिकारियों पर मनमानी, हाजिरी के नाम पर वेतन कटौती तथा विरोध करने पर तबादले और बर्खास्तगी जैसी कार्रवाई करने का आरोप लगाया। संघ के अनुसार, श्रम विभाग में शिकायत के बाद करीब 20 कर्मचारियों को नौकरी से हटा दिया गया। स्वास्थ्य मंत्री के आश्वासन के बावजूद उनकी बहाली नहीं हुई है। कर्मियों ने जिले में एंबुलेंस की बदहाली पर भी चिंता जताई। उनका दावा है कि जिले में कुल 36 एंबुलेंस हैं, लेकिन इनमें केवल चार-पांच ही किसी तरह चल रही हैं। कई वाहनों के टायर घिस चुके हैं तथा स्टेपनी, ऑक्सीजन व्यवस्था और बॉडी की स्थिति भी खराब है। इसके बावजूद कर्मचारी जोखिम उठाकर मरीजों की सेवा कर रहे हैं। संघ ने सरकारी स्तर पर वेतन भुगतान की व्यवस्था करने, बर्खास्त कर्मचारियों की बहाली तथा ईपीएफ, ईएसआईसी, ओवरटाइम, ग्रेच्युटी और न्यूनतम वेतन सुनिश्चित करने की मांग की। कर्मियों ने चेतावनी दी कि मांगें पूरी नहीं होने पर आंदोलन को और तेज किया जाएगा।



### दुगार्पूजा से पहले धनबाद को राहत, महीनों बाद चालू हुई केंदुआ-बोकारो मुख्य सड़क

**धनबाद/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** भू-धंसान के कारण पिछले कई महीनों से बंद पड़ी केंदुआ-बोकारो मुख्य सड़क को आखिरकार आम लोगों के आवागमन के लिए खोल दिया गया। दुगार्पूजा से पहले सड़क चालू होने से स्थानीय निवासियों, दुकानदारों, व्यवसायियों और रोजाना इस मार्ग से गुजरने वाले लोगों को बड़ी राहत मिली है। झारखंड विधानसभा के सचेतक सह धनबाद विधायक राज सिन्हा ने केंदुआ पहुंचकर नारियल फोड़ने और फीता काटने के बाद सड़क को आमजनों के लिए समर्पित किया। सड़क बंद रहने के कारण क्षेत्र के लोगों को आवागमन में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था। इसका असर स्थानीय व्यापार और रोजमर्रा की गतिविधियों पर भी पड़ रहा था। लंबे समय से सड़क खुलने की प्रतीक्षा कर रहे लोगों को अब राहत मिलने की उम्मीद है। इस मौके पर विधायक राज सिन्हा ने कहा कि जनता की समस्याओं को अपनी समस्या समझना और उनके समाधान के लिए लगातार प्रयास करना जनप्रतिनिधि की जिम्मेदारी है। उन्होंने बताया कि सड़क बंद रहने से लोगों और व्यवसायियों को हो रही परेशानी को देखते हुए उन्होंने कई बार आंदोलन किया। साथ ही जिला प्रशासन और बीसीसीएल प्रबंधन से सड़क की मरम्मत कराकर आवागमन बहाल करने की मांग की थी। विधायक के अनुसार, संबंधित अधिकारियों से लगातार बातचीत कर काम में तेजी लाने का प्रयास किया गया।



# दो सिलाई मशीनों से सलमा ने खड़ा किया लाखों का कारोबार

**पांच महिलाओं को दिया रोजगार**



**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** बोकारो जिले के नावाडीह प्रखंड के सुरही गांव की सलमा प्रवीन महिला उद्यमिता की मिसाल बनकर उभरी हैं। उन्होंने 23 जुलाई 2022 को दो सिलाई मशीनों से अपने काम की शुरूआत की थी। अपनी मेहनत, हुनर और लगन के दम पर आज उन्होंने सलमा सिलाई सेंटर को सफल व्यवसाय का रूप दे दिया है। उनके उद्यम का वार्षिक व्यावसायिक टर्नओवर करीब आठ से दस लाख रुपये तक पहुंच गया है। सलमा के सिलाई सेंटर में मुख्य रूप से थोक स्तर पर महिला परिधानों की सिलाई की जाती है। उनके यहां तैयार कपड़ों की मांग बेरमो-फुसरो, ईसरी-डुमरी, गोमो-धनबाद और चास-बोकारो के बाजारों में है। इस उद्यम से पांच अन्य महिला कारीगरों को भी रोजगार मिला है, जिससे उनके परिवारों की आजीविका को सहारा मिल रहा है। सलमा प्रवीन झारखंड स्टेट लाइवलीहुड प्रमोशन सोसाइटी के तहत चांद आजीविका सखी मंडल से जुड़ी हैं। इसके अलावा वह राम रहीम आजीविका महिला ग्राम संगठन और नावाडीह आजीविका महिला संकुल संगठन से भी संबद्ध हैं। सखी मंडल से जुड़ाव और स्वरोजगार के प्रति उनकी प्रतिबद्धता ने उन्हें आर्थिक मजबूती के साथ सामाजिक पहचान भी दिलाई है। बोकारो के उपायुक्त अजय नाथ झा ने सलमा प्रवीन की सफलता को ग्रामीण महिला सशक्तीकरण और स्वरोजगार की दिशा में प्रेरणादायक बताया। उन्होंने कहा कि ग्रामीण महिलाओं को आजीविका के बेहतर अवसर उपलब्ध कराना प्रशासन की प्राथमिकता है। सलमा की उपलब्धि अन्य महिलाओं को भी आत्मनिर्भर बनने और रोजगार के अवसर सृजित करने के लिए प्रेरित करती है।

# जेएनयू प्रकरण को लेकर भाजपा महिला मोर्चा का प्रदर्शन

**कांग्रेस के खिलाफ नारेबाजी**




**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय से जुड़े छात्राओं के कथित यौन उत्पीड़न मामले को लेकर बोकारो में भाजपा महिला मोर्चा ने सोमवार को विरोध प्रदर्शन किया। सेक्टर-2 ए स्थित काली मंदिर से निकाले गए प्रदर्शन में महिला कार्यकताओं ने कांग्रेस और राहुल गांधी के खिलाफ नारेबाजी की। प्रदर्शनकारियों ने मामले में कांग्रेस नेतृत्व से जवाब मांगते हुए संबंधित सांसद के इस्तीफे और कानूनी कार्रवाई की मांग की। भाजपा महिला मोर्चा की जिलाध्यक्ष के नेतृत्व में आयोजित इस विरोध प्रदर्शन में कार्यकताओं ने हाथों में बैनर और तख्तियां लेकर अपना विरोध जताया। पार्टी का कहना है कि छात्राओं के कथित यौन उत्पीड़न जैसे गंभीर मामले में कांग्रेस नेतृत्व को अपना रुख स्पष्ट करना चाहिए। दरअसल, मणिपुर से कांग्रेस सांसद डॉ. अंगोमचा बिमोल अकोइजम पर जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय की 11 छात्राओं ने यौन उत्पीड़न के आरोप लगाए हैं। इस मामले को लेकर राजनीतिक हलकों में भी बयानबाजी तेज हो गई है। आरोपों के मद्देनजर भाजपा ने देशभर में विरोध प्रदर्शन का आह्वान किया है। भाजपा की ओर से इस मामले को लेकर झारखंड के सभी जिलों में प्रदर्शन करने की घोषणा की गई थी। प्रदेश महामंत्री अमर कुमार बाउरी ने पार्टी कार्यकताओं से विरोध प्रदर्शन में शामिल होने का आह्वान किया था। इसी क्रम में बोकारो में महिला मोर्चा की कार्यकताओं ने प्रदर्शन कर अपना विरोध दर्ज कराया। प्रदर्शनकारियों ने मामले की निष्पक्ष जांच और दोषी पाए जाने वालों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की मांग की। उन्होंने कहा कि छात्राओं की शिकायतों को गंभीरता से लिया जाना चाहिए और मामले में न्याय सुनिश्चित किया जाना चाहिए।

# औद्योगिक शांति और बोकारो की प्रगति के लिए बीएसएल की अपील

**विस्तारीकरण में 20 हजार करोड़ रुपये के निवेश से खुलेंगे रोजगार के अवसर, संवाद से समाधान पर जोर**

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** बोकारो स्टील प्लांट (बीएसएल) ने औद्योगिक शांति बनाए रखने और संयंत्र के निर्बाध संचालन में सहयोग की अपील की है। प्रबंधन के अनुसार, बीएसएल केवल एक औद्योगिक प्रतिष्ठान नहीं, बल्कि बोकारो और आसपास के क्षेत्र की अर्थव्यवस्था, रोजगार तथा सामाजिक विकास का प्रमुख आधार है। संयंत्र में प्रत्यक्ष रूप से 20 हजार से अधिक लोगों को रोजगार मिलता है, जबकि बड़ी संख्या में लोग अप्रत्यक्ष रूप से भी इससे जुड़े हैं। प्रबंधन ने कहा कि पूर्व में हुए अवरोधों और विरोध प्रदर्शनों से उत्पादन, वित्तीय प्रदर्शन तथा विस्तार योजनाएं प्रभावित हुई थीं। ऐसे में औद्योगिक माहौल को स्थिर बनाए रखना जरूरी है, ताकि निवेश और विकास की गति बनी रहे।

**अप्रेंटिसों को नियोजन देने की प्रक्रिया**

बीएसएल के अनुसार, उपलब्ध 950 अप्रेंटिसों की सूची में शामिल 204 युवाओं को तीन अक्टूबर तक संविदा के आधार पर कुशल कामगार के रूप में नियोजित किया जा चुका है। वहीं, 50 से अधिक युवा सुरक्षा प्रशिक्षण के बाद नियोजन की प्रक्रिया में हैं। इसके अतिरिक्त, विस्तारीकरण और अन्य परियोजनाओं में आउटसोर्सिंग एजेंसियों के माध्यम से कुल मानवबल का 10 प्रतिशत विस्थापितों के लिए आरक्षित किया गया है।

**20 हजार करोड़ रुपये का निवेश**

प्रबंधन ने बताया कि संयंत्र के विस्तारीकरण के लिए लगभग 20 हजार करोड़ रुपये के निवेश की योजना है। इससे स्थानीय अर्थव्यवस्था को गति मिलने के साथ रोजगार और आधारभूत संरचना के नए अवसर सृजित होने की उम्मीद है। विस्तारीकरण से अप्रेंटिस प्रशिक्षण प्राप्त युवाओं और विस्थापित परिवारों को भी लाभ मिलने की संभावना जताई गई है।

**संवाद से समाधान की अपील**

बीएसएल प्रबंधन ने कहा कि विस्थापितों और युवाओं से जुड़े मुद्दों पर जिला प्रशासन के साथ त्रिपक्षीय वार्ता तथा अप्रेंटिस संघ के साथ सीधी बातचीत में किए गए वादों के प्रति वह गंभीर है। प्रबंधन ने सभी संगठनों से अपील की कि वे अपनी मांगों के समाधान के लिए संवाद का रास्ता अपनाएं और संयंत्र के परिचालन में बाधा उत्पन्न न करें। प्रबंधन ने संयंत्र की सुरक्षा को भी महत्वपूर्ण बताते हुए कहा कि गैस पाइपलाइनों जैसी संवेदनशील व्यवस्थाओं के सुरक्षित संचालन के लिए निर्बाध परिचालन जरूरी है। अपील में कहा गया कि संयंत्र की सुरक्षा और प्रगति से ही बोकारो की आर्थिक समृद्धि जुड़ी है।

# सूचना आयोग में मुख्य सूचना आयुक्त की नियुक्ति की मांग, 15 दिनों का अल्टीमेटम



**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** सूचना का अधिकार अधिनियम, 2005 के 21 वर्ष पूरे होने पर सोमवार को बालीडीह में भारतीय सूचना अधिकार रक्षा मंच की ओर से गोष्ठी आयोजित की गई। इसमें झारखंड राज्य सूचना आयोग की कार्यप्रणाली में सुधार, लंबित द्वितीय अपीलों के निपटारे और मुख्य सूचना आयुक्त की नियुक्ति की मांग उठाई गई। मंच के बोकारो जिला अध्यक्ष दिगम्बर सिंह की अध्यक्षता में आयोजित गोष्ठी में वक्ताओं ने सूचना आयोग की कार्यप्रणाली को अधिक प्रभावी और जवाबदेह बनाने पर जोर दिया। उन्होंने मांग की कि 15 दिनों के भीतर मुख्य सूचना आयुक्त की नियुक्ति की जाए। साथ ही, लंबित द्वितीय अपीलों के निपटारे के लिए 90 दिनों के भीतर कार्ययोजना लागू की जाए। जिला महासचिव शमशाद खान और जिला कोषाध्यक्ष उदय गोस्वामी सहित अन्य वक्ताओं ने कहा कि सूचना का अधिकार आम नागरिकों को सरकारी कार्यों में पारदर्शिता सुनिश्चित करने का महत्वपूर्ण माध्यम है। ऐसे में सूचना आयोग में लंबित मामलों का समयबद्ध निष्पादन आवश्यक है। उन्होंने आयोग की जवाबदेही सुनिश्चित करने और आम लोगों को न्याय दिलाने की दिशा में ठोस कदम उठाने की मांग की।

# सूचनाधिकार पाठशाला, ग्रामीणों को आरटीआई के नियमों की दी गई जानकारी




**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** कसमार नागरिक मंच की ओर से सोमवार को गर्री पंचायत भवन के सभागार में सूचनाधिकार पाठशाला कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें कसमार प्रखंड की विभिन्न पंचायतों से पहुंचे लोगों को सूचना का अधिकार अधिनियम, 2005 के प्रावधानों और इसके इस्तेमाल की प्रक्रिया की जानकारी दी गई। वक्ताओं ने कहा कि आरटीआई आम नागरिकों को शासन-प्रशासन में पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित करने का अधिकार देता है। कार्यक्रम का उद्घाटन सहयोगिनी संस्था के निदेशक गौतम सागर, शिक्षाविद दुर्गा प्रसाद प्रजापति, जैनामोड़ चैंबर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष संजय सिंह, भाकपा माले नेता शकुर अंसारी, आरटीआई कार्यकर्ता नीरज भट्टाचार्य, विवेकानंद स्टडी सेंटर के निदेशक संजय शर्मा और सत्यवर्धन जायसवाल ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। कार्यक्रम में लोगों को सूचना मांगने के नियम, आवेदन लिखने का प्रारूप, संबंधित लोक सूचना पदाधिकारी के पास आवेदन जमा करने तथा निर्धारित समय में सूचना नहीं मिलने पर प्रथम और द्वितीय अपील करने की प्रक्रिया समझाई गई। आरटीआई कार्यकर्ताओं ने कानून के विभिन्न प्रावधानों की जानकारी देते हुए लोगों की जिज्ञासाओं का समाधान भी किया। सहयोगिनी संस्था के निदेशक गौतम सागर ने कहा कि सूचना का अधिकार नागरिकों को सार्वजनिक कार्यों और सरकारी योजनाओं से संबंधित जानकारी प्राप्त करने का कानूनी अधिकार देता है। इसका उद्देश्य किसी व्यक्ति या संस्था को परेशान करना नहीं, बल्कि व्यवस्था में पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित करना है। जैनामोड़ चैंबर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष संजय सिंह ने कहा कि आरटीआई लोकतांत्रिक व्यवस्था में नागरिकों को सशक्त बनाने का महत्वपूर्ण माध्यम है। इसके जरिए सरकारी योजनाओं, विकास कार्यों और सार्वजनिक खर्च से संबंधित जानकारी प्राप्त की जा सकती है। वहीं, शिक्षाविद दुर्गा प्रसाद प्रजापति ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में आरटीआई के प्रति जागरूकता बढ़ने से लोग अपने क्षेत्र में संचालित योजनाओं और विकास कार्यों की वास्तविक स्थिति जान सकेंगे। कार्यक्रम में आरटीआई कार्यकर्ता कमलेश जायसवाल, बरईकला पंचायत समिति सदस्य दिलीप महतो, प्रवीन कुमार, विकास गोस्वामी, किसुन कपरदार, शेखर शरदेंदु, रमेश चंचल, गोलक नाथ ठाकुर, रविशंकर प्रजापति, बजरंगी प्रजापति, रूपेश महतो, मिथिलेश महतो, सनातन महतो, पंकज कपरदार और एनामुल अंसारी सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

# धनबाद कोर्ट परिसर में अधिवक्ता से मारपीट, हंगामा

**सादे लिबास में चेंबर में घुसकर मारपीट करने का आरोप, बार एसोसिएशन ने एसएसपी से की शिकायत**



**धनबाद/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** धनबाद कोर्ट परिसर में सोमवार को अधिवक्ता के साथ कथित मारपीट की घटना के बाद जमकर हंगामा हुआ। आरोप है कि रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) के कुछ जवान सादे लिबास में अधिवक्ता के चेंबर में पहुंचे और उनके साथ मारपीट की। घटना की जानकारी मिलते ही अधिवक्ताओं में आक्रोश फैल गया। बड़ी संख्या में अधिवक्ता मौके पर पहुंच गए। अधिवक्ताओं के पहुंचने पर कथित तौर पर मारपीट में शामिल अन्य लोग वहां से भाग निकले, जबकि एक व्यक्ति को अधिवक्ताओं ने पकड़ लिया। बाद में पुलिस उसे अपने साथ धनबाद थाने ले गई। घटना की सूचना मिलने पर धनबाद थाने की पुलिस समेत कई थानों की पुलिस कोर्ट परिसर पहुंची और मामले की जानकारी ली। धनबाद बार एसोसिएशन के अध्यक्ष राधेश्याम गोस्वामी ने बताया कि घटना की सूचना तत्काल एसएसपी को दी गई थी। इसके बाद एसएसपी के निर्देश पर पुलिस मौके पर पहुंची। उन्होंने घटना को गैरकानूनी बताते हुए इसे न्यायपालिका पर हमला करार दिया। उन्होंने कहा कि अधिवक्ता के साथ मारपीट में शामिल सभी लोगों की पहचान कर उनके खिलाफ कार्रवाई होनी चाहिए। बताया जा रहा है कि अधिवक्ता किसी मामले में आरोपी को आत्मसमर्पण कराने के लिए जा रहे थे। इसी दौरान यह घटना हुई। घटना के बाद बड़ी संख्या में अधिवक्ता धनबाद थाने में जुट गए और पूरे मामले की निष्पक्ष जांच की मांग करने लगे। बार एसोसिएशन के अध्यक्ष ने कहा कि वे पुलिस अधिकारियों से मिलकर मामले में शामिल सभी लोगों की पहचान और उनके खिलाफ उचित कार्रवाई की मांग करेंगे। फिलहाल पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है। घटना में कथित आरपीएफ जवानों की भूमिका और मारपीट के वास्तविक कारणों का पता जांच के बाद ही चल सकेगा।

# बीएसएल में सतर्कता जागरूकता के तहत भाषण और चित्रकला प्रतियोगिता आयोजित



**बोकारो/नवबिहार टाइम्स** ब्यूरो। बोकारो इस्पात संयंत्र के सतर्कता विभाग की ओर से सतर्कता जागरूकता सप्ताह-2026 और तीन माह के विशेष निवारक सतर्कता अभियान के तहत सोमवार को विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए। इस दौरान अधिकारियों एवं कर्मचारियों के साथ संवादात्मक बैठक की गई। वहीं, डीएवी इस्पात पब्लिक स्कूल, सेक्टर-12ई में हिंदी भाषण और चित्रकला प्रतियोगिताओं के माध्यम से विद्यार्थियों को ईमानदारी, नैतिकता और पारदर्शिता का महत्व बताया गया। इस वर्ष अभियान की थीम 'सत्यनिष्ठा से समृद्धि' है। कॉन्ट्रैक्ट सेल (नॉन-वर्क्स) में आयोजित संवादात्मक बैठक की शुरूआत सत्यनिष्ठा की शपथ के साथ हुई। बैठक में निविदा प्रक्रियाओं में पारदर्शिता, कार्य निष्पादन के दौरान आने वाली व्यावहारिक चुनौतियों और संभावित अनियमितताओं की रोकथाम पर चर्चा की गई। अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने प्रक्रियाओं को अधिक प्रभावी और जवाबदेह बनाने के उपायों पर विचार-विमर्श किया। इधर, डीएवी इस्पात पब्लिक स्कूल में आयोजित भाषण और चित्रकला प्रतियोगिताओं में करीब 100 विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रतियोगिताओं के माध्यम से विद्यार्थियों को सत्यनिष्ठा, ईमानदारी और जिम्मेदार आचरण अपनाने के लिए प्रेरित किया गया। हिंदी भाषण प्रतियोगिता में कक्षा दसवीं की पूजा भारती ने प्रथम, संजना रंजन ने द्वितीय और छोटी कुमारी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। रोशनी कुमारी को सांत्वना पुरस्कार के लिए चुना गया। चित्रकला प्रतियोगिता में कक्षा छठी की सृष्टि कुमारी ने प्रथम और सत्य भारती ने द्वितीय स्थान हासिल किया। कक्षा आठवीं की रागिनी कुमारी तीसरे स्थान पर रहीं, जबकि नेहा शर्मा को सांत्वना पुरस्कार के लिए चयनित किया गया। प्रतियोगिता के विजेताओं को सतर्कता जागरूकता सप्ताह-2026 के समापन समारोह में सम्मानित किया जाएगा।

# बोकारो में मिलावटखोरों पर कार्रवाई, 10 किलो रंगीन लड्डू और 8 किलो खराब खोवा नष्ट




**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** त्योहारों के मद्देनजर मिलावटी खाद्य पदार्थों की बिक्री पर रोक लगाने के लिए बोकारो में खाद्य सुरक्षा विभाग ने जांच अभियान तेज कर दिया है। सोमवार को सेक्टर चार, सेक्टर पांच और सेक्टर नौ में करीब 22 खाद्य प्रतिष्ठानों की जांच की गई। इस दौरान अखाद्य रंग से तैयार लगभग 10 किलोग्राम लड्डू और आठ किलोग्राम खराब खोवा नष्ट कराया गया। उपायुक्त और अभिहित अधिकारी सह अपर मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी के निर्देश पर खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी गुलाब लकड़ा, पूजा कुमारी और एम. ए. आलम के नेतृत्व में यह अभियान चलाया गया। जांच के दौरान बिना पंजीकरण या अनुज्ञप्ति के खाद्य कारोबार करने वाले दुकानदारों को नोटिस जारी किया गया। निरीक्षण के दौरान लड्डू में अखाद्य रंग के इस्तेमाल का मामला सामने आया। इसके बाद संबंधित लड्डुओं को नष्ट कराया गया। वहीं, खराब खोवा भी नष्ट कराया गया। इसके अलावा मोतीचूर के लड्डू, पनीर और रसगुल्ले समेत अन्य खाद्य पदार्थों के नमूने लेकर जांच के लिए राज्य प्रयोगशाला, रांची भेजे गए हैं। खाद्य सुरक्षा विभाग ने कारोबारियों को प्रतिष्ठानों में साफ-सफाई बनाए रखने और खाद्य पदार्थों के निर्माण में निर्धारित मानकों का पालन करने का निर्देश दिया है। साथ ही मिठाइयों, पनीर और अन्य खाद्य पदार्थों की खरीद-बिक्री में सावधानी बरतने तथा अखाद्य रंगों का इस्तेमाल नहीं करने की हिदायत दी गई है। विभाग ने स्पष्ट किया है कि खाद्य सुरक्षा संबंधी नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम, 2006 के तहत कार्रवाई की जाएगी। त्योहारों के दौरान लोगों को सुरक्षित और गुणवत्तापूर्ण खाद्य पदार्थ उपलब्ध कराने के लिए जांच अभियान जारी रहेगा।

### सीएसआर का लाभ विस्थापितों को दिलाने के लिए डीवीसी ने ग्रामीणों के साथ की बैठक

**चंद्रपुरा/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** दामोदर घाटी निगम चंद्रपुरा ताप विद्युत केंद्र प्रबंधन और नैगम सामाजिक दायित्व विभाग के अधिकारियों ने डीवीसी के विस्थापितों को हर संभव मदद करने का आश्वासन दिया है। यहां के भुरसाबाद में विस्थापितो के साथ डीवीसी के उप महाप्रबंधक नीरज सिन्हा और सी एस आर के अधिकारियों ने बैठक कर विस्थापितों की समस्या को समाधान का आश्वासन दिया। डीवीसी के अधिकारियों ने कहा कि नैगम सामाजिक दायित्व विभाग का हर लाभ ग्रामीणों को दिया जाएगा। इस अवसर पर अपनी समस्याओं का उल्लेख किया और कहा कि डीवीसी ने विस्थापितों को काफी लाभ पहुंचाया है। भुरसाबाद के डीवीसी सामुदायिक भवन में ग्रामीण महिलाओं और पुरुषों के साथ बैठक में ग्रामीणों की समस्याओं पर उप महाप्रबंधक प्रशासन श्री सिन्हा ने गंभीरता पूर्वक विचार किया और स्थानीय स्तर पर इसका समाधान होने वाले समस्याओं का 15 दिनों के भीतर अविलंब निदान करने का आदेश दिया।

# मतदाता सूची पुनरीक्षण के लिए विशेष शिविर

**16 अक्टूबर तक चलेगा अभियान**



**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान के तहत सोमवार को बोकारो जिले के विभिन्न मतदान केंद्रों पर विशेष शिविर लगाए गए। इन शिविरों में पात्र नागरिकों को मतदाता सूची में नाम दर्ज कराने, नोटिस की सुनवाई और आवश्यक प्रमाण पत्रों से संबंधित कार्यों में सहायता दी गई। जिला प्रशासन के अनुसार, यह अभियान 16 अक्टूबर तक जारी रहेगा। शिविरों की व्यवस्था और कार्यों की निगरानी के लिए निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी तथा सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारियों ने विभिन्न मतदान केंद्रों का निरीक्षण किया। अधिकारियों ने प्रतिनियुक्त कर्मियों के कार्यों और मतदाताओं को उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं का जायजा लिया। सेक्टर-6 स्थित इमैनुएल लॉ कॉलेज में विशेष शिविर के साथ मेगा शिविर का आयोजन किया गया। वहीं, ट्रांसजेंडर मतदाताओं की भागीदारी सुनिश्चित करने के उद्देश्य से रामनगर, चास में भी शिविर लगाया गया। इसके अलावा भोजूडीह के कुष्ठपाड़ा और राजकीयकृत मध्य विद्यालय स्थित मतदान केंद्रों सहित जिले के अन्य स्थानों पर भी मतदाताओं को सहायता उपलब्ध कराई गई। शिविरों में मतदाता सूची में नाम जोड़ने के लिए प्रपत्र-6 के माध्यम से ऑनलाइन और ऑफलाइन आवेदन की सुविधा दी गई। विशेष गहन पुनरीक्षण के तहत नोटिस प्राप्त करने वाले मतदाताओं की निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार सुनवाई भी की जा रही है। आवश्यक प्रमाण पत्रों के लिए आवेदन लेकर संबंधित अंचल अधिकारी के कार्यालय भेजने की व्यवस्था की गई है। साथ ही निर्धारित 11 दस्तावेजों से संबंधित जानकारी और मार्गदर्शन भी उपलब्ध कराया जा रहा है। जिला प्रशासन ने पात्र नागरिकों से अपील की है कि वे 16 अक्टूबर तक आयोजित विशेष शिविरों में पहुंचकर मतदाता सूची से संबंधित आवश्यक कार्य पूरे कराएं, ताकि कोई भी पात्र मतदाता पंजीकरण से वंचित न रहे।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक कमल किशोर द्वारा नवबिहार टाइम्स प्रिंटिंग प्रेस बियाडा परिसर, जसोइया, औरंगाबाद से मुद्रित तथा प्लॉट नंबर-31, कॉपरेटिव कॉलोनी, बोकारो स्टील सिटी, जिला बोकारो (झारखंड) से प्रकाशित।
संपादक- कमल किशोर, नवबिहार टाइम्स (दैनिक), सत्येंद्र नगर, औरंगाबाद (बिहार), स्थानीय संपादक : मनोज विशाल
फोन नंबर- 9431145865 7295863300
आर.एन.आई. पंजीकरण संख्या : JHAHIN/2017/72655
E-mail- nbtimesbihar@gmail.com

CMYK